दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL
# भारत देश हमारा
Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
करनाल
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी
संपादक - डा.के.के.संधू
प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 8 अंक 178 रविवार 29 जून, 2025
Sunday 29 June,2025 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## जम्मू में सड़क से फिसलकर खाई में गिरा ट्रक, दो की मौत

श्रीनगर 28 जून (निस) जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और यह नचिलाना इलाके में गहरी खाई में गिर गया। मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पीएम मोदी ने स्पेस स्टेशन पर मौजूद शुभांशु शुक्ला से की बातचीत



नई दिल्ली, 28 जून (निस): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (28 जून) को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की, जो एक ऐतिहासिक क्षण था क्योंकि भारतीय वायु सेना (IAF) के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय बन गए। एक्सिओम स्पेस के एक्स-4 मिशन के हिस्से के रूप में उनकी यात्रा को वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर माना जा रहा है।

**1984 के बाद से आई.एस.एस. पर पहुंचने वाले पहले भारतीय** - एक्सिओम( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## ईरान के विदेश मंत्री की जयशंकर के साथ बातचीत, हालात पर चर्चा की

### भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए मंत्री का आभार जताया



नई दिल्ली, 28 जून (निस) भारतीय विदेश मंत्री की बातचीत ईरान के विदेश मंत्री से हुई है। ईरानी विदेश मंत्री ने एस जयशंकर को मौजूदा हालात के बारे में जानकारी दी है। बातचीत के बारे में खुद जयशंकर ने पोस्ट करके लिखा है कि शनिवार दोपहर ईरानी विदेश मंत्री अरागची से बात की। मौजूदा जटिल स्थिति में ईरान के दृष्टिकोण और सोच को साझा करने के लिए उनकी सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में मदद करने के लिए उनका (अराघची को) धन्यवाद। यानी की ईरान ने अपना स्टैंड फोन करके भारत को साफ तौर पर बात दिया है। ईरान ने पूरे मामले की जानकारी दी है। इस मामले में भारत शुरु से ही कह रहा था कि स्थिति चिंताजनक है और ईरान व इजरायल दोनों ही उनके मित्र देश हैं। इसके बाद दोनों देशों को अगर बातचीत करनी है, तब भारत उसमें अपनी भूमिका निभा सकता है। इतना ही नहीं दोनों देशों से भारत ने डिस्क्लेशन की अपील कर कहा था कि दोनों देश बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए अपने मसले को सुलझा ले। यही ज्यादा बेहतर होगा। हालांकि ईरान बार बार कह रहा है कि वहां अपना परमाणु कार्यक्रम बंद नहीं करेगा। वहीं अमेरिका और इजरायल इस बात पर अडिग हैं कि ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद करना ही होगा। यही सब तनाव के कारण लगातार स्थिति बिगड़ती चली गई और मामला युद्ध तक चला गया। इधर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से फोन पर बात की। दोनों के बीच बातचीत का केंद्र बिंदु ईरान का परमाणु( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## भारत सेवा प्रधान देश,जीवंत सभ्यता का प्रतीक - पीएम मोदी, 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से हुए सम्मानित




नई दिल्ली 28 जून (निस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित आचार्य विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जैन समुदाय द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में आचार्य विद्यानंद जी महाराज को भारत की अध्यात्म परंपरा का प्रकाश स्तंभ बताया और उनके जीवन और विचारों को देश की सांस्कृतिक चेतना का अमूल्य हिस्सा कहा। मोदी ने कहा, कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है, क्योंकि हमारे विचार, चिंतन और दर्शन अमर हैं। हमारे ऋषि-मुनि, संत और आचार्य इस परंपरा के स्रोत रहे हैं और आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज इसी परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। सम्मानित किए जाने पर पीएम मोदी ने मंच से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि को प्रसाद की तरह स्वीकार करते हैं और उसे भारत माता के चरणों में अर्पित करते हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 28 जून, 1987 को ही आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज को आचार्य पद की उपाधि प्राप्त हुई थी, जिससे यह तिथि और भी विशेष बन जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने आचार्य जी के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा- जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब वह सेवामय हो। यही विचार भारत की आत्मा से जुड़ा है, और यही सेवा भावना भारत को मानवता प्रधान राष्ट्र बनाती है। पीएम मोदी ने भारत की अहिंसा, सेवा और सह-अस्तित्व की परंपरा पर बल देते हुए कहा कि जब दुनिया हिंसा से हिंसा को समाप्त करने की कोशिश कर रही थी, तब भारत ने अहिंसा को समाधान के रूप में प्रस्तुत किया। इस गरिमामय कार्यक्रम में अनेक साधु-संतों समेत जैन धर्मावलंबियों और गणमान्य नागरिकों की( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात



गांधीनगर 28 जून (निस) भारत के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राजभवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों गणमान्यों ने गुजरात समेत पूरे देश में जैविक खेती के विस्तार और सहकारिता क्षेत्र की भूमिका पर गहन चर्चा की। राज्यपाल ने अमित शाह को गुजरात में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में चल रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राज्य में जनभागीदारी( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## संविधान की प्रस्तावना में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़



नई दिल्ली,28 जून (निस) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में कोई परिवर्तन नहीं हो सकता, क्योंकि यह वह बीज है जिस पर यह सारा दस्तावेज विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी अन्य संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लेकिन इस प्रस्तावना को 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम द्वारा बदला गया था। उन्होंने कहा कि इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े थे। धनखड़ ने कहा कि बी आर अंबेडकर ने संविधान पर बहुत मेहनत की और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी भी देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ। उपराष्ट्रपति धनखड़ का यह बयान पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में उनकी टिप्पणी आरएसएस द्वारा संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने के आह्वान के बाद आई है। संघ ने कहा कि इन्हें आपातकाल के दौरान शामिल किया था और ये अंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा कभी नहीं थे।कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संघ महासचिव दत्तात्रेय होसबोले द्वारा इस बात पर राष्ट्रीय बहस के आह्वान की आलोचना की है कि क्या धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं। आपातकाल के दिनों (1975-77) के दौरान संविधान की प्रस्तावना में शामिल किए गए दो शब्दों की समीक्षा के लिए होसबोले की जोरदार वकालत ने राजनीतिक विवाद को जन्म दिया।

## बड़ा हादसा टला: चित्तेरी स्टेशन पास ट्रेन पटरी से उतरी, टूटा मिला ट्रैक



रानीपेट 28 जून (निस) तमिलनाडु के रानीपेट जिले में एक ट्रेन पटरी से उतर गई। जिसके बाद वहां अफरातफरी मच गई। जिले के चिट्टेरी रेलवे स्टेशन पर अराकोणम-कटपडी मेमू पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। हालांकि इस घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि ट्रेन के चित्तेरी स्टेशन से रवाना होने के कुछ समय के बाद पटरी से उतर गई। प्रत्यक्षदर्शियों और शुरुआती जांच में पता चला है कि लोको पायलट द्वारा ट्रेन को तुरंत रोकने से पहले तेज आवाज सुनी गई। लोको पायलट बिना देर किए ट्रेन को रोका जिससे सैकड़ों लोगों की जान बच गई और एक बड़ा हादसा होने से टल गया।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटनास्थल की तस्वीरें सामने आई है, उसे देखकर( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## 'कांटा लगा' फेम अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का निधन, कार्डियक अरेस्ट बना कारण



मुम्बई 28 जून (निस) बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन की खबर ने सभी को हैरान और दुखी कर दिया है। 'कांटा लगा' सॉन्ग से रातों-रात फेमस हुई शेफाली का यूं अचानक जाना इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा नुकसान है। उनके चाहने वालों के लिए यह खबर किसी झटके से कम नहीं है। 42 साल की शेफाली ने अपने इंस्टाग्राम पर आखिरी बार तीन दिन पहले एक सिल्वर जंपसूट में तस्वीर शेयर की थी। उन्होंने उसमें आत्मविश्वास से भरा पोज़ दिया था और कैप्शन लिखा था - ब्लिंग इट ऑन, बेबी। अब यही तस्वीर फैंस के लिए एक खूबसूरत लेकिन दर्दभरी याद बन चुकी है। अस्पताल में शेफाली के पति का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं, उनके करीबी दोस्त जैसे मीका सिंह, अली गोनी और दिव्यांका त्रिपाठी ने भी सोशल मीडिया पर भावुक होकर अपनी प्रतिक्रिया दी। सभी ने उनके अचानक हुए निधन पर गहरा दुख जताया। शेफाली के जाने से फैंस को बिग बॉस 13 के उनके साथी सिद्धार्थ शुक्ला की याद आ गई, जिनका निधन भी कार्डियक अरेस्ट से हुआ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## सिंधु जल समझौते पर पाकिस्तान की नापाक मंशा पर भारत ने फेर दिया पानी

नई दिल्ली,28 जून (निस) पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी इरादों को लेकर उसे सबक सिखाने के लिए भारत ने लगभग हर मोर्चे पर जोरदार ढंग से स्ट्राइक की है। इसी क्रम में पड़ोसी देश की सिंधु जल समझौते पर बनी हुई नापाक मंशा पर पूरी तरह से पानी फेरते हुए भारत ने वर्ष 1960 में हुए इस समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को पूरी तरह से अवैध करार दिया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए दी। जिसमें बताया कि भारत ने न केवल उक्त गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को अवैध बताया है। बल्कि उसके द्वारा जम्मू-कश्मीर के किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं की क्षमता को लेकर जारी किए गए एक तथाकथित पूरक आदेश को भी सिरे से खारिज कर दिया गया है। मंत्रालय के मुताबिक, तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय द्वारा 27 जून को भारत के केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में एक आदेश पारित किया गया था। जिसे हमने अस्वीकार करते हुए खारिज कर दिया है। भारत ने कभी भी इस तथाकथित न्यायालय के( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश से मिली उमस से राहत,अगले सप्ताह तक कई राज्यों में अलर्ट



नई दिल्ली, 28 जून (निस) देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को झमाझम बारिश हुई, इससे लंबे समय से उमस और गर्मी झेल रहे दिल्लीवासियों को बड़ी राहत मिली। दोपहर बाद शुरू हुई तेज बारिश ने तापमान में गिरावट लाकर मौसम सुहावना हो गया।भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट और अन्य इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया था। विभाग ने हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं और बिजली गिरने की संभावना जाहिर की थी, जो दोपहर बाद सही साबित हुई। तेज बारिश से दिल्ली के आरकेपुरम, पालम, सेंट्रल दिल्ली, द्वारका, कालकाजी, मालवीय नगर, वसंत कुंज, महरौली, तुगलकाबाद सहित कई क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति बनी। वहीं, इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर यात्रियों को बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा।

**तेज हवाओं की चेतावनी**

मौसम विभाग( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल में विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान - मुख्यमंत्री

### महिलाओं ने निभाई आपातकाल में लोकतंत्र प्रहरी की भूमिका-नायब सिंह सैनी




**आपातकाल में महिलाओं ने अत्याचारों का किया डटकर सामना**

चंडीगढ़, 28 जून (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों पर जितने अत्याचार हुए उतने ही अत्याचार महिलाओं ने सहन किए और इस काले दौर का डटकर वीरता से सामना किया। महिलाओं ने राष्ट्रहित में जो लोकतंत्र प्रहरी के रूप में योगदान दिया वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आह्वान किया कि लोकतंत्र के काले अध्याय को जन-जन तक पहुंचाया जाए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां इसे याद रखे और इसके प्रति सचेत रहे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिहं सैनी शनिवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सभागार में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित महिला मॉक पार्लियामेंट में सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मॉक पार्लियामेंट की कार्यवाही भी देखी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को समर्पित यह मॉक पार्लियामेंट सेशन आपातकाल के दौरान महिलाओं पर हुए अत्याचार को याद करते हुए उनके त्याग को सलाम करने का दिन है। उन्होंने आपातकाल में अत्याचार का विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वालो में प्रदेश अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संगठन श्री महावीर भारद्वाज, श्री एस.बी. गुप्ता और श्रीचंद गुप्ता शामिल रहे।

**लोकतंत्र की हत्या करने वालों के खिलाफ महिलाओं की भूमिका सराहनीय** - श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब देश में आपातकाल लगाया गया उस समय न तो देश में कोई अस्थिरता थी और न ही कोई प्राकृतिक आपदा थी परंतु कांग्रेस की सरकार द्वारा अपनी स्वार्थ पूर्ति व संकुचित मानसिकता के लिए देश के लोगों पर जबदस्ती आपातकाल को थोपा गया। आज से 50 वर्ष पूर्व लगे आपातकाल में केवल राजनीतिक अधिकारों का ही हनन नहीं हुआ बल्कि महिलाओं( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## मार खाने के बाद भी नहीं सुधरा पाकिस्तान तबाह हुए आतंकी ठिकानों को बसा रहा



नई दिल्ली 28 जून (निस) भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों को पाकिस्तान फिर से खड़ा करने में जुट गया है। यह साफ संकेत है कि पाकिस्तान न सिर्फ आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि सरकारी स्तर पर इसका समर्थन भी कर रहा है। हाल ही में भारतीय सेना ने पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और पंजाब बॉर्डर के पास मौजूद जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के आतंकवादी अड्डों पर सटीक हमले किए। रिपोर्ट के मुताबिक, पाक सरकार और सेना मिलकर आतंकवादियों के लिए नई इमारतें खड़ी कर रही है। फंड की व्यवस्था आईएसआई और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की देखरेख में हुई है। करीब 40 करोड़ का सरकारी फंड इन निर्माण कार्यों में लगा है। बात दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हमलों में घायल हुए आतंकियों से मिलने पाकिस्तान के दो मंत्री तनवीर हुसैन और बिलाल यासीन खुद पहुंचे थे। उन्होंने मारे गए आतंकियों को शहीद बताकर कहा कि इनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। यह सीधे-सीधे आतंकी संगठनों के प्रति सरकारी समर्थन और सहानुभूति को दर्शाता है।

**भारत का क्या संदेश है?**

भारत ने पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमा पार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। सिंधु जल संधि हो या अंतरराष्ट्रीय मंच भारत अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर रहा है।अब यह बात साफ हो गई है कि पाकिस्तान सुधारने को तैयार नहीं है, चाहे कितनी भी सैन्य कार्रवाई क्यों न हो। पाकिस्तान द्वारा आतंक के खात्मे के बजाय, फिर से खड़ा करने के प्रयास, भारत के खिलाफ उसकी नियत को साफ उजागर करते हैं।ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी सेना और सरकार को बड़ा झटका जरूर दिया, लेकिन उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया। भारत के लिए यह एक संकेत है कि सतर्क रहना और कड़े कदम उठाना अभी खत्म नहीं हुआ है।

## पृष्ठ एक का शेष...

**भारत सेवा प्रधान देश,जीवंत सभ्यता का प्रतीक -पीएम मोदी, 'धर्म ...** उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री ने अंत में आचार्य विद्यानंद जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके आशीर्वाद की कामना की।

**बड़ा हादसा टला: चित्तेरी स्टेशन पास ट्रेन पटरी से ...** पता चल रहा है कि ट्रेन के पटरी से उतरने की जगह पर रेलवे ट्रैक का एक हिस्सा टूटा हुआ दिखाई दे रहा है। घटनास्थल पर मौजूद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी को कोई चोट या नुकसान नहीं पहुंचा है। इस घटना के बाद दक्षिणी रेलवे ने ट्रेन सेवाओं में व्यवधान की सीमा या पूर्ण बहाली के अनुमानित समय के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। घटना के बाद ट्रैक की मरम्मत का कार्य जारी है और रेलवे कर्मचारी और आपातकालीन दल मौके पर संरचनात्मक क्षति का आकलन करने पहुंचा। बता दें इससे पहले साल 2011 में चित्तेरी के पास दो ट्रेनों के बीच टक्कर हो गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 70 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

**गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की राज्यपाल ...** से प्राकृतिक खेती के लिए जनआंदोलन तेजी से बढ़ रहा है। इस अवसर पर अमित शाह ने गुजरात में चल रहे प्राकृतिक खेती अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य न केवल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि भूमि, जल और पर्यावरण की रक्षा के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपाय है।

**सिंधु जल समझौते पर पाकिस्तान की नापाक मंशा पर....** अस्तित्व को मान्यता प्रदान नहीं की है। जिसके चलते हमारा मानना है कि इस मध्यस्थता न्यायालय का गठन सिंधु जल समझौते का उल्लंघन है और इसके सामने की गई कोई भी कार्रवाई या न्यायालय द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय या आदेश वैध नहीं है। भारत का मानना है कि पाकिस्तान के इशारे पर रचा गया यह पूरा नाटक, आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में अपनी जवाबदेही से बचने का हताशाभरा एक प्रयास मात्र है। जिसमें वह इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय के तंत्र का सहारा लेकर वैश्विक मंचों पर दशकों से चली आ रही अपनी धोखाधड़ी और हेराफेरी की पुरानी आदतों को ही साफ तौर पर दर्शाता हुआ नजर आ रहा है।

**इस वक्त तक स्थगित रहेगा समझौता** – मंत्रालय ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने वैश्विक कानून के तहत बतौर एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए सिंधु जल समझौते पर अमल को तब तक स्थगित कर दिया है। जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय रूप से अपना समर्थन देना बंद नहीं करता है। भारत अब इस समझौते के तहत अपनी किसी भी जिम्मेदारी का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त न्यायालय के अलावा मध्यस्थता के किसी भी अन्य न्यायालय के पास भारत के संप्रभु अधिकारों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है।

## साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930 : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 28 जून ( सुदेश कुमार ):** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें।


### सूचना

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

### पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

### सूचना

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

### सदा आपके साथ

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

### आवश्यक सूचना

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें। कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227


**ईरान के विदेश मंत्री की जयशंकर के साथ ...** कार्यक्रम और क्षेत्रीय स्थिरता रहा।अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बताया कि मंत्री रुबियो ने कहा कि ईरान किसी भी सूरत में परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता। बातचीत में इजरायल-ईरान संघर्ष में स्थायी शांति के प्रयासों पर भी सहमति बनी। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका की सराहना कर कहा कि ट्रंप ने ईरान-इजरायल संघर्ष में सीजफायर लाने में अहम भूमिका निभाई। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान मध्य पूर्व में शांति बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देगा।

**भारत का स्पष्ट रुख** – वहीं भारत ने दो टूक कहा है कि वह किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि भारत किसी भी मुद्दे पर स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है। पश्चिम एशिया में जारी अस्थिरता के बीच भारत, अमेरिका, ईरान और पाकिस्तान की कूटनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

**'कांटा लगा' फेम अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का निधन,...** था। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, पहले सिद्धार्थ शुक्ला और अब शेफाली जी... दिल हैरान है। वहीं दूसरे ने लिखा, यह दिल तोड़ने वाली सच्चाई है। बता दें कि 2000 के दशक की पहली लवली वाइब्स बन चुके 'कांटा लगा' वाली शेफाली शादी के बाद ज्यादा लाइमलाइट में नहीं रहीं। 2014 में पराग त्यागी से विवाह कर उन्होंने शोबिज लाइफ से दूरी बना ली थी, लेकिन बिग बॉस करने के बाद वह समय-समय पर वे कैमरे की सामने आती रहती थी।

**शेफाली जरीवाला के अचानक निधन से टूटा परिवार**

कांटा लगा गर्ल के नाम से मशहूर शेफाली जरीवाला का बीती रात (27 जून, 2025) अचानक चल बसे। इस दुखद खबर ने मनोरंजन जगत के साथ-साथ उनके घर में भी पलक झपकते ही सब कुछ बदल दिया। केस में बयान देते हुए पता चला कि उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी और पति पराग त्यागी ने उन्हें तुरंत लॉबीव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल पहुंचाया—लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पराग का बेहद भावुक पल-अस्पताल से निकलते हुए पराग त्यागी का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वे कार की फ्रंट सीट पर बैठे हुए दिख रहे हैं। चेहरे पर ग़म और निराशा साफ झलक रही थी। जब उनके परिवार में अन्य लोग रिकॉर्डिंग के लिए पहुंचे, तब पराग ने कांपते हाथों से अपने नम आँसुओं को छिपाने की कोशिश की—वहीं पत्रकारों के कैमरों को पहचानते ही उन्होंने पीछे मुड़ कर जवाब देना ही मुनासिब समझा।

**मौत का कारण अभी भी साफ़ नहीं** – शेफाली के अचानक निधन की असल वजह अभी भी अंधकार में है। हालांकि प्रारंभिक रिपोर्ट्स कह रही हैं कि यह एक हार्ट अटैक के चलते हुआ हो सकता है। लेकिन डॉक्टरी जांच की अंतिम रिपोर्ट अभी बनी नहीं है।

**दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश से मिली उमस से राहत...** ने बताया कि कई क्षेत्रों में 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे पेड़ों के नीचे न खड़े हों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सावधानी बरतें।

**यूपी और राजस्थान में भी असर** – उत्तर प्रदेश के वाराणसी, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद जैसे जिलों में भी बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। राजस्थान के अलवर, कोटपुतली, भरतपुर, धौलपुर में भी मौसम में बदलाव देखा गया।

**सात दिन का अलर्ट**-देश के कई हिस्सों में मानसून अब पूरी रफ्तार पकड़ चुका है। कहीं झमाझम बारिश हो रही है तो कहीं लोग अब भी गर्मी से बेहाल हैं। इसी बीच भारतीय मौसम विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने अगले कुछ दिनों के लिए देशव्यापी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 27 जून से 3 जुलाई तक कई राज्यों में तेज़ बारिश, तेज़ हवाएं और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। इन राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जिन राज्यों में भारी बारिश की आशंका है, उनमें शामिल हैं- कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात – 27 जून से 3 जुलाई तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश।
तमिलनाडु – 27 और 28 जून को कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा।
कर्नाटक – पूरे सप्ताह कई इलाकों में भारी बारिश की आशंका।
केरल और तेलंगाना – 29 जून से 3 जुलाई के बीच बारिश की तीव्रता बढ़ेगी। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड – इस सप्ताह बारिश के साथ तेज़ हवाएं चलने की संभावना। उत्तर प्रदेश – 29 जून से 2 जुलाई के बीच कई जगह भारी बारिश।मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, बिहार, बंगाल, सिक्किम – इन राज्यों में पूरे सप्ताह बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।पूर्वोत्तर राज्य – तेज़ बिजली गिरने और मूसलधार बारिश की संभावना; 1 जुलाई को अरुणाचल और 2 जुलाई को नागालैंड पर खास नजर।हल्की से मध्यम बारिश और तेज़ हवाएं कहां चलेंगी?
इन इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती हैराजस्थान में मानसून दस्तक दे चुका है और गर्मी से राहत मिल रही है।पूर्वी राजस्थान में 27 जून से 3 जुलाई के बीच कुछ जगहों पर भारी बारिश संभव है।पश्चिमी राजस्थान में भी 27-29 जून के दौरान बारिश के आसार हैं, साथ ही आंधी और बिजली का भी खतरा रहेगा।

**पीएम मोदी ने स्पेस स्टेशन पर मौजूद शुभांशु ...** मिशन 4 (एक्स-4) के पायलट के रूप में कार्यरत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में जाने वाले 634वें व्यक्ति और आईएसएस के अंदर कदम रखने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है। अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले आखिरी भारतीय 1984 में राकेश शर्मा थे, लेकिन शुक्ला अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करने वाले पहले व्यक्ति हैं। शुक्ला ने आगमन पर अपनी खुशी और भावना साझा करते हुए कहा कि इस सुविधाजनक स्थान से पृथ्वी को देखना एक विशेषाधिकार है। जिस क्षण मैंने आईएसएस में प्रवेश किया, मुझे लगा कि मेरा स्वागत किया गया है। यह एक शानदार यात्रा रही। मेरी जो अपेक्षाएँ थीं, वे उससे कहीं अधिक थीं।

**मेरे कंधे पर तिरंगा करोड़ों सपनों का प्रतिनिधित्व करता है** – भारत के नाम अपने संदेश में हिंदी में बोलते हुए शुक्ला ने हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके प्यार और आशीर्वाद के कारण ही मैं सुरक्षित रूप से आईएसएस तक पहुंच पाया हूं... मेरे कंधे पर जो तिरंगा है, उससे मुझे ऐसा महसूस होता है जैसे पूरा देश मेरे साथ है। उन्होंने कहा कि अगले 14 दिन विज्ञान और अन्वेषण को समर्पित होंगे, और नागरिकों से उनके साथ जुड़ने का आग्रह किया।

**जम्मू में सड़क से फिसलकर खाई में ...** ने बताया कि ट्रक चालक और खलासी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। चालक की पहचान उधमपुर के राजू के रूप में हुई है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और यह नचिलाना इलाके में गहरी खाई में गिर गया।

# ब्लाइंड मर्डर मामले में आरोपी गिरफ्तार, चाकू मारकर की थी हत्या




**हांसी, 28 जून ( मनमोहन शर्मा ):** एस.पी अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार जिला भर अपराधो पर लगाम लगाते हुए स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर मामले की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी सुमित पुत्र शंकर लाल निवासी अगराह जिला जमुई बिहार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 31.12.2024 को शिकायकर्ता वेदप्रकाश निवासी कापडो, जिला हिसार का बेटा प्रवीण घर से लापता होने पर थाना नारनौंद में दिनांक 17.01.2025 को शिकायत प्राप्त हुई थी। दिनांक 17.01.2025 को नारनौंद थाना में गुमशुद्दगी का मामला दर्ज हुआ था। जिस मामलें में भर्षक प्रयास किए गए। गुमशुद्दा व्यक्ति के बारे में कोई सुराग नही मिले। फिर मामलें की गम्भीरता को देखते हुए जांच स्पेशल स्टाफ पुलिस को सौंप दी थी। मामले की विभिन्न तकनिकी पहलुओ पर सघन जांच की गई। गुमशुद्दा की तलाश हेतु टीम को जिला जमालपुर बिहार में रवाना किया गया। दौराने जांच मामले में संदिग्ध बिहार के जमुई जिला के अगराहा गांव निवासी सुमित को हिरासत में लेकर पुछताछ की तो प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक प्रवीन प्रिया भारती नाम की औरत से गुरूग्राम में मिला था। जिनका आपस में रुपए का लेन देन था। प्रवीन ने प्रिया को पांच लाख पचास हजार रुपये दे दिये थे। प्रवीन अपने रुपए वापस लेने को लेकर प्रिया को फोन करता था। फिर प्रिया के साथ हमने रूपए देने के बहाने प्रवीन को जमालपूर जिला मुंगेर बिहार में बुलाकर अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर दिनांक 2 जनवरी की रात को छ्वक्रस् कालेज के पास सुनसान जगह पर चाकू मारकर हत्या कर दी थी। और मौके से भाग गये थे। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जावेगी। अभियोग में आगामी जांच अभी जारी है।

# ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज से भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने मुलाकात की और उनका हालचाल जाना



**अम्बाला, 28 जून ( रवि पाहुजा ):** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज से आज भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने मुलाकात की। किसान नेता चढूनी तथा उनके साथ आए अन्य किसान नेताओं ने श्री विज से मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। इस दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने उनके आवास पर पहुंचे गुरनाम सिंह चढूनी के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और विचार विमर्श किया। इस अवसर पर किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज के पांव में फ्रैक्चर की जानकारी ली और कामना की कि वह जल्द स्वस्थ होकर जनकल्याण कार्यों में पुन: लगे। चढूनी ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जनसेवा में निरंतर जुटे रहते हैं जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को निरंतर लाभ मिल भी रहा है और लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके द्वारा विभिन्न बेहतरीन कदम भी उठाए गए है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज जल्द ही स्वस्थ होंगे और उसी रफ्तार के साथ विभिन्न कल्याणकारी व विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाएंगे। किसान नेता का यह भी कहना था कि श्री विज के प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश विदेश में चाहने वालों की बहुत बड़ी संख्या है इसलिए उन सभी की दुआओं के बल पर दोबारा से उसी अंदाज में श्री विज कार्य करते हुए नजर आएंगे। इस अवसर पर उनके साथ अन्य किसान यूनियन नेता भी मौजूद रहे।

# पैसा क्रेडिट का मैसेज आते ही हो जाएं सावधान, नहीं तो मिनटों में आपका बैंक अकाउंट हो जाएगा खाली : सुरेंद्र सिंह भौरिया

**यमुनानगर, 28 जून ( दिनेश कुमार ):** एस.पी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने आमजन को साइबर अपराधियों से सचेत रहने की सलाह देते हुए कहा है कि आज के आधुनिक युग में साइबर अपराधी भी दिन प्रतिदिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगों ने अब ठगी का एक नया तरीका अपनाया है,जिसे %जंप डिपोजिट% का नाम दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते समय यूपीआई एप का इस्तेमाल करने वाले लोगों को साइबर ठग अब इस तकनीक के जरिए चंद ही मिनटों में आपका अकाउंट खाली कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जंप स्कैम में साइबर ठग पहले आपके खाते में एक छोटी राशि जैसे 2000 रुपये ट्रांसफर करते हैं और यह राशि सच में आपके खाते में आती है तथा इस संबंध में आपको इसका टेक्स्ट मैसेज या नोटिफिकेशन भी प्राप्त होता है, लेकिन असल खेल नोटिफिकेशन के बाद शुरू होता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर अपराधियों ने तकनीकी रूप से ऑटोमैटिक अमाउंट निकालने का सिस्टम सेटअप तैयार किया होता है, जब आप बैलेंस चेक करने के लिए यूपीआई एप पर जाकर पिन डालते हैं, तो उसी समय आपके खाते से बड़ी राशि साइबर ठगों के खाते में ट्रांसफर हो जाती है, और आपके खाते का बैलेंस शुन्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही आपके खाते में क्रेडिट आता है, तुरंत बैलेंस चैक न करें, क्योंकि साइबर अपराधी आपके बैंक खाते पर घात लगाकर बैठे होते है, जैसे ही आप अपने बैंक अकाउंट में बैलेंस चैक करने के लिए, फोन पर आए टेक्स्ट मैसेज या नोटिफिकेशन पर क्लिक करते है तो आप साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फोन पर आए किसी भी प्रकार के टेक्स्ट मैसेज, नोटिफिकेशन या अन्य लिंक पर 15 से 20 मिनट तक क्लिक न करें। उन्होंने कहा कि 15 से 20 मिनट के उपरांत आप अपना बैलेंस चैक करते है तो, अपनी यूपीआई में एक बार गलत पिन का इस्तेमाल करें क्योकिं ऐसा करने से आपके अकाउंट पर घात लगाकर बैठे साइबर अपराधियों का पूरा प्लान फेल हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि युवा वर्ग इस स्कैम के सबसे ज्यादा शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है तो अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें अन्यथा राष्ट्रीय हेल्प लाइन नंबर 1930 पर पर कॉल करें, क्योकिं समय रहते आपकी राशि को ब्लॉक किया जा सकता है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल में विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का...** की स्वतंत्रता, उनकी गरिमा, उनके अधिकारों पर सबसे क्रूर हमला हुआ।महिलाओं को जेलों में बंद किया गया। उनकी आवाज को दबाया गया और उन्हें घरों में कैद कर दिया गया। केवल इसलिए कि वे सरकार के अन्याय के खिलाफ बोलना चाहती थीं। यह वही समय था, जब लोकतंत्र के साथ नारी गरिमा का भी गला घोंटा गया। उन्होंने कहा कि 'महिला मॉक संसद' जैसे महत्वपूर्ण और विचारशील कार्यक्रम का आयोजन उस दौरान हुए अमानवीय कृत्य को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय रहा है और अंग्रेजों से बढ़कर आपातकाल में हर जनमानस पर अत्याचार हुए। आपातकाल के बाद के आम चुनावों में महिलाओं ने पहले की अपेक्षा बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं द्वारा आपातकाल के दौरान निभाई गई जिम्मेदारी सराहनीय है।

**आपातकाल में संविधान को कुचलने का काम हुआ** – मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल में संविधान को रौंदने का काम किया गया। यह कोई साधारण विषय नहीं है। यह हमें उस दौर की याद दिलाता है, जब पूरे देश की आवाज को कुचलने की कोशिश की गई थी। यह उस दौर की बात है, जब संविधान को ताक पर रखकर एक परिवार की सत्ता को बचाने के लिए देश को जेल बना दिया गया था। आज, जब इतनी जागरूक माताएं-बहनें बैठी हैं, तो मुझे पूरा विश्वास है कि इस देश की लोकतांत्रिक चेतना को कोई फिर से कोई कुचल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि संविधान का दुरुपयोग कर आपातकाल 25 जून, 1975 की रात को लागू किया गया। जिसके कारण हर जन के अधिकारों पर अंकुश लगाया गया।

**प्रधानमंत्री ने किया आपातकाल में यातना सहने वालों का सम्मान** – मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के दौरान अपना जीवन न्यौछावर करने वालों को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा में अपना योगदान देने वालों को भुलाया जा रहा था किंतु श्री मोदी ने उस काले अध्याय का विरोध करने वालों को याद करते हुए आमजन तक जानकारी सांझा की है। आज संसद में विपक्ष की गरिमा निचले स्तर तक गिरती जा रही है। विपक्ष न केवल लोकतंत्र का अपमान कर रहा है बल्कि संविधानिक पदों पर आसीन लोगों को ठेस पहुंचाने का काम भी कर रहा है।

**विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है भारत**- मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में गरिमा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में संसद की कार्रवाई को राष्ट्र हित में चलाने में विपक्ष को अपना दायित्व निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा संसद की कार्यवाही को बार-बार बाधित करना गंभीर विषय है। इससे न केवल संसद का बहुमूल्य समय बर्बाद होता है बल्कि देश के विकास की गति भी धीमी होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच को प्रदेश आगे बढ़ा रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने में हरियाणा अपना अतुलनीय योगदान निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

**मुख्यमंत्री ने महिला मोर्चा को दी बधाई** – मुख्यमंत्री ने महिला मॉक पार्लियामेंट में भाजपा महिला मोर्चा हरियाणा को बधाई देते हुए कहा कि आपने यह मंच तैयार किया, जहां महिलाएं न केवल बोल रही हैं, बल्कि नेतृत्व भी कर रही हैं। न केवल प्रश्न उठा रही हैं, बल्कि समाधान भी दे रही हैं। यही लोकतंत्र है, यही संविधान की आत्मा है, यही भाजपा का मूल मंत्र है। उन्होंने महिला शक्ति को नमन करते हुए कहा कि आज मैं इस महिला संसद में खड़े होकर आप सबको यह भरोसा दिलाता हूं कि जिस भारत को बचाने के लिए आपातकाल के दौरान हमारे देशवासियों ने बलिदान दिए, जिस लोकतंत्र के लिए लाखों माताओं की आंखें रात-रात भर रोईं, उस लोकतंत्र की गरिमा को कोई अब छू भी नहीं सकता। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सोहना विधायक तेजपाल तंवर, पटौदी विधायक बिमला चौधरी, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल सहित डीसी अजय कुमार, सीपी विकास अरोड़ा, सहित लोकतंत्र सेनानी व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# आदतन चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार किया,चोरीशुदा 3 स्कूटी व एक बाइक बरामद



**पंचकूला, 28 जून ( सतीश मंगला ):** जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पंचकूला पुलिस की सभी क्राइम ब्रांच व थाना चौकी स्तर की टीमें निरंतर प्रयासरत है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज की अगुवाई में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 इंचार्ज इंस्पेक्टर निर्मल सिंह की टीम ने चोरी की घटनाओं में शामिल एक शातिर और आदतन अपराधी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिलाल पुत्र फरीद निवासी मोरी गेट, मनीमाजरा ( चंडीगढ़ ) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से गहन पूछताछ के उपरांत उसकी निशानदेही पर तीन स्कूटी और एक मोटरसाइकिल सहित कुल चार दुपहिया वाहन बरामद किए हैं। आरोपी बिलाल के खिलाफ 15 मई 2025 को थाना सेक्टर-14 पंचकूला में धारा 303 बीएनएस के तहत वाहन चोरी का मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने के लिए आस पास के सीसीटीवी कैमरा की निगरानी से उसके विरुद्ध साक्ष्य जुटाए थे अब पंचकूला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से एक दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त कर उसे क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह लंबे समय से नशे का आदी है और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए वह लगातार वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। उसने पुलिस को बताया कि उसने पंचकूला के सेक्टर-15 क्षेत्र से अलग-अलग स्थानों से तीन स्कूटी और एक मोटरसाइकिल चोरी की थी। चुराए गए वाहनों को छिपाने के लिए उसने अलग-अलग रणनीति अपनाई। दो स्कूटी विकास नगर नाका के पास झाड़ियों में, जबकि एक स्कूटी और बाइक को अन्य सुनसान स्थानों पर छिपा कर रखा गया था। क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी एएसआई धनी राम ने एएसआई करमजीत सिंह, एएसआई संजीव कुमार व होमगार्ड गगनदीप सिंह की मदद से मौके पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी द्वारा बताए गए सभी स्थानों पर दबिश दी और चारों वाहन बरामद कर लिए जिन्हें कानूनी प्रक्रिया के बाद वास्तविक मालिकों को सौंपने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी जाएगी। आरोपी से की जा रही पूछताछ के आधार पर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या वह किसी संगठित वाहन चोर गिरोह का हिस्सा है या फिर अन्य आपराधिक मामलों में भी उसकी संलिप्तता रही है। जांच लगातार प्रगति पर है और हमें जल्द ही इस केस से जुड़े और भी अहम सुराग व खुलासे मिलने की उम्मीद है। हमारी टीम की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और निरंतर निगरानी ने एक बार फिर साबित किया है कि पंचकूला पुलिस अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य शहरवासियों को एक सुरक्षित, अपराधमुक्त वातावरण देना है। साथ ही हम आमजन से अपील करते हैं कि किसी भी व्यक्ति से वाहन खरीदते समय सभी दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच अवश्य करें ताकि आप अनजाने में चोरी का वाहन न खरीद लें। यदि किसी डीलर या व्यक्ति के बारे में चोरी के वाहन की खरीद-फरोख्त की जानकारी हो, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। आपकी सतर्कता और सहयोग ही अपराध रोकने में हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

## 29 जून के दिव्यांग सेवा शिविर की तैयारियां पूरी, फ्री दिए जाएंगे कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर

***दिव्यांग सेवा शिविर 29 जून को, दिव्यांगों को फ्री दिए जाएंगे कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर***

**हिसार, 28 जून ( महेन्द्र गोयल ):** दिव्यांग बंधुओं के लिए सेवार्थ भाव से 29 जून को आयोजित होने वाले दिव्यांग सेवा शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। फ्रीमेसन ऑफ हिसार द्वारा 29 जून को दिल्ली रोड स्थित जेसीबी वर्कशॉप के सामने फ्रीमेसन हॉल में प्रातः 11 बजे यह शिविर शुरू किया जाएगा। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा व दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस शिविर में दिव्यांग बंधुओं को कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीनें, छड़ी व बैसाखी निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इस शिविर के लिए दिव्यांग बंधुओं का निशुल्क पंजीकरण किया गया है। पंजीकृत दिव्यांगों को शिविर में कृत्रिम उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। फ्री मेसन ऑफ हिसार के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता ने बताया कि इस शिविर के दौरान रीजनल हेड पुनीत सोहाल की गरिमामयी उपस्थित रहेगी। दिव्यांग केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव राजेश जैन व प्रोजेक्ट हैड रामनिवास अग्रवाल सीए सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान दिव्यांग केंद्र की लाला देवीचंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला द्वारा दिव्यांग बंधुओं की निशुल्क जांच करके उनके लिए कृत्रिम अंगों का माप भी लिया जाएगा। निर्माणशाला में इन कृत्रिम अंगों का निर्माण करके दिव्यांगों को निशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

## रोहित सैनी सहित पांच कार्यकर्ता जिला कष्ट निवारण समिति में नियुक्त, भाजपा में खुशी की लहर



**रायपुररानी, 28 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** भारतीय जनता पार्टी रायपुररानी मंडल के अध्यक्ष रोहित सैनी को जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनके साथ हरिपाल राणा बड़ौना खुर्द, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण कुमार धानक, पिंकी और भारत भूषण रिहोड़ को भी समिति में शामिल किया गया है। नियुक्ति के बाद सभी नवनियुक्त सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, जिला प्रभारी रवि बतान, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता का आभार व्यक्त किया। जानकारी देते हुए रोहित सैनी ने कहा कि यह नियुक्ति उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का विषय है। पार्टी ने जो भरोसा उन पर जताया है, वे उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला कष्ट निवारण समिति एक ऐसा मंच है, जहां आम लोगों की समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाई जाती हैं। मैं विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और युवाओं की आवाज बनूंगा, ताकि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।

## डीबीसी की टीम ने घाटीवाला एंड बिटना कॉलोनी में घर-घर जाकर मलेरिया व डेंगू का किया सर्वे



**कालका, 28 जून ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** एसएमओ डा. ज्योति साहू की अध्यक्षता में सब डिविजनल हॉस्पिटल कालका क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीबीसी डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर की टीम घाटीवाला एंड बिटना कॉलोनी में लगाई गई। उसके बाद टीम ने घर घर जाकर मलेरिया व डेंगू का सर्वे किया । लोगों को मच्छर जनहित रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया । साथ ही जिसमें मच्छर से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया । विभाग ने बताया की जिन घरों में लार्वा पाया जाता है तो उसपर डेट लिख कर उसको नोटिस देते है । घरों में जिस जगह लार्वा पाया जाता हैं जैसे कि कूलर ,टंकी, हौदी, कंटेनर आदि को सप्ताह में एक बार जरूर साफ करें । घरों के आस पास पानी को इक्ट्ठा न होने दे । पानी से भरे गड्ढों में मिट्टी डालें या काला तेल या फिर सरसों का तेल डालें। और हर रविवार को सूखा दिवस मनाएं तथा पानी के बर्तनों, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमले, इत्यादि को खाली करके सुखाएं । ताकि मच्छर के अंडे एवं लारवा मर जाएं । मच्छर के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें और घरों में मच्छर दानी एवम जाली का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि डेंगू से संबधित लक्षण होने पर आप सब डिविजनल हॉस्पिटल कालका में अपना टैस्ट करवाएं । सब डिविजनल हॉस्पिटल कालका की तरफ से राहुल एम पी एच डब्लू के द्वारा टीम के साथ मिल कर काम किया गया ।

## रोटरी क्लब पंचकूला ने किया अध्यक्ष के कार्यकाल के समापन का भव्य आयोजन

**पंचकूला, 28 जून ( सतीश मंगला ):** रोटरी क्लब पंचकूला का वार्षिक वैलिडिक्ट्री फंक्शन रोटरी हाउस पंचकूला में उत्साह और गरिमा




के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन सीए अश्वनी मित्तल के कार्यकाल का सम्मानपूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर विनेश भाटिया ने प्रोजेक्ट चेयरमैन की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष अश्वनी मित्तल ने सभी सदस्यों और ऐन्स को वर्षभर उनके अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और सभी के साथ खुशियां साझा कीं। उन्होंने सचिव रोहित सिंगला के साथ मिलकर सदस्यों को क्लब द्वारा वर्षभर किए गए विभिन्न परियोजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समुदाय सेवा, शिक्षा एवं चिकित्सा राहत से संबंधित कुल 91 परियोजनाएँ सफलतापूर्वक पूर्ण की गईं। इन सभी सेवा परियोजनाओं में क्लब सदस्यों ने बड़ी संख्या में और पूर्ण उत्साह के साथ सक्रिय भागीदारी की।इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने अध्यक्ष अश्वनी मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा वर्षभर किए गए कार्यों और सेवा परियोजनाओं की सराहना की। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन परवीन कुमार गोयल, जगमोहन गर्ग एवं रोटेरियन रोशन लाल गर्ग ने विशेष रूप से क्लब की सेवाओं की सराहना करते हुए अध्यक्ष मित्तल और उनकी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष, सचिव एवं क्लब की प्रथम महिला आशा मित्तल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनका आभार प्रकट किया। अध्यक्ष अश्वनी मित्तल ने मीडिया प्रतिनिधियों का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया, जिन्होंने क्लब की गतिविधियों को समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से प्रकाशित कर रोटरी की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ किया। कार्यक्रम का समापन संगीत, नृत्य, फेलोशिप और रात्रिभोज के साथ हुआ। रोटरी क्लब पंचकूला समाज सेवा की भावना के साथ आगे भी इसी प्रकार कार्य करता रहेगा।

## आज नि:शुल्क मेडिकल कैंप व रक्त जांच शिविर का होगा आयोजन

**रायपुररानी, 28 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी में आज एक दिवसीय नि:शुल्क मेडिकल कैंप और रक्त जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी ने बताया कि यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ब्राह्मण धर्मशाला रायपुररानी में लगाया जाएगा, जिसमें नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस शिविर में सिविल अस्पताल सेक्टर-6 पंचकूला से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। जबकि आमजन की सुविधा के लिए शिविर में सामान्य रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ और नेत्र रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की रक्त जांचें भी नि:शुल्क की जाएंगी, जिनमें ब्लड शुगर टेस्ट, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टेस्ट और एच.बी. टेस्ट भी शामिल हैं। स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ शिविर में प्रशासनिक सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। हालांकि, पात्र नागरिकों के परिवार पहचान पत्र और हैप्पी कार्ड भी बनाए जाएंगे। वहीं, आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय पर पहुंचकर शिविर का हिस्सा बनें।

## फिरोज़पुर की गलियों में गूंजी स्वच्छता की आवाज



**रायपुररानी, 28 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान के तहत रायपुररानी खंड के गांव फिरोज़पुर में ग्राम पंचायत द्वारा कीटनाशक छिड़काव कराया गया।अभियान की शुरुआत ग्राम सरपंच नीता रानी ने स्वयं स्प्रे मशीन चलाकर की, जिससे ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सरपंच नीता रानी ने कहा कि बरसात और गर्मी के मौसम में मच्छरों की संख्या में तेजी से इज़ाफा होता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे घर के आसपास साफ-सफाई रखें, टंकियों, बर्तनों और गमलों में पानी न भरने दें और नालियों की नियमित सफाई करें। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए समाजसेवी सुशील सैनी ने बताया कि पंचायत की निगरानी में गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसर और स्कूल के चारों ओर छिड़काव किया गया। इस कार्य में सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय युवाओं की टीम ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सैनी ने कहा कि यदि सभी ग्रामीण मिलकर स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाएं, तो गांव को बीमारियों से बचाना संभव है।

# बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से धूमधाम से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा

## जय जगन्नाथ जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा एरिया, झूमे श्रद्धालु



**हिसार, 28 जून ( महेन्द्र गोयल ):** श्रीभगवान जगन्नाथ व श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा समिति, सेक्टर 14, हिसार के तत्वाधान में गत सायं बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से ढोल ढमाकों के साथ जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते हुए यात्रा में भाग लिया। वृंदावन से आई श्रद्धालुओं की टोली ने हरे कृष्णा हरे रामा की धुन पर खूब नृत्य किया। आसपास के एरिया में निकाली गई इस यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालुओं ने पूरा रास्ता गर्मी की परवाह न करते हुए अपने हाथों से रथ को खींचा। समिति के सेवादारों रामधारी गोयल व पवन अग्रवाल ने बताया कि मंदिर प्रांगण से शुरु हुई यात्रा पूरे क्षेत्र में घूमते हुए कोठी नम्बर 1007 पर सम्पन्न हुई। सेवादारों ने बताया कि रथ यात्रा के दौरान प्रसिद्ध भजन गायक भैय्या दिव्य दास, विशाल मित्तल व डॉ. मोहन तनेजा भजनों की वर्षा की। पूरा रास्ते किये गये संकीर्तन में जय जगन्नाथ.. जय जगन्नाथ.., निताई गौर राधे श्याम हरे कृष्णा हरे राम.. आदि भजन गूंजते रहे। रथ यात्रा में हनुमानजी की पावन ध्वजा, विशाल रथ भक्तों द्वारा खींचना, ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा, भगवान जगन्नाथ का फूल बंगला मुख्य आकर्षण रहे। रथ को बंगाल के कारीगरों द्वारा सजाया गया। श्रृंगार सेवा सुनील गर्ग व मधुर गुप्ता की रही। रथ यात्रियों के सम्मान में जगह-जगह जलपान दिया गया।

**रथ यात्रा में मंत्री, विधायक व मेयर हुए शामिल :** श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा समिति से जुड़े सेवादारों आशीष गुप्ता, मोती कंसल व धीरज गर्ग ने बताया कि हिसार की विधायक सावित्री जिंदल के सान्निध्य में निकाली गई रथ यात्रा में केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने की। मंडल आयुक्त अशोक गर्ग ने ज्योत प्रज्जवलित की। नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली अति विशिष्ट अतिथि व पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, पार्षद सरोज जैन, मोहित सिंघल, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, पूर्व पार्षद टीनू जैन एवं कविता केडिया विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। अतिथियों को समिति की ओर से भगवान जगन्नाथ के स्वरुप स्मृति चिह्न के रुप में दिये गये। इनके अलावा नगर की अनेक संस्थाओं से जुड़े अनेक गणमान्य लोग भी रथ यात्रा में शामिल हुए।

## गांव माढ़ावाला के कबाड़ियों और गांव चरनियां के ईंटों के भट्टों पर ब्रीडर चेकर की टीम द्वारा करवाया सर्वेक्षण



**पिंजौर, 28 जून ( अजीत सिंह/अख्तर फ़ारूक़ी ) :** वर्षा ऋतु में मलेरिया, डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकपुर के प्रधान डॉ मनीष गर्ग की अध्यक्षता में गांव माढ़ावाला के सभी कबाड़ियों और गांव चरनियां के अंतर्गत आने वाले सभी ईंटों के भट्टों पर ब्रीडर चेकर की टीम द्वारा सर्वेक्षण करवाया गया । सर्वेक्षण के दौरान ब्रीडर टीम को जहां-जहां पानी में डेंगू मलेरिया का लारवा मिला। वहां पर पानी को खाली कराया गया । सप्ताह में एक बार पानी के बर्तन को साफ करके धोकर सुखाकर भरने की सलाह दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि दिन में कार्य करते समय पूरी बाजू के कपड़े डालें ताकि मलेरिया व डेंगू का मच्छर हाथ व पैरों पर न काट सके। डॉ मनीष गर्ग ने बताया कि मलेरिया, डेंगू की रोकथाम न केवल चिकित्सा से बल्कि जनता के जनसयोग से संभव हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि ईंटो के भट्टों और कबाड़ियों में काम करने वाले नागरिकों को मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए । ऐसे मौसम में बुखार आने पर अपने रक्त की जांच केवल सरकारी अस्पताल में करवानी चाहिए ताकि जल्दी रोगी का इलाज संभव हो सके । टीम द्वारा मलेरिया व डेंगू के पंपलेट भी बांटे गए । हेल्थ इंस्पेक्टर सुशील कुमार की देखरेख में जहां-जहां जिस क्षेत्र में बुखार के रोगी मिले उनकी रक्त पत्तिकाएं बनाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकपुर की स्वास्थ्य टीम मलेरिया व डेंगू की रोकथाम हेतु प्रयासरत है।

# खटाई में पड़ी सुदकैन डिस्टीब्यूट्री कंकरीटकरण योजना

## *योजना कार्य में बड़ी चूक के कारण कपिल मुनि माइनर को नहीं मिल रहा पानी*



**कलायत, 28 जून ( सूबे सिंह मोर ):** करोड़ों रुपए बजट की सुदकैन डिस्टीब्यूट्री कंकरीटीकरण योजना लोकार्पण से पहले ही कलायत शहर व ग्रामीण अंचल के हजारों एकड़ कृषि रकबे के लिए बड़ी आफत बन कर खड़ी हो गई है। किसानों के अनुसार डिस्टीब्यूट्री से पानी इस कदर तेजी से बह रहा है कि इसके हैड से कपिल मुनि माइनर को पानी ही नहीं मिल पा रहा। परिणामस्वरूप कलायत, खरक पांडवा, रामगढ़ पांडवा, चौशाला व आसपास के कई गांवों के खेत बिना पानी के प्यासे हैं। इस स्थिति से जाहिर है कि योजना निर्माण कार्य में बड़ी चूक है। इससे किसानों के सामने भूखा मरने की नौबत पैदा होगी। क्योंकि यदि डिस्टीब्यूट्री से संबंधित निर्माण योजना की सिरे से जांच करते हुए समस्या को दूर नहीं किया गया तो धान व अन्य फसलों की पैदावार इस बार नहीं ली जा सकेगी। जबकि राष्ट्र के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चावल की मांग पूरा करने में कलायत क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। इस मुद्दे को लेकर शनिवार को दिन भर बालू गांव की सीमा पर स्थित कपिल मुनि माइनर हैड पर किसानों की बैठक चली। सर्व सम्मति से किसानों ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अस्थायी बांध बनाकर पानी को माइनर में पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन अभियान सफल नहीं हो पाया। इसके चलते किसानों ने जिला मुख्यालय तक मार्च निकालते हुए प्रशासन को स्थिति से अवगत करवाने का निर्णय लिया। नाजुक स्थिति की जानकारी मिलते ही सिंचाई विभाग एसडीओ अखिल कौशिक व उनकी टीम मौके पर पहुंची। अधिकारी इस प्रयास में लगे हैं कि समस्या का समाधान हो। जयपाल, विक्रम, बलिंद्र, नन्हा, जयप्रकाश, विक्की व दूसरे प्रभावित किसानों ने बताया कि करोड़ों रुपए सुदकैन डिस्ट्रीब्यूट्री कंकरीटीकरण योजना कार्य पर व्यय किए जा रहे हैं। उम्मीद थी कि सूखे खेतों को पानी मिलेगा। किसान की पैदावार बढ़ेगी और घाटा को मुनाफे में तबदील किया जा सकेगा। लेकिन सपने बिखरते नजर आ रहे हैं। योजना पूरी होने के बाद भी खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। जिससे हजारों एकड़ रकबा प्यासा पड़ा है। आरोप है कि डिस्ट्रीब्यूट्री के कंकरीटीकरण में कई स्तरों पर लापरवाही बरती गई। तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया। जिसके कारण पानी की उचित ढलान और प्रवाह बाधित हो गया है। इस स्थिति के लिए उन्होंने योजना कार्य की निगरानी और गुणवत्ता की जांच का जिम्मा संभालने वाले अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया।

**समस्या का हल होगा :** कलायत उपमंडल सिंचाई अभियंता अखिल कौशिक ने बताया कि सदुकैन डिस्टीब्यूट्री से कपिल मुनि माइनर में पानी न आने की समस्या उनके संज्ञान में आई है। वे टीम के साथ मौका स्थल पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना कर रहे हैं। विभाग वे तमाम प्रयास करेगा जिससे कपिल मुनि माइनर के जरिये किसानों के खेतों को पानी मिले। उन्होंने किसानों से धैर्य की अपील की है।

### सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में पूनम पुत्री श्री अजीत प्रसाद निवासी वार्ड नं. 2 तरावड़ी ने कार्यालय नगरपालिका तरावडी में प्रार्थना पत्र दिया है कि अजीत प्रसाद की मृत्यु दिनाक 27-11-2017 को हो चुकी है व अजीत प्रसाद की माता श्रीमति भुलि देवी की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। यह है कि प्रार्थी की जायदाद प्रोपटी/आईडी 8GV4C8M6 मकान नं. 167 वार्ड नं. 2 तरावड़ी प्रोप्टी/आईडी में अजीत प्रसाद के वारिसान श्रीमति पूनम ( पुत्री ) है और उपरोक्त वारिसान अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर उक्त विषय बारे किसी का कोई भी ऐतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर-2 कार्यालय नगरपालिका तरावड़ी ने जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा इस अवधि के उपरान्त प्रार्थी की प्रोपट्री आईडी सबूतो के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

**-सचिव, नगरपालिका नगरपालिका तरावड़ी।**

# सम्पादकीय

## पेगासस का भूत अमेरिका में जिन्दा, भारत में जवाबदेही क्यों नहीं?

पेगासस जासूसी कांड का भूत एक बार फिर वैश्विक मंच अमेरिका मैं जिंदा होकर सामने आया है। इस बार अमेरिका की अदालत में पेगासस ने जो जानकारी दी है, उसमें भारत में 100 लोगों की जासूसी की जानकारी भी सामने आई है। जिसके कारण भारत भी कटघरे में खड़ा हो गया है। अमेरिका की कैलिफोर्निया स्थित फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में चल रहे व्हाट्सएप बनाम एनएसओ केस में जो दस्तावेज दाखिल किये गये हैं, उन्होंने भारत सहित 51 देशों में 1223 लोगों की जासूसी किए जाने की पुष्टि की गई है। इस सूची में भारत 100 लोगों की जासूसी के साथ दूसरे स्थान पर है। यह भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय है। भारत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह कहकर जांच टलवा दी थी। यह 'राष्ट्रीय सुरक्षा' का मामला है। जबकि पेगासस बनाने वाली कंपनी एनएसओ स्पष्ट कर चुकी है, यह सॉफ्टवेयर केवल सरकारों को ही बेचा जाता है। जब सरकार खरीददार है, तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार भी है। भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था, सरकार ने जांच में कोई सहयोग नहीं दिया। जिसके कारण कमेटी कुछ उल्लेखनीय जांच नहीं कर पाई। अब सवाल यह है, जब अमेरिका की अदालत में सबूतों के साथ जासूसी की पुष्टि हो गई है, उसके बाद भी भारत सरकार और सुप्रीम कोर्ट चुप क्यों है? भारत सरकार को क्या यह स्वीकार नहीं करना चाहिए कि सरकार ने इसका उपयोग राष्ट्रीय हित के लिए किया है। वह कौन से राष्ट्रीय हित थे, यह भी सरकार को सुप्रीम कोर्ट में बताना चाहिए। सरकार ने सत्ता पर पकड़ मजबूत करने के लिए अपनी मशीनरी का इस्तेमाल विरोधियों, पत्रकारों, जजों और मंत्रियों तक की निगरानी के लिए किया है। यह स्पष्ट होना जरूरी हो गया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला जैसे नेताओं ने आज सवाल पूछा है। यह सॉफ्टवेयर खरीदा किसने है? किस विभाग के बजट से खरीदा गया है? किस एजेंसी ने निगरानी के लिए इसका इस्तेमाल किया? क्या सरकार अब भी जानकारी देने से बचेगी? लोकतंत्र की पारदर्शिता इसी में है। जब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों तक की निगरानी पेगासस सॉफ्टवेयर के माध्यम से किए जाने के आरोप लग रहे हों तो ऐसी स्थिति में सरकार और संबंधित विभाग की जवाबदेही तय होना ही चाहिये। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश जिसमें लिखित नियम और कानून का अस्तित्व है यदि उस देश में जवाबदेही तय ना हो, तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की साख और अस्तित्व संकट में पड़ना तय है। भारत की संप्रभुता और नागरिकों के मौलिक और कानूनी अधिकारों को सत्ता में बैठे हुए लोगों की मनमानी और अपारदर्शी प्रक्रियाओं की भेंट चढ़ा दिया जाएगा। अमेरिका की कोर्ट में जब एनएसओ ने दस्तावेजों के साथ यह स्वीकार कर लिया है कि उसने 51 देशों में 1223 लोगों की जासूसी की है, जिसमें भारत भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट के पास सीलबंद रिपोर्ट मौजूद है। जो सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक नहीं खोली है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी को सरकार ने कोई जानकारी नहीं दी थी। इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की जिम्मेदारी है। वह इस मामले की पुन- सुनवाई शुरु करे। सील बंद लिफाफे को सार्वजनिक करे। सुप्रीम कोर्ट सभी पक्षों को सुनने के बाद इसमें अपना फैसला दे। इस जासूसी में सुप्रीम कोर्ट के भी जज शामिल किए गए थे। जिसके कारण यह मामला और भी गंभीर हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने यदि इस मामले की सुनवाई जल्द शुरू नहीं की तो इसका असर न्यायपालिका की साख पर भी पडना तय है। सरकार को भी जनता को सच बताने के लिए अब सामने आना चाहिए। राष्ट्रीय हित को साधने के लिए यदि यह जासूसी कराई गई थी तो सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी होगी। वरना पेगासस का भूत भारत की लोकतांत्रिक आत्मा को लंबे समय तक डराता और धमकाता रहेगा। जिसके कारण भारत आंतरिक और वैश्विक मंच पर बहुत कमजोर होगा। अतः इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार आज भी यह कहती है, कि उसे सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिल चुकी है। इस मामले में कहीं ना कहीं न्यायपालिका पर भी प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होना जरूरी है।

## क्रोध का जवाब क्रोध नहीं

एक बार एक ब्राह्मण ने महात्मा बुद्ध को अपने घर आकर, भोजन करने का निमंत्रण दिया। जब बुद्ध वहां पहुंचे तो उन्होंने पाया कि ब्राह्मण ने उन्हें किसी अन्य मकसद से वहां बुलाया था। ब्राह्मण उनकी निंदा करने लगा और उन्हें अपशब्द कहने लगा। बुद्ध ब्राह्मण के वचनों के वार चुपचाप सहते रहे। अंत में बुद्ध ने कहा,हे ब्राह्मण जी, क्या आपके घर में मेहमान आते रहते हैं? हां, आते हैं। ब्राह्मण ने उत्तर दिया।

बुद्ध ने पूछा,जब मेहमान आते हैं तो आप उनके लिए क्या भोजन बनाते हैं? ब्राह्मण ने उत्तर दिया,हम एक बड़े भोज की तैयारी करते हैं। बुद्ध ने पूछा, अगर वे नहीं आते तो आप क्या करते हैं? ब्राह्मण बोला, हम भोज स्वयं खा लेते हैं। बुद्ध बोले,अच्छा, तुमने मुझे भोजन पर बुलाया पर तुमने मेरा स्वागत कठोर वचनों और आलोचना से किया। लगता है कि जो भोज तुम मुझे परोसने वाले थे, वह इसी का है। मैं तुम्हारे द्वारा परोसे भोजन को नहीं खाना चाहता। कृपया इसे वापस ले लो और स्वयं खाओ। बुद्ध ने महसूस किया कि जो भोज उन्हें दिया गया था, वह खाद्य पदार्थों का नहीं, बल्कि गालियों का था। उन्होंने वापस मुड़कर ब्राह्मण का तिरस्कार करने और उसे अपशब्द कहने के बजाय उसके प्रोध को स्वीकार नहीं किया। बल्कि वे उस स्थान से चले गए। इस प्रकार, प्रोध उसी के साथ रहा जो उसे प्रकट कर रहा था। महात्मा बुद्ध के शिष्य यह देख रहे थे। बुद्ध ने उन्हें सलाह दी, कभी उस रूप में बदला न लो जिस रूप में सलूक आपके साथ हुआ हो। घृणा कभी घृणा से खत्म नहीं होती। कई बार हमारा सामना ऐसे लोगों से होता है जो हमें बुरा-भला कहते हैं। उनके स्तर पर उतरने की जगह हमें उनके उपहारों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। तब उनका क्रोध उनके साथ ही रहेगा। जब हम घटना स्थल से हट जाएंगे तो वे अपने आपको, अपने क्रोध के साथ अकेला पाएंगे। वे चकित होंगे कि उनके प्रोध के बावजूद हम प्रेममय बने रहे। वे हमें आदर देने के लिए हमारे पास आ सकते हैं।

# विजन 2047 के लिए संस्कृति व विरासत पर जोर देना भी आवश्यक

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में विकास की एक आंधी सी चल रही है। हर देश वैश्विक वित्तीय मंचों संस्थाओं से अपने देश के लिए धन आवंटित कराने की दिशा में कार्य कर रहे हैं, ताकि अपने देश को आधुनिकता की दिशा में आगे बढ़ा सकें।भारत ने भी अपना विज़न 2047 रूपी विकसित भारत का विकासपत्र तैयार किया है, जिसमें आगे बढ़ाने की प्लान हमने पूर्ण बजट 23 जुलाई 2024 में भी देखें। परंतु इस बजट में ध्यान देने योग्य बात यह है कि माननीय वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में देश के विकास पथ में विकास और विरासत दोनों पर सरकार के जोर को रेखांकित किया जो ध्यान देने योग्य बात है। वित्तमंत्री ने 2024 के लिए संस्कृत क्षेत्र के लिए 326.93 करोड़, पुरातत्व सर्वेक्षण क्षेत्र के लिए 1273.91 करोड़, पुस्तकालय एवं अभिलेखागार के लिए 188.21 करोड़ व संग्रहालय के लिए 123.72 करोड़ व पर्यटन के लिए 2479.62 करोड रुपए आवंटित किए हैं जो रेखांकित करने वाली बात है। बता दें 21-31 जुलाई 2024 तक 16 वां विश्व धरोहर समिति सत्र 2024 शुरू है, जो भारत में पहली बार हो रहा है, जिसमें 150 देशों से अधिक के 2000 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं हालांकि हम विकास पथपर तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं परंतु हमें भारत की पौराणिक व पारंपरिक संस्कृति विरासत पांडुलिपि धरोहर स्मारकों को सहेज कर रखने के लिए हमारी नई पीढ़ी, युवाओं को जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता है, जिसके लिए सरकार ने भी मेरा गांव मेरी धरोहर, भारतीय संस्कृति व विरासत के बारे में युवाओं में जागरूकता फैलाने व राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन तथा राष्ट्रीय संस्कृति कोष जैसी योजनाएं चल रहा है जिसकी जानकारी सरकार ने 25 जुलाई 2024 को केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी थी,जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। चूंकि आधुनिक विकास की आंधी में भारतीय संस्कृति विरासत पुरातत्व पांडुलिपि को बचाना अत्यंत जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय विज़न 2047 के पथ में विकास के साथ संस्कृति व विरासत पर जोर देना समय की है, व युवाओं को भारतीय संस्कृति, विरासत, पांडुलिपि कला प्रथाओं धरोहर स्मारक के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंतज़रूरी है।




साथियों बात अगर हम केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा मेरा गांव मेरी धरोहर योजना की करें तो,कला और संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय सहायता योजना का विवरण और योजना के लिए आवंटित धन का विवरणइस योजना में निम्नलिखित उप-घटक हैं वे,(1) राष्ट्रीय उपस्थिति वाले सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता इस योजना घटक का उद्देश्य पूरे देश में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में शामिल राष्ट्रीय उपस्थिति वाले सांस्कृतिक संगठनों को बढ़ावा देना और समर्थन करना है। यह अनुदान ऐसे संगठनों को दिया जाता है जिनके पास उचित रूप से गठित प्रबंध निकाय है, जो भारत में पंजीकृत है; इसके संचालन में राष्ट्रीय उपस्थिति के साथ अखिल भारतीय चरित्र होना; पर्याप्त कार्य शक्ति; और पिछले 5 वर्षों में से 3 वर्षों के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों पर 1 करोड़ रुपये या उससे अधिक खर्च किये हैं। इस योजना के अंतर्गत अनुदान की मात्रा 1.00 करोड़ रुपये है जिसे असाधारण मामलों में 5.00 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है।(2) सांस्कृतिक समारोह एवंउत्पादन अनुदान इसयोजना घटक का उद्देश्य संगोष्ठी, सम्मेलन अनुसंधान कार्यशालाओं त्यौहारों प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, नृत्य, नाटक थिएटर, संगीत आदि के उत्पादन के लिए गैर सरकारी संगठनोंसोसाइटियों/ट्रस्टों/विश्वविद्यालयों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत एक संगठन के लिए अनुदान 5 लाख रुपये है जिसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जा सकता है। असाधारण मामलों में 20.00 लाख रुपये हो सकता है।(3) हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास के लिए वित्तीय सहायताइस योजना घटक का उद्देश्य ऑडियो विजुअल कार्यक्रमों के माध्यम सेअनुसंधान प्रशिक्षण और प्रसार के माध्यम से हिमालय की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है।हिमालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों यानी जम्मू और कश्मीर,हिमाचल प्रदेश,उत्तराखंड सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।4)बौद्ध तिब्बती संगठन के संरक्षण एवं विकास के लिए वित्तीय सहायता इस योजना के अंतर्गत बौद्ध/तिब्बती सांस्कृतिक और परंपरा के प्रचार-प्रसार और वैज्ञानिक विकास और संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान में लगे मठों सहित स्वैच्छिक बौद्ध/तिब्बती संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना घटक के अंतर्गत वित्त पोषण की मात्रा एक संगठन के लिए प्रति वर्ष 30.00 लाख है, जिसे असाधारण मामलों में 1.00 करोड़ तक बढ़ाया जा सकता है।(5) स्टूडियो थिएटर सहित भवन निर्माण अनुदान के लिए वित्तीय सहायता इसयोजना घटक का उद्देश्य एनजीओ, ट्रस्ट, सोसायटी, सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना घटक के तहत सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे (यानी स्टूडियो थिएटर, ऑडिटोरियम, रिहर्सल हॉल, कक्षा आदि) के निर्माण और बिजली, एयर कंडीशनिंग, ध्वनिकी, प्रकाश और ध्वनि प्रणाली आदि जैसी सुविधाओं के प्रावधान के लिए प्रायोजित निकाय, विश्वविद्यालय, कॉलेज आदि। अनुदान की अधिकतम राशि मेट्रो शहरों में 50 लाख रुपये तक और गैर-मेट्रो शहरों में 25 लाख रुपये तक है।(6)संबद्ध सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायताइस योजना घटक का उद्देश्य नियमित आधार पर और खुले/बंद क्षेत्रों/स्थानों में त्योहारों के दौरान सजीव प्रदर्शन का प्रत्यक्ष अनुभव देने के लिए संबद्ध सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए ऑडियो-विजुअल तमाशा को बढ़ाने के लिए संपत्ति के निर्माण के लिए सभी पात्र संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।(7) अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए योजनाः्यह योजना 2013 में संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत और विविध सांस्कृतिक परंपराओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न संस्थानों, समूहों, गैर सरकारी संगठनों आदि को पुनर्जीवित करने और पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी ताकि वे गतिविधियों/परियोजनाओं में संलग्न हो सकें। भारत की समृद्ध अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करना, सुरक्षा करना, संरक्षित करना और बढ़ावा देना।यह जानकारी केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में दी।

तदनुसार, मंत्रालय युवाओं के लिए योजनाएं संचालित करता है जैसे कि विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को फेलोशिप प्रदान करना, जिनका विवरण इस प्रकार है (द्व)विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति योजना- एक बैच वर्ष में 400 तक छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

# जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 सालों की उल्लेखनीय उपलब्धि

**- भूपेंद्र यादव**

मानव द्वारा उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 2011-20 के दशक में पृथ्वी का तापमान, पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। साथ ही, विकसित देश वैश्विक कार्बन बजट में असंगत हिस्सेदारी रखने के बावजूद जलवायु कार्रवाई को गति देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के प्रति इच्छुक नहीं दिखाई देते।इस वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत के 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' के प्राचीन वैदिक सिद्धांत ने सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता का मार्गदर्शन किया है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व की चुनौती से जूझ रही है, तो जलवायु प्रबंधन के प्रति भारत की कालातीत वैदिक ज्ञान की प्रतिध्वनि विश्व को मार्ग दिखा रही है।

एक ओर, वैश्विक समुदाय अक्सर जलवायु परिवर्तन से उपजी तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम पैटर्न और आपदाओं में वृद्धि जैसी 'असुविधाजनक सच्चाइयों' में उलझा हुआ है। दूसरी ओर, भारत ने 'सुविधाजनक कार्रवाई' के दर्शन को सामने रखा है। हमारे सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस दृष्टिकोण ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत को एक कर्तव्यनिष्ठ वैश्विक जलवायु नागरिक में बदल दिया है।

अथर्ववेद का एक श्लोक है,

यत् किञ्च पृथिव्यां पृथिवीमनुत्तं हितं चेद् तत् तवायतु।

मा नः पृथिव्याः परं हिंसिष्ठाः।

पृथ्वी का जो कुछ भी हम खनन करते हैं, उसे जल्दी से भरने दें, हम पृथ्वी के प्राण-तत्वों पर आघात न करें और न ही उसके हृदय को क्षति पहुंचाएं। यह श्लोक आधुनिक जलवायु विज्ञान से हज़ारों साल पहले के पुनर्निर्माण पर आधारित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के सिद्धांतों को दर्शाता है। इस प्राचीन ज्ञान को जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर आधारित समकालीन नीतिगत ढाँचों में पिरोया गया है, जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कार्रवाई का एक अनूठा तालमेल बना है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, 2014 में पदभार ग्रहण करने के कुछ सप्ताह के भीतर ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक सरल लेकिन दूरगामी प्रशासनिक निर्णय के माध्यम से अपनी जलवायु प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता का परिचय दिया। पर्यावरण और वन मंत्रालय में 'जलवायु परिवर्तन' को जोड़कर, उन्होंने जलवायु कार्रवाई को क्षेत्र-संबंधी चिंता के सीमित दायरे से निकालकर शासन की प्राथमिकता में ला दिया। 2015 में जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष का निर्माण इस प्रतिबद्धता का ही उदाहरण है, जिसके द्वारा राज्यों को जलवायु संकट से निपटने से संबंधित संसाधन प्रदान किए जाते हैं। कई राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित करके इस कदम का समर्थन किया, जिससे जलवायु कार्रवाई की एक संघीय व्यवस्था तैयार हुई।



2015 में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने वैश्विक जलवायु वार्ता में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री खुद पेरिस गए और पेरिस समझौते को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धरती के संरक्षण में भारत की उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। ऐसे देशों के विपरीत, जो जलवायु प्रतिबद्धताओं को बोझ के रूप में देखते हैं, भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्जा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है। स्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की बात करने तो हम आरई में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर हैं। एक दशक में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। सरकार द्वारा अपनी कई योजनाओं के माध्यम से परिवर्तनकारी जलवायु कार्रवाई के लिए भारत की प्रतिबद्धता को गति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (2016) से लाखों महिलाओं को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन मिला, जो दर्शाता है कि जलवायु कार्रवाई का सामाजिक न्याय के साथ तालमेल कैसे बिठाना चाहिए। पीएम-कुसुम योजना (2019) ने किसानों को सौर ऊर्जा समाधानों के जरिये सशक्त बनाया, वहीं रूफटॉप सौर कार्यक्रम से पूरे देश में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी आयी है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर, 2019 को न्यूयॉर्क शहर में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) की घोषणा की, जिसकी औपचारिक शुरुआत 28 अगस्त, 2019 को हुई थी। इससे आपदा-रोधी अवसंरचना विकास को बढ़ावा देने में एक वैश्विक साझेदारी का निर्माण हुआ। स्वीडन के साथ साझेदारी में लीडआईटी (उद्योग में बदलाव के लिए नेतृत्व समूह) बनाया गया, जो जलवायु लक्ष्यों के लिए औद्योगिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सौर विनिर्माण (2020) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से घरेलू सौर विनिर्माण क्षमता मजबूत हुई, आयात पर निर्भरता कम हुई और एक मजबूत स्वदेशी सौर इकोसिस्टम का निर्माण हुआ।

# लैंगिकसमानता की राह में गिरावट एक चिंताजनक विषय

**-प्रियंका सौरभ**

विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) की वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट 2024 में भारत को 148 देशों में 131वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। यह न केवल दो पायदान की गिरावट है, बल्कि भारत की विकास यात्रा में छुपी उस असमानता का पर्दाफाश भी करती है जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। जब पूरी दुनिया लैंगिक असमानता को घटाने में धीमी किंतु स्थिर प्रगति कर रही है, तब भारत का पिछड़ना केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि नीति, सोच और संस्थागत व्यवस्था की विफलता का प्रतिबिंब है। वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स), जिसे 2006 में शुरू किया गया था, चार प्रमुख क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता को मापता है—आर्थिक भागीदारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीतिक सशक्तिकरण। भारत का कुल स्कोर 64.1त्न है, जो वैश्विक औसत 68.5त्न से काफी कम है। यही नहीं, दक्षिण एशिया में भी भारत बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में भारत ने मामूली सुधार किया है, लेकिन महिलाओं की श्रम भागीदारी दर अभी भी 45.9त्न पर अटकी हुई है। महिलाएँ मुख्यतः देखभाल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कम वेतन वाले क्षेत्रों में केंद्रित हैं। घरेलू और अवैतनिक श्रम, जो देश की असंगठित अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, अभी तक किसी राष्ट्रीय लेखांकन में शामिल नहीं किया गया है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में समान कार्य के लिए 20-30त्न कम वेतन प्राप्त होता है। यह आर्थिक असमानता केवल आँकड़ों की नहीं, सोच की समस्या है।

शिक्षा के क्षेत्र में कुछ प्रगति तो हुई है, परंतु महिला साक्षरता दर अभी भी लगभग 70 प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत 87 प्रतिशत से बहुत कम है। उच्च शिक्षा, विशेषकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी इलाकों और निम्नवर्गीय परिवारों की लड़कियों को शिक्षा से वंचित करने वाली सामाजिक बाधाएँ—जैसे बाल विवाह, रुढ़िवादी सोच और विद्यालयों की दूरी—अब भी मौजूद हैं। स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा के पैमाने पर भी भारत पिछड़ा हुआ है। जन्म के समय लिंग अनुपात अब भी 929 लड़कियाँ प्रति 1000 लड़कों के आसपास है। मातृत्व से जुड़ी समस्याएँ, कुपोषण, रक्ताल्पता (एनीमिया), और प्रसवकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। घर की चारदीवारी में महिलाओं की सेहत को प्राथमिकता न मिलना हमारी पारिवारिक व्यवस्था की कमजोरी है।राजनीतिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भारत की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व घटकर 13.8 प्रतिशत रह गया है और केंद्रीय मंत्रिमंडल में केवल 5.6 प्रतिशत महिलाएँ हैं। यह तब और विडंबनापूर्ण हो जाता है जब हम जानते हैं कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 पारित हो चुका है, परंतु जनगणना और निर्वाचन क्षेत्र पुन:निर्धारण की प्रक्रिया के विलंब के कारण उसका क्रियान्वयन अटका हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि केवल कानून पारित करना पर्याप्त नहीं, उन्हें लागू करने की इच्छाशक्ति भी आवश्यक है।

भारत को अपने पड़ोसी देशों से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। बांग्लादेश जैसे देश ने सूक्ष्म वित्त, महिला शिक्षा प्रोत्साहन, और निरंतर राजनीतिक भागीदारी जैसे उपायों से सकारात्मक सुधार किए हैं। नेपाल में संविधान द्वारा स्थानीय निकायों में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई निम्न आय वाले देशों ने धनी देशों की तुलना में लैंगिक समानता में अधिक तेजी से प्रगति की है, जो यह दर्शाता है कि बदलाव के लिए धन नहीं, दृढ़ नीयत चाहिए।

लैंगिक समानता केवल एक सामाजिक उद्देश्य नहीं, भारत की आर्थिक प्रगति के लिए भी अनिवार्य है। मैकिंज़ी ग्लोबल संस्थान का अनुमान है कि यदि भारत कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाता है, तो 2025 तक अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 700 अरब डॉलर तक की वृद्धि कर सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और शासन में महिलाओं की भागीदारी से सामाजिक परिणाम भी अधिक न्यायसंगत और समावेशी होते हैं। भारत की जनसांख्यिकीय क्षमता तभी सार्थक होगी, जब उसमें महिलाओं की पूरी और समान भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। किन्तु चुनौतियाँ गहरी हैं। पितृसत्तात्मक सामाजिक मूल्य, कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए सुरक्षा की कमी, डिजिटल उपकरणों तक सीमित पहुँच और नीतियों के क्रियान्वयन में ढिलाई—ये सभी मिलकर लैंगिक असमानता को टिकाऊ बना रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारत केवल योजना बनाने तक सीमित न रहे, बल्कि उन्हें ज़मीन पर उतारे। महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने हेतु जनगणना और निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। आर्थिक लेखा-जोखा में शामिल कर उसे सामाजिक सुरक्षा दी जानी चाहिए।

# क्षेत्र को जलभराव मुक्त और विकसित बनाना हमारा साझा संकल्प : मेयर सुमन बहमनी



**यमुनानगर, 28 जून ( दिनेश कुमार ) :** बारिश में हुए जलभराव की वास्तविक स्थिति व जलभराव के कारण जानने को लेकर मेयर सुमन बहमनी तीन दिन से फील्ड में उतरी हुई है। वार्ड नंबर 21, 20 व 22 का दौरा करने के बाद मेयर सुमन बहमनी ने अब वार्ड नंबर एक, 10 व आठ में जलभराव का जायजा लिया। निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। जलभराव के प्रभावित लोगों के घर जाकर उनकी समस्याएं सुनी और उनके प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। सबसे पहले मेयर सुमन बहमनी वार्ड नंबर एक में पहुंची। यहां उन्होंने वार्ड पार्षद रीना रस्तोगी के साथ रटौली गांव में बन रहे नाले के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। स्थानीय नागरिकों द्वारा नाले निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री इस्तेमाल किए जाने की शिकायत की। महापौर ने निगम अधिकारियों और निर्माण कार्य कर रही एजेंसी को सख्त निर्देश दिए। अधिकारियों को नाले की निर्माण सामग्री की जांच कराने के आदेश दिए। मेयर बहमनी ने कहा कि विकास कार्यो की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। कार्य को सही ढंग से और तय मानकों के अनुसार पूरा किया जाए। वहीं, उन्होंने वार्ड में जलभराव वाले इलाकों का दौरा किया।

**जलभराव के सभी प्वाइंट चिन्हित कर अधिकारियों को दिए सफाई कराने के निर्देश**

वार्ड एक के बाद मेयर सुमन बहमनी अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 10 में पहुंची। यहां उन्होंने पार्षद प्रतिनिधि पवन प्रताप यादव खालसा कॉलेज रोड व आजाद नगर की विभिन्न गलियों और यमुना नहर तक जलभराव के सभी प्रमुख प्वाइंट का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित किया। मेयर बहमनी ने सफाई अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर चिन्हित जलभराव स्थलों पर त्वरित कार्रवाई करें। नालों में जहां गंदगी व गाद जमा है, उसे तुरंत साफ कराए। ताकि बारिश के मौसम में नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**वीडियो कॉल कर अधिकारियों को दिखाया सड़क में बना गड्ढा, तुरंत ठीक कराने के आदेश दिए**

इसके उपरांत मेयर अधिकारियों संग वार्ड नंबर 8 की प्रोफेसर कॉलोनी पहुंची। हाल में हुई बारिश के कारण प्रोफेसर कॉलोनी के मुकंद लाल कॉलेज होस्टल रोड पर सड़क में बड़ा गड्ढा बना हुआ था। मेयर ने विभोर पहुजा इसका निरीक्षण किया। उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से अधिकारियों को मौके की स्थिति दिखाई और गड्ढों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मेयर ने प्रोफेसर कॉलोनी के लोगों के घरों में जलभराव की स्थिति का भी जायजा लिया। लोगों ने उन्हें जलभराव में होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। साथ ही घर में खराब हुए सामान की जानकारी दी। मेयर बहमनी ने हर निवासी की समस्या को सुना और समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत कदम उठाने के आदेश दिए। मेयर ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और सभी विभागीय अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें। नगर निगम क्षेत्र को जलभराव मुक्त और विकसित बनाना हमारा साझा संकल्प है। इसमें शहरवासी भी सहयोग करें।

# रघुकुल रीति सदा चल आई, प्राण जाई पर वचन न जाई, कनिष्का भारती ने किया श्री राम वनवास का वर्णन







**करनाल, 28 जून ( संदीप रोहिला ) :** श्री सनातन धर्म मंदिर कुंजपुरा रोड में पांच दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कथा वाचिका कनिष्का भारती ने श्री राम वनवास का वर्णन किया। जैसे ही राम वनवास की कथा शुरू हुई, तो श्रोताओं की आंखों से आंसू छलक पड़े। वहीं, कथावाचक ने भरत संवाद व लंका दहन का भी वर्णन सुनाया। कथावाचिका ने कहा कि अयोध्या के कोप भवन में कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वचन मांगे। जिस पर राजा दशरथ ने कहा कि रघुकुल रीति सदा चल आई, प्राण जाई पर वचन न जाई। यह सुनते ही कैकेयी ने राजा दशरथ से अपने दो वचनों में से पहला वचन अपने पुत्र भरत को अयोध्या की राजगद्दी तथा दूसरा भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास मांगा। कैकेयी के यह कटु वचन सुनते ही महाराजा दशरथ दुखी हो गए। जब भगवान श्रीराम को इस बात का पता चला, तो वे पिता के वचन को निभाने के लिए वन जाने को तैयार हो गए। भगवान श्रीराम के वन जाने की बात सुनते ही माता सीता और लक्ष्मण भी उनके साथ वन जाने को तैयार हो गए। राम जी के मना करने के बाद भी लक्ष्मण नहीं माने। जिसके बाद तीनों अयोध्या से वन के लिए निकल पड़े। कथा आयोजक ललित शर्मा ने बताया कि 29 जून तक श्री राम कथा का आयोजन सायं चार से सात बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर कथा आयोजक ललित शर्मा, पूर्व तहसीलदार राज बख्श, योगेश कामरा, अमित गुप्ता, अरविंद मान, भाजपा युवा जिला अध्यक्ष शुभम गुप्ता, सलोनी अग्रवाल, मोहन लोधी, माणिक शर्मा, दिनेश शर्मा, सोनिया पंडित, दिलप्रीत शैंकी, पवन प्रजापति व पंकिल गोयल आदि मौजूद रहे।

# ग्लोब हेरिटेज में हुआ विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन

## *12 स्कूलों के 56 बाल वाटिका व गणित शिक्षकों को दिया गणित विषय का प्रशिक्षण*



**लाडवा, 28 जून ( रामगोपाल ) :** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफ से स्कूल परिसर में दो दिवसीय विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 12 स्कूलों के 56 बाल वाटिका व गणित शिक्षकों को गणित विषय का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे टैगोर स्कूल सहनेवाल के पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश अग्रवाल व सॉलिटीयर इंटरनेशनल स्कूल पंचकुला की प्रधानाचार्या ज्योति भगत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे जिसका उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अद्यतन करना है ताकि वो उन परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर आने वाली पीढ़ी को उचित प्रकार से तैयार कर सके। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन व मुख्य वक्ताओं के स्वागत के साथ किया गया। मुख्य वक्ता सुरेश अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है और वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में बच्चे को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है ताकि वो इस भीड़ में भी खुद को स्थापित कर सके। मुख्य वक्ता ज्योति भगत ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नही रह इसलिए बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है जिससे एक इंसान न केवल हर दिन सीखता है बल्कि प्रतिदिन नयी चीजों को सीखता हुआ जीवन में सफलता हासिल करता है जो हमें जीवन में संगठित होने की शिक्षा देता है। स्कूल के एच आर मैनेजर अमित सिंघल ने मुख्य वक्ताओं व सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया। स्कूल की तरफ से मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**ये प्रशिक्षु रहे उपस्थित :** ग्लोब हेरिटेज स्कूल रादौर से कौशर प्रवीण, मीनाक्षी, मोनिका, नीरज रानी, रेखा, पूजा, पूजा रानी, पूनम सैनी, रश्मि, सपना देवी, एस डी मॉडल स्कूल करनाल से रितिका, सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल जगाधरी से मिनी ओबेरॉय, शैलजा तले व रश्मि सिक्का, बी एस स्कूल सलेमपुर खादर से रेखा धीमान व रीतू राज, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल जगाधरी से पुनीत, टी बी एन स्कूल मुस्तफाबाद से कविता देवी, पूनम व सुनीता देवी, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल जगाधरी से हिमांशी पश्रीचा, लिज़ा बिन्दलिश, साक्षी कपूर, स्नेह लता, हन्नाह ईसाक, नीतिका, रीतू जैन, सारिका शर्मा, विम्मी कम्बोज व नादिया, डी ए वी स्कूल अम्बाला कैंट से कविन्दर चोना, स्वामी विवेकानंद स्कूल इंद्री से प्रेरणा शर्मा, डिवाइन ग्लोरी पब्लिक स्कूल धनोरा अम्बाला से मधु शर्मा, मीना देवी, मोनिका शर्मा, नवजोत, नीतू देवी, पूनम, साक्षी, सरिता रानी, सुनीता देवी, सुषमा सैनी व वैशाली, एम ए स्कूल दबखेड़ी से बीना रानी, धीरज बाला, गुरमेल कौर, हेमलता, रजनी गुप्ता, रेखा रानी, संजना, सपना, शिवानी व श्यामा सैनी और महाराजा अग्रसैन स्कूल थानेसर से आस्था गुप्ता, मेनका रानी व नीतू बाला।

# श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा बस यात्रा रवाना




**करनाल, 28 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** शनिवार को श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से दिल्ली खाटू धाम, श्री मेहंदीपुर बालाजी, खोले के हनुमान मंदिर जयपुर, श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई। इस यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला, मुख्य सेवक विकास गर्ग व अन्य सदस्यों द्वारा विधि-विधान से नारियल फोडक़र बस यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रमोद मंगला ने कहा कि धार्मिक यात्राएं करने से मन को शांति और सकारात्मक विचार मिलते है। इसलिए हमें अपने बुजुर्गों और बच्चों को धार्मिक यात्रा करवानी चाहिए। मंगला ने कहा इस कलयुग में खाटू श्याम अपने भक्तों के लिए सहारा बनकर आए है। जो भी भक्तजन सच्चे मन से भगवान की पूजा करता है। उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

वहीं मुख्य सेवक विकास गर्ग ने कहा कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति पिछले कई वर्षों से निस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा करवा रहे है। इस बार दिल्ली खाटू धाम, श्री मेहंदीपुर बालाजी, खोले के हनुमान मंदिर जयपुर, श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई है। समिति की तरफ से श्रद्धालुओं के खान-पान व रहने के लिए उचित व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रमोद मंगला, मुख्य सेवक विकास गर्ग, संजीव मित्तल, योगेंद्र शर्मा, ममता रानी व आशा रानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सैकड़ों परिवारों के लिए मददगार साबित हो रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना : डीसी प्रीति

**कैथल, 28 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना ने विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को बड़ी राहत दी है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करके सरकार ने विवाह के समय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को सहायता देना है जो अपनी बेटियों की शादी के लिए आवश्यक धनराशि जुटाने में सक्षम नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जहां शादी के खर्च को उठाना मुश्किल होता है। डीसी प्रीति ने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न वर्गों के लिए अनुदान राशि निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति और विमुक्त जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपये का अनुदान दिया जाता है। इसके साथ ही, विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाएं और उनके बच्चों के लिए भी 51,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना के तहत महिला खिलाड़ियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) के विवाह पर भी 41,000 रुपये की मदद दी जाती है। यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51,000 रुपये की अनुदान राशि मिलती है, जबकि अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। डीसी ने यह भी बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदकों को अपनी बेटी के विवाह के छह माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ उठा सकें। आवेदक पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# बारिशों में पानी निकासी की दिक्कत आने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी होंगे जिम्मेवार : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 28 जून ( सुदेश कुमार ) :** डी.सी नेहा सिंह ने कहा कि बारिशों के सीजन में अगर किसी जगह भी पानी का भराव हुआ या पानी निकासी में कोई दिक्कत आई तो सम्बन्धित विभाग के अधिकारी की जिम्मेवारी तय की जाएगी। इसलिए सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी फील्ड में जाकर जायजा लेंगे और जहां कहीं भी कोई कमी है तो उसे समय रहते दुरूस्त करेंगे। इस मामलें में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

उपायुक्त नेहा सिंह ने मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कहा कि सरस्वती नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि सरस्वती नदी को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें सीवेज के पानी के बहाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे जिले में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करें ताकि प्रदूषित पानी को सरस्वती नदी में जाने से रोका जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का समान व समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी स्त्रोंतों से उपलब्ध जल का प्रबंधन सही ढंग से करते हुए जिले के हर इलाके में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। पेयजल आपूर्ति के लिए जलाशयों की सफाई, रॉ वाटर की आपूर्ति, टैंकर्स की आवश्यक संख्या आदि के लिए समुचित व्यवस्था की जाए।

# मनरेगा मजदूरों को जीयो टेकिंग से हो रही है परेशानी : सुरेश टांक



**पुंडरी, 28 जून ( जगदीश दहिया ) :** एक्शन एड, मनरेगा मजदूर एकता मंच हरियाणा के पदाधिकारियों ने काम मांगो अभियान व सम्मानित मजदूर सुरक्षित भविष्य अभियान के तहत गांव रसीना के मनरेगा मजदूरों से कार्यस्थल पर मुलाकात की। मनरेगा मजदूरों ने बताया कि हमरी हाजिरी जीयो टेकिंग के द्वारा आनलाईन लगाई जाती है जिसमें कि रेंज न होने की वजह से आधा दिन का समय निकल जाता है और फिर 4-5 किलोमीटर दूर काम करने जाते है जिस कारण काम कम होता है। विभागीय जांच में मजदूरों को भारी नुक़सान उठाना पड़ता है। सुरेश टांक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनरेगा मजदूर एकता मंच हरियाणा ने मजदूरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005, मनरेगा के हर मजदूर को हर वर्ष 100 दिनों का रोजगार देने की गारंटी देता है जबकि धरातल पर ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया कि एक्शन एड संस्था व अलग-अलग प्रदेशों में जमीनीस्तर पर कार्य करने वाले संगठनों द्वारा देश भर में अभियान चलाया हुआ है ताकि तमाम मजदूरों को सम्मानित समझा जाएं और उनके भविष्य को सुरक्षित रखने का काम किया जा सके। उन्होंने इस अभियान के माध्यम से मनरेगा मजदूरों की निम्नलिखित मांगों को रखा गया है इस अवसर पर सीतो, कमलेश, रीना, मीना, ओमपति, महेंद्रो , सन्तोष, पूनम, नीलम, ओमपति, राजकुमार मुन्नारेहड़ी, नरेश कुमार, प्रेम, रामकुमार, रामचंद्र, मेवा, रामेश्वर मेट आदि मौजूद रहे।

**ये है मुख्य मांगे :** जीयो टेकिंग से हाजिरी न लगाई जाएं या फिर मौका पर किसी विभागीय अधिकारी या कर्मचारी मौजूद रहे। मनरेगा मजदूरों की हाजिरी आफलाइन रजिस्टर में ही लगाई जानी चाहिए। मनरेगा मजदूरों को जीयो टेकिंग का काम कार्यस्थल के ईर्द-गिर्द ही दिया जाए। सभी मनरेगा मजदूरों को हर वर्ष 200 दिनों का काम दिया जाए। सभी मनरेगा मजदूरों व मेट का मानदेय, काम पूरा होने से एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर मिलना चाहिए। सभी मनरेगा मजदूरों को गांव से बाहर जाने पर दैनिक मजदूरी का 20 प्रतिशत मानदेय बढ़ाकर दिया जाना चाहिए। मनरेगा मजदूरों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए कार्यस्थल पर दवाईयां, पीने का स्वच्छ पानी, छाया का विशेष प्रबंध किया जाना चाहिए। मनरेगा मजदूरों को काम में आने वाले सभी औजार ( कस्सी , तसला, तरांती, कुल्हाड़ी, लाठी, वाटर प्रूफ जूते ,दस्ताने ,मास्क व अन्य ) सरकार द्वारा दिए जाने चाहिए। मनरेगा मजदूरों की दैनिक मजदूरी 800/- रुपए होनी चाहिए। कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर 500000/- पांच लाख रुपए और मृत्यु हो जाने पर 2500000/- पच्चीस लाख रुपए की आर्थिक सहयोग मिलना चाहिए। मनरेगा मेटो की बकाया मानदेय राशि तुरन्त दी जाए।

# आयुष प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति, करो योग-रहो निरोग : डा. राम अवतार सिंह

**सोनीपत, 28 जून ( विनोद ) :** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार सिंह ने बताया कि आयुष विभाग हरियाणा के महानिदेशक संजीव वर्मा, आई.ए.एस. एवं उपायुक्त सुशील सारवान, आई.ए.एस. के निर्देशानुसार गुरूवार को पी.एच.सी. पुरखास में डॉ सन्नी एवं आयुष योग सहायक डॉ दिनेश द्वारा आयुष चिकित्सा शिविर लगाकर आमजन को योग व आयुष चिकित्सा के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में विभिन्न बीमारियों के संबंध में योगासन का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर निशुल्क दवाई वितरित की गई। डॉ राम अवतार सिंह ने बताया की योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। योग व आयुर्वेद को अपनाकर हम जटिल रोगों से निजात पा सकते है। आयुष विभाग द्वारा विभिन्न गांवो में औषधालय चलाए जा रहे हैं। जिले में पी.एच.सी.व सी.एच.सी. स्तर पर भी आयुष चिकित्सकों द्वारा सेवाए प्रदान की जा रही हैं। डॉ राम अवतार सिंह ने आमजन से आयुष चिकित्सा पद्धति को अपनाने की अपील की है। हम अपने जीवन शैली को सुधार कर रोग मुक्त हो सकते है। मौसम के अनुसार हमें अपने ख़ान पान में बदलाव करना चाहिए। आयुष विभाग सोनीपत के अंतर्गत 84 योग शाला कार्यरत है जिनमे योग का अभ्यास करवाया जाता है।



आमजन को अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाना चाहिए। जिससे रोगों को दूर रख अपने शरीर को स्वस्थ रखा जा सके।

# जुलाई माह को टी-4 रणनीति का उपयोग कर एनीमिया एलिमिनेशन माह के रूप में मनाएगा स्वास्थ्य विभाग : डा. सुखबीर सिंह

**कुरुक्षेत्र, 28 जून ( सुदेश कुमार ) :** जिला सिविल सर्जन डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई माह को एनीमिया एलिमिनेशन माह के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत टी-4 रणनीति का उपयोग किया जाएगा, जिसका मतलब है टेस्ट, ट्रीट, टॉक एवं ट्रैक शामिल है।

इस अभियान के तहत लोगों में खून की जांच कर एनीमिया का पता लगाया जाएगा। एनीमिया मरीजों का इलाज किया जाएगा। उनको खानपान के बारे में बताया जाएगा वह एनीमिया मरीजों का उचित समय पर दोबारा टेस्ट करके पता किया जाएगा कि उनमें एनीमिया ठीक हुआ है या नहीं।

उन्होंने कहा कि मार्च 2019 में एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत हमारे राज्य हरियाणा में अटल अभियान की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य एनीमिया को खतम करना है। इसके अंतर्गत हरियाणा राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन अब तक किया जा चुका है जैसे कि एनीमिया एलिमिनेशन सप्ताह, 100 दोनों का अभियान इत्यादि। इन सब कार्यक्रमों से एनीमिया को काम तो कर पाए हैं परंतु पूर्ण रूप से खत्म नहीं कर पाए हैं। इसी को ध्यान रखते हुए जुलाई माह को एनीमिया एलिमिनेशन महीने के रूप में बनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

सिविल सर्जन डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि एनीमिया गंभीर समस्या है, जिसका समय रहते उपचार नहीं करवाया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। एनीमिया जिसे आम भाषा में खून की कमी भी कहते हैं कि बचाव के लिए आईएफए की खुराक लाभदायक होती है। एनीमिया के रोगी को आयु अनुसार आयरन फोलिक एसिड की खुराक दी जाती है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को 6 वर्गों में चिन्हित किया जाता है। इनमें 6 माह से 59 महीने के बच्चे, 5 वर्ष से 9 वर्ष के बच्चे, 10 से 19 वर्ष के किशोर व किशोरी, गर्भवती महिलाएं, ऐसी महिलाएं जो रिप्रोडक्टिव उम्र में है। ऐसी माताएं जो बच्चों को दूध देती हैं।

अनिमीया मुक्त रहने के लिए सभी आयु वर्ग को आयरन, प्रोटीन, विटामिन सी युक्त आहार का सेवन रोजाना करना चाहिए। यह सब चीज हमें अनाज, फलों, सब्जियों, दालों व अन्य खाद्य पदार्थ किशमिश, बादाम, खजूर, मूंगफली, अंडा इत्यादि से मिलते हैं।

उन्होंने कहा कि एनीमिया की वजह से जल्दी थकान होना, सांस फूलना, सुस्ती व नींद आते रहना, जल्दी-जल्दी बीमार होना, पढ़ाई खेल व अन्य कार्यों में मन नहीं लगना, भूख न लगना आदि लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयरन फोलिक एसिड की खुराक देने से ऐसे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बढ़ता है, शरीर स्वस्थ रहता है, पढ़ाई और अन्य कार्यों में मन लगता है, बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है और एनीमिया के रोकथाम में मदद मिलती है।

## भाजपा युवा मोर्चा मॉक पार्लियामेंट में गृह राज्यमंत्री होंगे सफीदों के युवराज सोनी



**सफीदों, 28 जून ( एस.के. मित्तल ) :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में कुरुक्षेत्र में आज 29 जून को आयोजित होने वाली मॉक पार्लियामेंट में सफीदों के युवराज सोनी गृह राज्यमंत्री होंगे। भाजपा जिला महामंत्री युवा मोर्चा युवराज सोनी ने बताया कि यह आयोजन आपातकाल के 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को इतिहास और उस समय के काले अध्याय से रुबरु कराना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के युवा विभिन्न भूमिकाओं में भाग लेंगे। इस मॉक पार्लियामेंट में आपातकाल के काले अध्याय पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित अनेक बड़े नेता शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। कार्यक्रम में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी मिल रही है और उन्हें बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा।

## राज्य सरकार मुश्किल वक्त में हर गरीब और जरूरतमंद के साथ है : मुख्यमंत्री

**भोपाल, 28 जून ( निस ) :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनहितैषी कार्यक्रम और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों सहित सभी के जीवन में समृद्धि आए, इस उद्देश्य से परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में संवेदनशील सरकार है और हम हर मुश्किल वक्त में गरीब और जरूरतमंद के साथ खड़े हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास के खिवनी अभ्यारण्य क्षेत्र में वन विभाग के अमले द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह को खिवनी पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन विभाग को भी निर्देश दिए गए है कि ऐसी कोई कार्यवाही नहीं करें, जिससे वर्षाकाल में लोगों को परेशानी हो। प्रदेश में नियम प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दिया जा रहा है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के साथ प्रदेश को शीर्ष पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

## कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें : उप मुख्यमंत्री

**भोपाल, 28 जून ( निस ) :** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में नियमित चिकित्सक भर्ती प्रक्रिया, चिकित्सा महाविद्यालयों की क्षमता वृद्धि तथा स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास के कार्य भी निरंतर प्रगति पर हैं। इसी क्रम में 876 बंधपत्रधारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है, जिससे चिकित्सकीय संसाधनों को मजबूती मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पदस्थ सभी चिकित्सकों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनसाधारण को श्रेष्ठ और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके 876 बंधपत्रधारी चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। यह पदस्थापनाएँ चिकित्सकों द्वारा स्नातकोत्तर प्रवेश के समय प्रस्तुत अनिवार्य सेवा बंधपत्र के अनुक्रम में की गई हैं।

## रेडियोग्राफर एवं लेब टेक्नीशियन पदों की काउंसलिंग 1 जुलाई से

**भोपाल, 28 जून ( निस ) :** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 (समूह-5) के अंतर्गत पद कोड-01 रेडियोग्राफर एवं पद कोड-02 लेब टेक्नीशियन के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया के लिये काउंसलिंग 1 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थियों को काउंसलिंग संबंधी सूचना मोबाइल नंबर एवं ई-मेल पते पर भेजी जाएगी। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन की आधिकारिक वेबसाइट https://health.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे समय पर एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित रहें, जिससे उनकी नियुक्ति प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो।

## एमपी ट्रांसको में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन 1 जुलाई से

**भोपाल, 28 जून ( निस ) :** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमपी ट्रांसको) द्वारा कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं लाइन परिचारक (प्रशिक्षु)-2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 तक चलेगी।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि सत्यापन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से एमपी ट्रांसको मुख्यालय, शक्तिभवन, ब्लॉक-2, मुख्य अभियंता (मानव संसाधन एवं प्रशासन) कार्यालय, जबलपुर में किया जाएगा।

उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए प्रमाण पत्र, अंकसूचियाँ एवं अन्य दस्तावेज़ों का परीक्षण उनकी मूल प्रतियों से किया जाएगा। इसके लिए तीन दल गठित किए गए हैं, जो दस्तावेज़ों का प्रारंभिक सत्यापन करेंगे। तत्पश्चात, इन दस्तावेज़ों का अंतिम परीक्षण अधीक्षण अभियंताओं द्वारा किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन के संबंध में व्यक्तिगत रूप से सूचना प्रदान की जा चुकी है।

# 13 जुलाई को अराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तरीय तौर पर भिवानी में मनाई जाएगी : रणबीर गंगवा

**यमुनानगर, 28 जून ( दिनेश कुमार ) :** जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि 13 जुलाई को अराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तरीय तौर पर भिवानी में मनाई जाएगी। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में मंत्रीगण, विधायकगण व अन्य गणमान्य लोग विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा शनिवार को लोक निर्माण विश्राम गृह जगाधरी में प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। इसके उपरांत यहां पहुंचने पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता संदीप गोयल, कार्यकारी अभियंता पुनीत मित्तल व कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री को पुष्प गुच्छ व फूलमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ पूर्व पिछड़ा वर्ग चेयरमैन सतबीर वर्मा उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विश्राम गृह में इसके उपरांत कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए जयंती का निमंत्रण देते हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंतर संत व महापुरुषों को मान-सम्मान देने का काम कर रही है और यह जयंतियां सरकारी तौर पर राज्य स्तर पर मनाने का काम कर रही है। हाल ही में संत कबीरदास जयंती राज्य स्तर पर सिरसा में, महर्षि कश्यप जयंती इंद्री में, परशुराम जयंती रोहतक में, भगत धन्ना जयंती उचाना में तथा इसके साथ-साथ महर्षि वाल्मीकि व संत रविदास जयंती मनाते हुए संतो व महापुरुषों को सम्मान देने का काम किया गया है। इसी कड़ी में 13 जुलाई को भिवानी में अराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर मनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे लिए खुशी की बात है कि महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर मनाई जा रही है और इस जयंती में हमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रजापति संगठन की ताकत भी दिखानी है और कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने का काम करना है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर वर्ग को सम्मान देने का काम कर रहे हैं। हर वर्ग को साथ लेकर हरियाणा प्रदेश को निरंतर उन्नति के पथ की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संतो व महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी तौर पर मनाने की शुरुआत की थी। उसी तर्ज पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संतों व महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी तौर राज्य स्तर पर मनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूल मंत्र के साथ अंतिम छोर में बैठे वंचित वर्ग के लिए कार्य कर रही है। वर्तमान सरकार ने इस समाज को उसका हक देकर उसका मान-सम्मान किया है। युवाओं को मैरिट के आधार पर नौकरी देने का काम किया जा रहा है और जो नौकरियों में जो बैकलॉग था उसे भरने का काम किया है। जबकि पूर्व की सरकारों में प्रजापति समाज के योग्य व्यक्तियों को अयोग्य घोषित करके उन्हें नौकरी नहीं दी जाती थी। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि घोषणा पत्र के अनुसार जो वायदे किए गए है उसे पूरा करने का काम किया गया है। वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) में 10 प्रतिशत आरक्षण अलग से देने का काम किया जा रहा है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा हरियाणा में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है, वह हरियाणा छोड़ दें। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस को स्पष्ट निर्देश है कि ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेंजे। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा में लगभग 14300 किलोमीटर सड़कों पर जो गड्ढे थे उन्हें सम्बन्धित एजेंसी द्वारा दुरुस्त करने का काम किया गया है। इसके साथ-साथ लगभग 5000 किलोमीटर जो सड़कें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी उन्हें भी शैड्यूल बनाकर ठीक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मानसून के सीजन को ध्यान में रखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सीवरेज व्यवस्था को और बेहतर करने तथा लोक निर्माण विभाग को सड़कों के साथ-साथ जो नाले हैं उन्हें ठीक करने बारे निर्देश दिए गए हैं ताकि बरसाती सीजन में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न आए। महाग्राम योजना के तहत 10 हजार आबादी से अधिक गांव में सीवरेज व्यवस्था देने का काम किया जाएगा। शहरों में जो सुविधाएं रहती है वह इन गांवों में उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि हिसार में छात्रों के साथ सरकार है, समिति ने छात्रों की बात सुनीं। उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ाई करें हम उनके साथ है, बच्चें गुमराह न हो। मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर समाज के लोगों ने भव्य अभिनंदन किया। प्रजापति समाज की ओर से मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व शाल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। प्रजापति समाज के लोगों ने कैबिनेट मंत्री को आश्वस्त किया कि यमुनानगर जिले से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने का काम करेंगे। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग सौरभ अहलावत व दिनेश गाबा, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, पूर्व पिछड़ा वर्ग चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण सिंगला, पूर्व चेयरमैन रमेश्वर चौहान, फकीर चंद, प्रजापति अमन एमसी, गुरुदेव प्रजापति व प्रजापति समाज के गणमान्य लोग व अन्य उपस्थित रहे।

# मुम्बई कोलकाता व अन्य स्थानों पर रहने वाले की बंद हवेलियों की भूमाफ़िया व निकाय कर्मचारी मिलीभगत से अवैध तरीके से आईडी बना रहे है : अशोक बुवानी

**हिसार, 28 जून ( महेन्द्र गोयल ) :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस उद्योग सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने प्रॉपर्टी आईडी में खामियों का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार आम आदमी के लिए, परेशानियों की सरकार बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी में पाई जा रही खामियां आम आदमी के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी में छोटी-छोटी गलतियों की भरमार है। इन्हें ठीक करने में संबंधित कर्मचारी आनाकानी करते हैं। अधिकांश प्रॉपर्टी आईडी में नाम, पता, मोबाइल, क्षेत्रफल और किसी अन्य के नाम प्रॉपर्टी जैसी गलतियों की भरमार हैं। यहीं कारण है कि निगम व निकाय कार्यालयों में प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए कर्मचारियों पर लोग अचंभित नहीं है, बल्कि लोग इतने परेशान है कि नगर निगम व निकाय कार्यालयों में प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए कर्मचारी की बात मानने को मजबूर होना पड़ता है और इन भ्रष्ट कर्मचारियों के सामने झुकना पड़ता है। बुवानीवाला ने कहा कि सिर्फ इतना ही नहीं अवैध कॉलोनाइजरों के साथ कर्मचारियों और जिला राजस्व कार्यालय के अधिकारियों की मिलीभगत से आए दिन प्रदेश में भ्रष्टाचार के नए-नए मुद्दें उजागर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले तो नियमों को ताक पर निकाय कार्यालय गलत प्रॉपर्टी आईडी बना रहे हैं, उसके बाद उसी आधार पर प्रतिबंधित इलाके में फर्जी तरीके से भूमि रजिस्ट्री करवाई जा रही है। भिवानी में बंद पड़ी हवेलियां जिनके मालिक मुम्बई कोलकाता व अन्य स्थानों पर रहते हैं उनकी भूमाफ़िया व कर्मचारी मिलीभगत से अवैध तरीके से आईडी बना रहे है जिसके कारण जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय ने प्रतिबंधित किला और खसरा नंबर की भूमि रजिस्ट्री में हरियाणा सरकार की ओर से जारी 2018 और 2025 के नोटिफिकेशन को भी दरकिनार कर डाला। इतना



सबकुछ होने के बाद भी प्रदेश सरकार अपनी आंखें बंद करके बैठी हुई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही भिवानी में अवैध कॉलोनाइजरों ने शहर में अधिकारियों से मिलीभगत कर प्रतिबंधित इलाके में बेचे गए प्लाटों की गलत तरीके से भूमि रजिस्ट्री का मुद्दा सामने आया है। अगर मामले की जांच कराई जाए तो अवैध लाजपत नगर में प्रतिबंधित इलाके में काटी गई अवैध कॉलोनियों के अंदर फर्जी तरीके से काफी रजिस्ट्रियां भी सामने आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में गलत प्रॉपर्टी आईडी और जिला राजस्व विभाग में भूमियों की गलत रजिस्ट्री के काफी गड़बड़झाले सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद भ्रष्टाचार कर अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिबंधित इलाकों की गलत रजिस्ट्री और नगर परिषद में फर्जी तरीके से प्रॉपर्टी आईडी बनाने का धंधा नहीं रुक रहा है। कांग्रेस नेता अशोक बुवानीवाला ने कहा कि आम आदमी की परेशानियों को समझते हुए प्रदेश सरकार शीघ्र से शीघ्र प्रॉपर्टी आईडी को दुरुस्त करने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाए और प्रॉपर्टी आईडी के ठीक करवाने के नाम पर रिश्वत ले रहें कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएं। साथ ही प्रदेशभर में धड़ल्ले से चल रहे फर्जी प्रॉपर्टी आईडी बनाकर जमीनों की खरीद-फरोत के गोरखधंधों की भी विजीलेंस जांच करवाकर कड़ी कार्यवाही की जाएं।

# 20 वर्षों से काम कर रहे गेस्ट टीचरों ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक जगमोहन आंनद को सौंपा ज्ञापन

***बोले : इतना लम्बा अरसा बीत जाने के बाद भी नहीं मिल रही सुविधाएं, अधिकत्तर अध्यापक तो खाली हाथ हो चुके है रिटायर***

**करनाल, 28 जून ( संदीप रोहिला ) :** अतिथि अध्यापकों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को विधायक जगमोहन आनंद से मिला। मुख्य मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि पांच अतिथि अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल को जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलवाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रधान नरिंदर सिंह संधू ने कहा कि हम हरियाणा शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए लगभग 20 वर्ष पूरे होने के हैं। इतना लंबा अरसा बीतने के बात भी अभी तक हमे न तो नियमित किया गया और न ही समान काम समान वेतन और अन्य सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। प्रदेश में कार्यरत हज़ारों अतिथि अध्यापकों और उनके शुभचिंतकों में भारी रोष व्याप्त है। हरियाणा शिक्षा विभाग में सेवाए देते हुए इतना लंबा अरसा हो गया है कि पिछले कुछ सालों से हमारे बहुत से अध्यापक साथी खाली हाथ रिटायर हो चुके है और अब हो भी रहे है जिनका बुढ़ापा अंधकारमय है। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले वर्ष 2005 में कांग्रेस के शासनकाल में जब सरकार के पास बजट की कमी थी और प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था चरमरा रही थी तो उस समय मौके की हुड्डा सरकार ने अपने काम चलाने के लिए गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर पढ़े लिखे लगभग 22 हजार बेरोजगारों युवाओं को रोजगार दिया था। इन सभी युवाओं ने दिनरात मेहनत करके हरियाणा प्रदेश के स्कूलों की छवि



को सुधारने का काम किया और स्कूलों में छात्र संख्या में कई गुना बढ़ोतरी की। जिस बाबत सरकार ने हमारे रहते हुए 2006, 2009,2011 और 2017 में जेबीटी, टीजीटी और पीजीटी स्तर की भर्तियां की जिसने मौजूदा अतिथि अध्यापकों द्वारा पढ़ाए हुए सैकड़ों शिष्य भी भर्ती होकर रेगुलर हो चुके हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश गुरु अभी तक पक्का होने की बाट जोह रहे है। मौजूदा भाजपा सरकार ने 2019 में अतिथि शिक्षकों की सेवाओं को 58 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा तो जरूर प्रदान कर दी, परंतु न समान काम समान वेतन,मेडिकल सुविधा,ईपीएफ सुविधा,मकान भत्ता,रिटायरमेंट पर कोई सम्मान जनक राशि या पेंशन आदि सुविधाएं प्रदान की। हर बार हमारी पोस्ट को खाली मानकर कहीं मर्जी दूर दराज जिलों में सेवाये देने को मजबूर किया जाता रहा है जोकि आज भी लागू है। भाजपा सरकार ने पहली बार 2014 में सत्ता में आने से पहले पहली ही कलम से पक्का करने का वायदा किया था और दूसरी बार सत्ता में आने से पहले जो मांगे मानी थी उन्हें भी अभी तक लागू नहीं किया गया है जिस कारण प्रदेश के हजारों अतिथि शिक्षक अपने आपको को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरीश ग्रोवर, परवीन वत्स, संजीव ठाकुर, राकेश राणा तिलकराज और शास्त्री आदि मौजूद रहे।

**ये हैं अतिथि अध्यापकों की मुख्य मांगें :** अतिथि अध्यापकों की लंबी सेवाओं को देखते हुए नियमित किया जाए। बेसिक और डीए व बेसिक पर इनक्रीमेंट का लाभ दिया जाए। गेस्ट टीचर्स को एचआरए नहीं मिलता है, जबकि उसके प्रदेश में कहीं भी सेवाएं ली जा रही हैं। अतिथि अध्यापक की मृत्यु होने पर आश्रित को नौकरी या वेतन का लाभ पूर्व में दिवंगत अतिथि अध्यापक सहित दिया जाए। मेडिकल सेवा प्रदान की जाए। नियमित भर्ती व ट्रांसफर आदि से अतिथि अध्यापक को हिट न किया, गेस्ट टीचर की पोस्ट को भरा माना जाए, जेबीटी अतिथि अध्यापक को नियमित जेबीटी की तरह गृह जिला का कैडर बनाया जाए।

## सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन : उत्तम सिंह

**करनाल, 28 जून ( सोनी दुआ )**



: डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। उपायुक्त ने बताया कि इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो, प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि ये पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस बारे में और अधिक विवरण वेबसाइट पदमा अवाड.जीओवी.इन पर उपलब्ध हैं।

## सांसद नवीन जिन्दल जनसेवा को हैं समर्पित : साक्षी खुराना

**लाडवा, 28 जून ( रामगोपाल ) :** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल युनिट के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इन शिविरों में लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल जनसेवा को समर्पित हैं। उपरोक्त वक्तव्य लाडवा नगर पालिका की चेयरपर्सन साक्षी खुराना ने दिया। उन्होंने लाडवा के वार्ड नंबर 5 और 6 में आयोजित शिविरों में पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई। इस अवसर पर उन्होंने सांसद नवीन जिन्दल का आभार भी व्यक्त किया। मोबाइल मेडिकल युनिट के



माध्यम से लाडवा के वार्ड नंबर 5 और 6 में 110 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान के तहत मोबाइल मेडिकल युनिट के शिविरों में खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद कौशल्या खुराना, राहुल पांचाल, दीपक कुमार, रौबिन गर्ग शक्ति केंद्र प्रमुख और ब्रह्म दास नागपाल उपस्थित रहे।

# नपा ने बारिश के पानी की निकासी न होने के लिए अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहराया

**नीलोखेड़ी, 28 जून ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** प्री मानसून की पहली बारिश का पानी दुकानों और घरों में घुसने की शिकायतें मिलने के बाद नगरपालिका ने पानी की निकासी को लेकर कमर कस ली है। नपा के तेवर तल्ख हो गए हैं। नपा ने घरों और दुकानों के बाहर बने रैंप, थड़े, पुलिया व अतिक्रमण को दो दिन के अंदर अंदर हटाने की चेतावनी दी है। नपा ने पानी की निकासी में बाधा बन रहे कचरे को मकानों और दुकानों के बाहर न फैंकने के निर्देश भी जारी किए हैं। आदेश न मानने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

***अतिक्रमण हटाने के लिए लोगों को दो दिन का समय दिया***

नपा के आदेश के बाद मकान मालिकों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। कुछ दिन पहले प्री मानसून की पहली बारिश का पानी घरों और दुकानों में घुस जाने के बाद दुकानदारों और मकान मालिकों ने नपा के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया था। लोगों ने इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम को जिम्मेदार ठहराते हुए नपा पर नालों की सफाई न कराने का आरोप लगाया था। शिकायतें मिलने के बाद नपा की टीम ने ड्रेनेज सिस्टम का जायजा लिया और गोल मार्केट की दुकानों का निरिक्षण भी किया।



जायजा लेने के बाद नपाध्यक्ष सनमीत कौर ने ड्रेनेज सिस्टम को ठीक बताते हुए पानी निकासी ठीक ढंग से न होने के लिए मकानों और दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण और कचरे को जिम्मेदार ठहराया था। नपा अध्यक्ष सनमीत कौर ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले नपा ने ड्रेनेज सिस्टम को बिल्कुल ठीक कर दिया था। परंतु दुकानदारों और मकान मालिकों ने घरों और दुकानों के बाहर रैंप और थड़े बना रखें है और दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर रखा है। इसके अतिरिक्त मकान मालिक पोलिथिन में कचरा इकट्ठा करके घरों के बाहर डाल देते हैं। जबकि नपा ने डोर टू डोर कचरा इकट्ठा करने के लिए वाहन लगा रखे हैं। बाद में यही कचरा नालियों में जा कर पानी की निकासी को रोकते हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए नपाध्यक्ष सनमीत कौर आहूजा का कहना है कि लोगों को अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए सोमवार तक का समय दिया गया है। लोगों से कूड़ा कर्कट नपा की गाड़ी में डालने की अपील की गई है। नपा के आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# पवन गर्ग ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों के धरने की समाप्ति पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को दी बधाई

**लाडवा, 28 जून ( रामगोपाल ) :** इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा के प्रधान एवं मेडिकल कॉलेज अग्रोहा के महासचिव पवन गर्ग ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में छात्रों के चल रहे धरना-प्रदर्शन के शांतिपूर्ण समाधान पर राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को बधाई दी है। उन्होंने दोनों नेताओं की सूझबूझ, संवादपरक नेतृत्व और संवेदनशील दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने छात्रों की चिंताओं को गंभीरता से लिया और समय रहते सकारात्मक पहल करते हुए आंदोलन का समाधान निकाला, जो एक जिम्मेदार शासन व्यवस्था की मिसाल है। पवन गर्ग ने यह भी कहा कि शिक्षा और युवाओं के मुद्दों पर सरकार का यह संवेदनशील रवैया भविष्य में छात्र हितैषी नीतियों को बढ़ावा देगा और राज्य के शैक्षणिक माहौल को सशक्त बनाएगा। पवन गर्ग ने विद्यार्थियों की समझदारी और जिम्मेदारी की भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने धरना समाप्त करने पर सहमति जताकर यह सिद्ध कर दिया कि वे शिक्षा को सर्वोपरि मानते हैं।

उनका यह निर्णय स्वागत योग्य है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। पवन गर्ग ने आगे कहा कि छात्रों का यह कदम न केवल अनुशासन का परिचायक है, बल्कि यह दर्शाता है कि वे संवाद और समाधान में विश्वास रखते हैं।

# शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर रखना होगा स्वच्छता पर फोकस : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 28 जून ( सुदेश कुमार ) :** डी.सी नेहा सिंह ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों को निरंतर अपने प्रयास जारी रखने होंगे। इस शहर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर स्वच्छता पर पूरा ध्यान देना होगा। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आम नागरिक के सहयोग की भी निहायत जरूरत होगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कुरुक्षेत्र जिले के सभी शहरों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि थानेसर शहर को नीट एंड क्लीन बनाने के प्रयास लगातार किए जा रहे है। अब यह स्वच्छता महा अभियान धीरे-धीरे जन आंदोलन का स्वरूप धारण कर चुका है। इसके लिए शहर के प्रत्येक नागरिक को अपना योगदान जरूर देना होगा। सभी के सांझे प्रयासों से ही स्वच्छता महाअभियान को सफल और यादगार बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से थानेसर को स्वच्छ बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए गए और पूरे शहर में स्वच्छता अभियान का असर देखने को मिला। इसके लिए नगर परिषद थानेसर के अधिकारी, कर्मचारी और पूरी टीम बधाई के पात्र है। इस टीम ने पूरी मेहनत और मुश्कत के साथ शहर के सभी डंपिंग स्थलों को समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना है। थानेसर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इस स्वच्छता अभियान के तहत शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं और एनजीओ भी पूरा सहयोग कर रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घरों व दुकानों के कचरे को किसी भी डंपिंग स्थल या सडक़ों के किनारे ना फेंके अपितु डोर टू डोर आने वाले टिप्परों में ही कचरे को डाले।

# बिना अनुमति के सीवर लाइन के लिए खोदी सड़क से ग्रामीण हो रहे परेशान

**असंध, 28 जून ( दलसिह मान ) :** भले ही गांव बल्ला में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत सिविल लाइन डाली जा रही है, लेकिन इसमें ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा हजारों लोग भुगत रहे हैं। योजना के तहत डाली जा रही सीवर लाइन के लिए बल्ला से बाल पवाना संपर्क मार्ग पर रिहायशी क्षेत्र में सड़क को पूरी तरह से उखाड़ दिया गया है। कस्बे में सीवरेज लाइन दबाने का कार्य पिछले एक माह से जारी है। संबंधित विभाग ने सीवरेज लाइन दबाकर सड़क मार्ग को दुरुस्त नहीं किया है। हैरानी की बात तो यह है कि इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से अनुमति भी नहीं ली गई है। सीवरेज पाइप लाइन दबाने के नाम पर इस मार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यातायात बाधित होने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। जानकारी के मुताबिक प्रावधान यह है कि ज्यादा यातायात वाली सड़क पर सीवर लाइन डालनी है तो ऐसे वक्त पर काम किया जाना चाहिए जब सड़क से निकलने वाले लोग परेशान ना हो, लेकिन रिहायशी क्षेत्र में इस बात पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण कृष्ण मान, वीरेंद्र, रणधीर सिंह, जसवीर, राम मेहर, विकास, सचिन, नरेंद्र, ओमप्रकाश ने बताया कि पिछले एक माह से इस सड़क मार्ग पर सीवरेज लाइन दबाने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन इस एक माह के दौरान 1 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन दबाने का कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। जिस रास्ते पर सीवर लाइन दबाई गई है उसे पर बरसात में पानी भर गया है और राहगीरों का पैदल निकलना भी दुभर है। ग्रामीण समस्या को लेकर विधायक से लेकर उच्च अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। लोक निर्माण संपर्क विभाग के एसडीओ संजीव तवर ने शनिवार को सीवरेज लाइन दबाने के कार्य को यह कहकर बंद करवा दिया की जन स्वास्थ्य विभाग ने पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क खोदने की अनुमति नहीं ली है, और न ही सीवरेज दबाने के समय संबंधित विभाग का कोई अधिकारी भी मौजूद नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उखाड़ी गई सड़क को शीघ्र दुरुस्त किए जाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।



# बालकों ने अपने प्रचालन में सांख्यिकीय विश्लेषण को किया शामिल

**कोरबा, 28 जून ( निस ) :** एल्यूमिनियम उत्पादन एक उच्च-सटीकता वाली प्रक्रिया है जो व्यापक रूप से आंकड़ों पर निर्भर करती है। बॉक्साइट की खुदाई से लेकर गुणवत्ता युक्त एल्यूमिनियम उत्पादों की कास्टिंग तक, उत्पादन की हर चरण में मजबूत सांख्यिकीय निगरानी और आंकड़ों का विश्लेषण एक आधारशिला की भूमिका निभाती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर बालको मानता है कि आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रचालन की गुणवत्ता, स्थिरता और दक्षता को लगातार बेहतर बनाने के साधन हैं।

बालको ने अपने सभी प्रचालन में सांख्यिकीय विश्लेषण को शामिल करते हुए रियल टाइम में डेटा मॉनिटरिंग को निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाया है। इससे कार्यों से जुड़े मानकों की निगरानी होती है, जिससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग, उत्सर्जन में कमी और उत्पादन की गुणवत्ता सुनिश्चित हुई है।

धातु उत्पादन में निगरानी के महत्व को बताते हुए बालको के कर्मचारी करिवेदा श्रीकांत ने कहा कि डेटा मॉनिटरिंग मेरे दैनिक कार्य का एक अनिवार्य हिस्सा है। हम स्मेल्टर्स की मिनट-दर-मिनट निगरानी करते हैं ताकि पॉट रूम से होने वाला उत्सर्जन निर्धारित मानकों के भीतर रहे। यह सजगता हमें लगातार उत्सर्जन घटाने में मदद की है, जिससे एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित होता है।

बालको में कार्यरत प्रोसेस कंट्रोल प्रमुख अभिषेक पटेल कहते हैं कि पॉट रूम एक जटिल प्रणाली की तरह कार्य करता है। तापमान, वोल्टेज, कच्चे माल का इनपुट और धातु की शुद्धता जैसे महत्वपूर्ण मानकों की लगातार निगरानी करना आवश्यक है। यह हमें तकनीकी स्थिरता बनाए रखने और उच्च गुणवत्ता के साथ अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित करने में मदद करता है।

डिजिटल तकनीक के माध्यम से प्रचालन को सरल बनाने की भूमिका पर चर्चा करते हुए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, प्रमुख श्री नवदीप अग्रवाल ने बताया कि डेटा इंटीग्रेशन ने हमारे कार्य के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। रियल-टाइम एनालिटिक्स और प्रीडिक्टिव मेंटेनेंस की मदद से हमने न केवल फैसले लेने की गति बढ़ाई है, बल्कि मशीनों के ठप होने का समय भी घटाया है तथा उत्पादकता को बेहतर किया है। इससे बाजार की मांगों के प्रति हमारी प्रतिक्रिया भी अधिक सटीक और तेज़ बनी है।

निरंतर नवाचार और रणनीतिक आंकड़ों के उपयोग के माध्यम से बालको ने अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम किया है साथ ही उत्पादन की गुणवत्ता और दक्षता को भी बेहतर बनाया है। सांख्यिकीय विश्लेषण से प्राप्त सूचनाएं नीतिगत निर्णयों को दिशा देती हैं, जिससे अनुपालन, दक्षता और गुणवत्ता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचना संभव हो रहा है। यह सब एक मज़बूत निगरानी प्रणाली पर आधारित है। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर बालको यह दोहराता है कि संख्याएं केवल रिकॉर्ड नहीं बल्कि सशक्त साधन हैं, जो संगठन को 'शून्य हानि', उत्कृष्ट संचालन और एक सतत राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपने विज़न को साकार करने में सक्षम बनाती हैं।

# इंद्री विधानसभा की 42 सडक़ों के नवीनीकरण के लिए 57 करोड़ 29 लाख रुपए की राशि स्वीकृत : रामकुमार कश्यप

**इंद्री, 28 जून ( बिशपाल राणा ) :** विधायक एवं चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने इंद्री विधानसभा की 42 सडक़ों के नवीनीकरण के लिए 57 करोड़ 29 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन सडक़ों के नवीनीकरण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और विकास को गति मिलेगी। इन सभी सडक़ों का कार्य सितंबर तक शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इंद्री विधानसभा क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है।

सडक़ों के नवीनीकरण से क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय जुड़ेगा। यह राशि क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सडक़ों के चौड़ीकरण और निर्माण से क्षेत्र में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश सरकार विकास कार्यों को लेकर प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल नई परियोजनाओं की शुरुआत कर रही है, बल्कि पुरानी लंबित परियोजनाओं को भी तेजी से पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का विजन एक ऐसे हरियाणा का निर्माण करना है जो आर्थिक रूप से मजबूत हो, सामाजिक रूप से समरस हो और प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करे।

**इन सड़कों का होगा नवीनीकरण**

विधायक एवं चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने बताया कि करोड़ों रूपये की लागत से हलके की 42 सडक़ों का नवनिर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हलके की जिन सडक़ों का नवनिर्माण कार्य होना निश्चित हुआ है उनमें मैनमती अपरोच रोड, कुंजपुरा से जडौली, बड़ागांव से कुंजपुरा, कादराबाद अपरोच रोड, रंदौली अपरोच रोड, रम्बा से खेड़ी मान सिंह, रंदौली बुद से जपती छपरा, बड़ागांव से जयरामपुर, सिंकदरपुर अपरोच रोड, बीबीपुर अपरोच रोड, सैयद छपरा अपरोच रोड, चौंगावा से खुखनी रोड, मनोहरपुर अपरोच रोड, रसूलपुर अपरोच रोड, राजेपुर अपरोच रोड, उमरपुर अपरोच रोड़, धनौरा से कलरा, कलवेडी अपरोच रोड, नबीपुर बंद अपरोच रोड, संगौहा से जयरामपुर, शाहपुर रोड, खेड़ी मान सिंह से पधाना, बीबीपुर जाटान अपरोच रोड, फाजलपुर से शाहपुर, मुरादगढ़ से फाजलपुर, घिसरपडी अपरोच रोड, अमरगढ़ अपरोच रोड, पुंडरक से रूखनपुर रोड, ब्याना से शाहपुर, पटहेड़ा से राजेपुर, नन्हेड़ा से खेड़ा, कुंजपुरा से जडौली मुगलमाजरा, गौरगढ़ से खेड़ी मानसिंह, मुखाला से गढ़ी बीरबल, गुमटो से सिकरी, बजीदपुर अपरोच रोड, गढ़ी साधान अपरोच रोड, रामगढ़ अपरोच रोड, बुटानखेड़ी अपरोच रोड, खेड़ी जाटान अपरोच रोड, उडाना अपरोच रोड, गढ़ी साधान से पंजोखरा तथा गांव मुसेपुर से इन्द्री, गढ़ी बीरबल नजदीक तुसंग पुल तक आदि सडक़ों का नवनिर्माण का कार्य किया जाएगा।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के समाज हित में किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री

**भोपाल, 28 जून ( निस ) :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज हित में जो कार्य किए गए हैं उनका हम स्मरण करते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के नाम से स्मारक बनाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इसके द्वितीय चरण के विकास कार्यों का भूमिपूजन शीघ्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को ग्वालियर के जौरासी में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम का अवलोकन करते हुए यह बात कही। डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम के अवलोकन के अवसर पर कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में निर्मित किए जा रहे बाबा अम्बेडकर धाम के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। मेरे साथ केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित वरिष्ठजन भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज में किए गए कार्यों को सदैव याद किया है। हमने मऊ में डॉ. अम्बेडकर के भव्य स्मारक का निर्माण कराया और हर साल अम्बेडकर की जयंती पर वहाँ कुंभ लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। ग्वालियर के जौरासी में भी डॉ. अम्बेडकर धाम का भव्य निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जौरासी में निर्मित अम्बेडकर धाम में डिजिटल लाइब्रेरी, म्यूजियम, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि का निर्माण किया जा रहा है। धाम के द्वितीय चरण में अन्य आधुनिक सुविधाओं को भी जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अम्बेडकर धाम पहुँचकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# एडीसी ने तैराकों की टीम के साथ इंग्लिश चैनल किया पार

***इंग्लैंड से फ्रांस तक समुद्र के 12 डिग्री ठंडे पानी में करीब 47 किलोमीटर रिले तैराकी सफलतापूर्वक की पूरी***

**कैथल, 28 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** व्यक्ति के अंदर कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। इस बात को साबित कर दिखाया है कैथल में एडीसी के पद पर तैनात दीपक बाबू लाल करवा व उनकी टीम ने।



इस अभियान के तहत टीम ने इंग्लैंड से फ्रांस तक समुद्र के 12 डिग्री ठंडे पानी में करीब 47 किलोमीटर लंबे इंग्लिश चैनल को रिले तैराकी करके सफलतापूर्वक पार किया। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि प्राइड ऑफ इंडिया नाम से दो टीम बनाई गई। जिसमें देश भर से कुल 12 तैराक शामिल हुए। वे पांच जून को केंटरबरी यूके पहुंच गए थे।

उन्होंने दो टीमों मे अलग अलग तारीख में अभियान शुरू किया। उनकी छह सदस्यों की टीम 16 जून को समुद्र में उतरी और करीब साढ़े 13 घंटे में चैनल को पार कर दिया। वहीँ दूसरी टीम ने 18 जून को अभियान शुरू किया और 11 घंटे 19 मिनट मे चैनल पार किया। टीम में उत्तर प्रदेश से आईएएस अभिनव गोपाल, हरियाणा के चरखी दादरी से ईशांत सिंह व महेंद्रगढ़ के गांव बाघोत गांव से राजबीर सिंह, कर्नाटक से अमन शानबाग व मुरीगेप्पा रावसब चन्नानवर, महाराष्ट्र से मानव मोरे, आयुषी कैलाश अखाड़े, आयुष प्रवीण तावड़े तथा श्रुति विनायक कानाडे, आंध्र प्रदेश से गणेश चालागा तथा पश्चिम बंगाल से राबिन बोडले शामिल रहे।

# रात में ढाई इंच बारिश से शहर में जलप्लावन, अगले 24 घंटों में भारी बारिश की संभावना

**जबलपुर, 28 जून ( निस ) :** शुक्रवार की देर रात शहर में हुई तेज बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। करीब 5 घंटे में ढाई इंच बारिश से शहर में जलप्लावन की स्थिति बन गई। दिनभर से मौसम खुला रहा7 रात को बिना गरज चमक के तेज बारिश शुरु हो गई जो देर रात तक जारी रही। इसके बाद शनिवार को मौसम खुला रहा और बादल छाए रहे। रात में फिर बारिश के आसार बनने लगे थे। रात 10 बजे से शुरू हुई बारिश देर रात करीब 3 बजे तक जारी रही।

इस दौरान करीब ढाई इंच से अधिक वर्षा दर्ज हुई। शहर के निचले इलाके जलमग्न हो गये। सुबह के वक्त स्कूल आने जाने वाले बच्चों को खासी परेशानी हुई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

शुक्रवार की रात हुई बारिश से कही जगह जलप्लावन के हालात बने7 लोगों के घरों में पानी घुस गया7 शहर के गोलबाजार, अग्रवाल कालोनी, दीक्षितपुरा, चेरीताल, दमोहनाका, झाडू मोहल्ला, उपरैनगंज, आमनपुर, गंगानगर, चंदनकालोनी, सिविक सेंटर, मुकादमगंज, प्रिंस स्ट्रीट नरघैया सहित कई निचले हिस्से जलमग्न हो गए। लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुस गया था।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी से उठे मानसूनी बादल राजस्थान होते हुये छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में सक्रिय हैं। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल 73 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 67.6 मिमी (ढाई इंच) वर्षा के बाद 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 208.07 मिमी (लगभग 8 इंच) दर्ज किया जा चुका है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 4 से 8 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.28 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा 29.08 मिमी हुई थी। जबकि कुल वर्षा 89.4 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

# श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति कैथल द्वारा पांच देवियों के दर्शन के लिए 60वीं एवं 61वीं निःशुल्क धार्मिक यात्रा

**कैथल, 28 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति कैथल द्वारा कागडा देवी, चामुंडा देवी, ज्वालाजी, चिंतपूर्णी और नैना देवी के लिए धार्मिक बस यात्रा रवाना की, जिसके मुख्य अतिथि शहर के जाने-माने समाजसेवी विनोद गुप्ता मौके पर पहुंचे। संस्था के प्रधान मनोज सिंगला जी ने उनका स्वागत किया संस्था के सदस्य सोमनाथ और पंकज मित्तल ने उनको पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। चिराग बंसल और प्रकाश बंसल ने विनोद जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विनोद गुप्ता ने कहा कि श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति द्वारा जो पांचो देवियों के दर्शन कराए जा रहे हैं यह एक सराहनीय कार्य है। इस संस्था द्वारा शहर में अनेकों धार्मिक एवं सामाजिक कार्य किए जाते है, जिससे लोग काफी लाभान्वित हो रहे हैं और उन्होंने कहा कि वे संस्था के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। संस्था द्वारा हर महीने नि:शुल्क संकीर्तन किए जाते है। सावन के महीने में आठ दिनों तक 16 तारीख से 23 तारीख तक 19वां विशाल भंडारा लगाया जाएगा जिसमें सभी कांवड़ियों के लिए दवाई, खाने पीने एवं रहने की व्यवस्था की जाएगी। संस्था का अगला उद्देश्य 11 गरीब कन्याओं का विवाह कराने का है। चिराग बंसल ने कहा कि संस्था द्वारा हर महीने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाते हैं। इस अवसर पर मनोज सिंगला, चिराग बंसल, सोमनाथ गर्ग, जुगल किशोर, पंकज मित्तल, प्रेम मंगला, राजकुमार खोखरी, जगदीश कोहलिया, मुकेश मित्तल, सोनू शर्मा, चिराग बंसल व भीमसेन वधवा अन्य उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री मोदी को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से अलंकृत करना सम्पूर्ण सनातन अनुयायियों के लिए गर्व का विषय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

***प्रधानमंत्री का आचार्य विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह में हुआ सम्मान, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का किया अभिनंदन***

**भोपाल, 28 जून ( निस ) :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रदेशवासियों की ओर से आत्मीय अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपराओं ने सदैव ही विश्व को प्रकाशित किया है। प्रधानमंत्री मोदी को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से अलंकृत करना सम्पूर्ण सनातन अनुयायियों के लिए गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि आचार्य विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह में आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज ने प्रधानमंत्री मोदी को धर्म, नीति सेवा, आत्मबल और राष्ट्र के समग्र विकास के संकल्प को साकार करने के लिए यह उपाधि प्रदान की गई।

समारोह में बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष के सफल कार्यकाल में उनके नेतृत्व में राष्ट्र प्रथम की भावना का जनचेतना में प्रभावी संचार करते हुए भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने का कार्य किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अहिंसा, पर्यावरण और स्वदेशी चिंतन, सांस्कृतिक सोच, विश्व शांति और जन-कल्याण के प्रयासों से देश को विश्व में गौरवपूर्ण स्थान दिलवाया है। प्रधानमंत्री मोदी के इस योगदान के लिए ही उन्हें धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से विभूषित किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थीतियों में व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर की अपनी जीवन लीला समाप्त



**करनाल, 28 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** गांव घोघड़ीपुर फाटक के पास एक 70 वर्षीय व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थीतियों में ट्रेन के आगे आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। व्यक्ति की शिनाख्त पानीपत जिले के गांव रेरकलां के रहने वाले कंवल सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही जी.आर.पी पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस के लिए भिजवा दिया है। मौके पर पुलिस द्वारा परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि कंवल सिंह मानसिक तौर पर परेशान था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बसपा पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए जरूरी दिशा निर्देश : दलबीर भान



**कैथल, 28 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** कैथल बसपा की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता बसपा के प्रदेश प्रभारी दलवीर भान ने की बैठक में अन्ना मुद्दों पर विचार विर्मश हुआ। बहुजन समाज पार्टी हरियाणा प्रदेश के तत्वाधान में जोन नं 1 के अंतर्गत आने वाले जिला करनाल की विधानसभा घरौंडा, इंद्री की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में विशाल गुर्जर प्रदेश प्रभारी हरियाणा एवं दलबीर भान प्रदेश प्रभारी हरियाणा शामिल हुए। बैठक में जिला करनाल से रामदास करनवाल प्रदेश सचिव हरियाणा, रणबीर पाल प्रदेश सचिव हरियाणा एवं जोन प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला कार्यकारणी, विधानसभा कार्यकारणी मौजूद रही और सभी विधानसभा घरौंडा, इंद्री के पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। आगामी जरूरी दिशा निर्देशों को सभी पदाधिकारियों को अवगत करवाया गया।

## अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा




**करनाल, 28 जून ( संदीप रोहिला ) :** जिला नगर योजनाकार ने बताया कि गत दिवस कैथल रोड पर पनप रही दो अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से एक अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 3.5 एकड़ में कैथल रोड पर गन्दा नाला के पास स्थित है जिसमें सभी तीन डी.पी.सी., एक डीलर कार्यालय, चारदीवारी, सीवर नेटवर्क एवं कच्ची सडक़ के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार से दूसरी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग छह एकड़ में कैथल रोड पर पेट्रोल पम्प के पीछे स्थित है जिसमें तीन डी.पी.सी., छह चारदीवारी एवं पक्की/कच्ची सडक़ों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान जिला नगर योजनाकार, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही। जिला नगर योजनकार ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध कालौनी में कोई निर्माण न करें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफ़ोड़ की कार्रवाई जारी रहेगी। दोषियों के विरुद्ध मामले दर्ज करवाये जाएंगे।

## आर्य समाज का मासिक सत्संग आज



**सफीदों, 28 जून ( एस.के. मित्तल ) :** आर्य समाज सफीदों के प्रधान यादविंद्र बराड़ ने बताया कि समाज का मासिक वैदिक सत्संग आज 29 जून रविवार को सुबह 8 से 12 बजे तक नगर के नहर पूल स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भजनोपदेशकमहाशय कुलदीप भास्कर घरौंडा (करनाल) तथा प्रवचनकर्ता स्वामी धर्मदेव महाराजा (गुरूकुल पिल्लूखेड़ा) शिरकत करके आर्य समाज की अलख जगाएंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन सुबह हवन होगा और प्रवचन के उपरांत ऋषि लंगर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा इस सत्संग में शिरकत करके धर्म लाभ कमाएं।

## नदी नालो की साफ सफाई का कार्य किया जा चुका पूरा : कपिल कुमार

**पिहोवा, 28 जून ( विवेक ) :** उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि बारिशों के सीजन के चलते उपमंडल पिहोवा में बरसाती पानी का भराव तथा पानी की निकासी जैसी कोई समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा उपमंडल पिहोवा के सभी नदी नालों तथा सीवरेजों की सफाई के साथ-साथ उनकी मुरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। एसडीएम कपिल कुमार ने शनिवार को उपमंडल पिहोवा के विभिन्न गांवों का दौरा किया तथा तथा बरसाती सीजन के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पिहोवा ड्रेन, सरस्वती नदी, गुलडेरा, टयूकर, जखवाला, तंगौली, जलबेडा, मैसी माजरा सहित विभिन्न गांवों में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी जगहों पर साफ सफाई के कार्य की जांच की। जांच के दौरान पाई गई कमियों को दुरूस्त करने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश दिए गए। अधिकारियों को आदेश देते हुए उन्होंने कहा कि बारिश सीजन में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। ग्रामीण क्षेत्र में किसी प्रकार का नुकसान न हो। इस अवसर पर सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्टेशन के नजदीक झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में जागरुकता शिविर

**करनाल, 28 जून ( परमजीत कौर ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन के मार्गदर्शन में यहां रेलवे स्टेशन के नजदीक झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में आज जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीजेएम डा. इरम हसन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सिविल अस्पताल के सौजन्य से 24 से 30 जून तक जिला के विभिन्न स्थानों पर नशा निषेध व एच आई वी के बारे में जागरूकता शिविरों का



आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इनमें सिविल अस्पताल से काउंसलर डा. कांता रानी व ममता ने लोगों को नशे के शारीरिक व मानसिक नुकसान के बारे में जानकारी दी और जीवन मे कभी नशा न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति नशे से ग्रस्त हो तो वह इलाज के लिए कमरा नं 18, सिविल अस्पताल व एच आई वी की जांच के लिए कमरा नं 3, जनरल प्रयोगशाला, सिविल अस्पताल में संपर्क कर सकता है। उन्होंने एच आई वी/ एसटीआई बीमारी के लक्षण व बचाव के उपाय भी बताए। एच आई वी/एसटीआई संबंधित किसी भी जानकारी के लिए 1097 टोल फ्री हेल्पलाइन नं. पर संपर्क कर सकते है। पैरा लीगल वालंटियर पूजा ने मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। यह भी बताया कि यदि किसी भी एच आई वी संक्रमित व्यक्ति व उसके साथ रहने वाले व्यक्ति के अधिकारों का हनन होता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सेवा व सहायता प्राप्त कर सकता है। यदि किसी के अधिकारों का हनन होता है तो इस एक्ट के तहत दंड या जुर्माना या दोनों भी हो सकता है।

## हकृवि में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**हिसार, 28 जून ( महेंद्र गोयल ) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शनिवार को विभिन्न स्नातक व स्नात्तकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पवन कुमार ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया।

आज जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी



चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 9094 उम्मीदवारों ने आवेदन किए थे जिसमें 8441 उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा के लिए योग्य पाए गए। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6639 परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

## कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह

**लाडवा, 28 जून ( रामगोपाल ) :** इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। विद्यार्थी प्रवेश से संबधित जानकारियां लेने के लिए कॉलेज परिसर में भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ कुशल पाल ने बताया कि कॉलेज में बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. संकाय में प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाने



के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई गई है। जिससे विद्यार्थियों को अपने सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों को सुव्यवस्थित रूप से लगाने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें साथ ही उन्होंने बताया कि प्रथम सूचि की अन्तिम तिथि 30 जून तक की है। इसीलिए विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया के लिए रविवार को भी कॉलेज खुला रहेगा। कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए प्राचार्य डॉ कुशल पाल ने विद्यार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि अपने मन पसंद विषय लेने के लिए समय रहते अपने दाखिला प्रक्रिया को पूर्ण कर लें नहीं तो बाद में विद्यार्थियों को सिमित विषयों में प्रवेश लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के माता-पिता को भी कॉलेज आने के लिए आर्मत्रित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के माता-पिता को भी अपने बच्चों के साथ कॉलेज आना चाहिए। जिससे माता-पिता भी कॉलेज के वातावरण से परिचित हो सकें।

## आदेश अस्पताल को अंग पुन: प्राप्ति की मिली मान्यता

**शाहाबाद मारकण्डा, 28 जून ( रूबी ) :** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए आदेश मैडिकल कालेज एवं अस्पताल मोहड़ी को हरियाणा सरकार द्वारा अंग पुन: प्राप्ति हेतु अधिकृत अस्पताल घोषित किया गया है।

यह जानकारी देते हुए आदेश के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि यह मान्यता मिलने के साथ ही आदेश अस्पताल राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सॉट्टो) तथा राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नॉट्टो) की सूची में शामिल हो गया है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि इसे



पीजीआई रोहतक के बाद हरियाणा का दूसरा ऐसा मैडिकल कॉलेज बन गया है जो अंग पुनःप्राप्ति में भागीदारी करेगा। इससे क्षेत्र में गंभीर रूप से बीमार रोगियों को जीवन रक्षक सहायता सुलभ हो सकेगी। आदेश के एम.डी. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि यह सिर्फ एक मान्यता नहीं, बल्कि एक बड़ा उत्तरदायित्व है। अब आदेश अस्पताल उन परिवारों के लिए आशा की किरण बनेगा जिन्हें प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। हम पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ इस सेवा को आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय से न सिर्फ आदेश अस्पताल को नई पहचान मिली है, बल्कि इसका सीधा लाभ हरियाणा की जनता को मिलेगा।

## आज होगा पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन

**कैथल, 28 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल कैथल में मन की बात कार्यक्रम को लेकर एक मीटिंग रखी गई है जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक धूमन सिंह किरमच पहुंचे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रीमति ज्योति सैनी ने की। जिलाध्यक्षा ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि घूमन सिंह ने कहा कि मीटिंग में इस बार पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम को बूथ स्तर तक सफल और अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ाने इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने रविवार 29 जून, 2025 को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देश को संबोधित करेगें। हर महीने प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की यह 123वीं कड़ी होगी।

इस कार्यक्रम के लिए आप भी अपने विचार और सुझाव साझा कर सकते है। प्रधानमंत्री मोदी उनमें से कुछ चयनित विचारों और सुझावों को अपने कार्यक्रम में शामिल करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आमतौर पर हर माह आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे रेडियो के माध्यम से देशवासियों से मन की बात करते हैं।

प्रधानमंत्री का लोगों के साथ यह संवाद काफी लोकप्रिय है। इस रेडियो कार्यक्रम को तमाम न्यूज चैनल भी प्रसारित करते हैं। इस कार्यक्रम के लिए आप भी अपने विचार एवं सुझाव साझा कर सकते है। पीएम मोदी उनमें से कुछ चयनित विचारों एवं सुझावों को अपने कार्यक्रम में शामिल करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आप टोल फ्री नंबर 1800-11-7800 पर फोन कर संदेश रिकॉर्ड करा सकते हैं। फोन लाइन 27 जून, 2025 तक खुले रहेंगे। आप 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एसएमएस में प्राप्त लिंक के जरिए भी सीधे प्रधानमंत्री तक अपने सुझाव पहुंचा सकते हैं। इसके साथ ही नमो एप या माईगॉव पर लिख सकते हैं।

इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक राजेश बिढान जी, चेयरमैन जिला परिषद करमवीर कौल, वाइस चेयरमैन करमवीर फौजी, महामंत्री सुरेश संधू, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित, जिला आईटी प्रमुख बलविंदर जांगडा, रविंद्र, सभी मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेतागण और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में बढ़ रहा हर विभाग में भ्रष्टाचार, पुलिस की छवि हो रही खराब : शमशेर सिंह गोगी

**असंध, 28 जून ( दलसिह मान ) :** करनाल जिले में पुलिस की खाकी बदनाम हो रही है और निसिंग थाने में बार बार पुलिस अधिकारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार होने से भी पुलिस की छवि खराब हो रही वही भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। उक्त विचार पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने यहां प्रकट किए। उन्होंने कहा कि निसिंग के अलावा असंध नगर पालिका में भी स्टील कुर्सी खरीद घोटाले के सामने आने और मामला थाने में जाने से भाजपा नेताओं की कलई खुल गई। उन्होंने



बताया कि करनाल जिले में सरकारी विभागों में सरकारी अधिकारियों और कर्मियों द्वारा आमजन के कार्य बिना रिश्वत के नही हो रहे है और इसका प्रमाण निसिंग थाने से रिश्वत लेने के मामले में काबू आए सब इंस्पेक्टर अजायब सिंह का कारनामा बता रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि असंध नगर पालिका में स्टील कुर्सी घोटाले को जब एक पार्षद प्रतिनिधि द्वारा सामने लाया गया तो मामला दाबने हेतु थाने में मामला भेज दिया गया। असंध एसडीएम या जिला उपायुक्त को चाहिए था कि मामले की जांच विजिलेंस के अधिकारियों को सौंपी जाए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। पूर्व विधायक ने बताया कि भाजपा राज में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ऐसा कोई भी विभाग नहीं है, जहां पर भ्रष्टाचार ना हो। सरकार की कार्यप्रणाली से हर वर्ग त्रस्त हो चुका है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरजीत राणा, पूर्व सिटी प्रधान जितेन्द्र चोपड़ा, कांग्रेस नेत्री अधिवक्ता सोनिया बोहत व युवा अध्यक्ष जतिन बिंदल सहित अन्य मौजूद रहे।

## 29 जून के संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को दिया जाएगा भव्य स्वरूप



**हिसार, 28 जून ( महेंद्र गोयल ) :** महाभारतकाल की स्मृतियों को संजोने वाले बीड़ बबरान धाम में 29 जून को श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे और श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। इस दौरान भजन गायक श्याम बाबा की महिमा से भी साक्षात्कार करवाएंगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की बीड़ बबरान धाम व श्याम बाबा के प्रति अगाध आस्था है। इसलिए 29 जून के संकीर्तन में काफी संख्या में भक्तगण उमड़ेंगे और बाबा की स्तुति करेंगे। संकीर्तन सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि संकीर्तन के दौरान श्याम बाबा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है और संकटों का निवारण होता है। उन्होंने कहा कि संकीर्तन में पधारने वाले श्रद्धालुओं को धाम में स्थापित श्याम बाबा के दरबार, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष, अखंड जोत, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन का अवसर मिलेगा।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा 37 लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई

*नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा शनिवार को लाडवा के वार्ड नंबर 5 और 6 में स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएगी*



**बाबैन, 28 जून ( राजेश कुमार ) :** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल यूनिट ने बाबैन में नगरखेड़ा प्रांगण में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है। आज मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 37 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई व रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। अब मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा शनिवार को लाडवा के वार्ड नंबर 5 और 6 में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## फर्जी लोन एप से रहे सावधान, बगैर ऋण लिए भी हो जाएंगे कर्जदार : एसपी आस्था मोदी

**कैथल, 28 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** साइबर अपराधी भिन्न तरीके अपनाकर आमजन के साथ साइबर ठगी कर रहे है। एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार आमजन को साइबर अपराधो से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जो इसी तहत साइबर अपराध के एक तरीके बारे कैथल पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि वर्तमान समय में फर्जी लोन एप के माध्यम से आसान तरीके से कर्ज मिलने के चक्कर में लोग अपनी जान गवां रहे है क्योकि आजकल आसानी से ऑनलाइन लोन एप के जाल में सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं।

जो कर्ज मंजूर करते वक्त फर्जी कंपनियां आवेदक का फोन हैक कर लेती हैं और फिर किस्त व ब्याज न देने पर अश्लील फोटो बनाकर बदनाम करने लगते हैं। कर्मचारी आवेदक के रिश्तेदारों, परिचितों और रिश्तेदारों को फोन कर अपशब्दों का भी प्रयोग करते हैं जिस बदनामी के डर से लोगो गलत कदम उठा लेते है। ऐसे फर्जी लोन एप से सावधान रहें और डरे नही। अगर कोई व्यक्ति आपको ब्लैकमेल करता है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें इसके अलावा नजदीकी पुलिस स्टेशन जाकर साइबर हेल्पडेस्क की मदद लें। जब लोन देने वाले ऐप के रिकवरी एजेंट कॉल करते धमकियां देकर ज्यादा पैसे वसूलते है और आपके द्वारा पुरी किस्त देने पर भी आप पर कर्ज दिखाती है। फिर 6-7 दिन में लोन पर कर्ज की कुल राशि का दोगुना ब्याना मांगा जाता है। फिर कर्जदाता चुकाने में नाकाम होने पर उनकी तस्वीरों में फेरबदल करके उनकी आपत्तिजनक बनाकर सार्वजनिक किया जाता है। जिससे डिप्रेशन में आकर कुछ कर्जधारक खुद को नुकसान भी पहुंचाते है।

## धूमधाम से मनाया जाएगा लोसुपा सुप्रीमो राजकुमार सैनी का जन्मदिन : सुषमा लाठर

**सफीदों, 28 जून ( एस.के. मित्तल ) :** लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी की महिला जिला जींद अध्यक्ष सुषमा लाठर व प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेश जांगड़ा खनौदा ने बताया कि पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व सांसद राजकुमार सैनी का जन्मदिन आगामी 1 जुलाई को दोपहर 2 बजे अंबेडकर भवन, सेक्टर-8, कुरुक्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाएगा और इस कार्यक्रम में सफीदों विधानसभा व जींद जिला से भारी तादाद में कार्यकर्त्ता शिरकत करके उनके अच्छे स्वास्थ्य, सुखी जीवन और समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की कामना करेंगे। इस समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी जोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि राजकुमार सैनी एक सच्चे देशभक्त और समाजसेवक हैं, जिन्होंने अपने जीवन को समाज के उत्थान और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता ने लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी को एक मजबूत और प्रभावशाली संगठन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



# पारदर्शिता और व्यवस्था सरल की बदौलत आमजन में सन्तुष्टिभाव : डॉ अरविंद शर्मा

**गोहाना, 28 जून ( ब्यूरो ) :** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा बीते 11 साल में पारदर्शिता और व्यवस्था को सरल बनाया गया है, इससे आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्होंने कहा कि सैंकड़ों योजनाओं का घर बैठे लाभ उठाने की व्यवस्था की बदौलत आज आमजन में भाजपा सरकार के प्रति संतुष्टि का भाव है। शनिवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सिंचाई विश्राम गृह में नियमित साप्ताहिक दरबार लगाते हुए क्षेत्रवासियों से जनसंवाद किया। विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्र से आए सैंकड़ो लोगों से मुलाकात करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना व इसके उपरांत उनकी समस्याएं सुनी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने



अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब भी कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर सरकारी कार्यालय में जाए तो उसकी बात को प्राथमिकता से सुनते हुए उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए उनकी समस्या का मौके पर ही निपटान करेंगे तो उनकी परेशानियां दूर हो जाएंगी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बीते 11 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, वंचित व जरूरतमंद के उत्थान को लेकर प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इससे आमजन में भाजपा सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निरन्तर आमजन, किसान, युवा, महिला, गरीब कल्याण की दिशा में काम कर रही है। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता की बदौलत आज युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनमें प्रतियोगी भावना बढ़ी है। यही नहीं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का भी लाभ उठाकर युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**युवाओं में जनसेवा की भावना से समाज को होगा लाभ : डॉ अरविंद शर्मा**

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने खरखौदा विधायक पवन खरखौदा के साथ गांव पिनाना में घेवर मित्र मंडली के स्टाल का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने राकेश ठेकेदार, अमित ढीला की सराहना करते हुए कहा कि मित्र मंडली ने आसपास के इलाके में अपनी सेवा भावना के साथ जो काम किया है, वो आजकल के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा गौसेवा हमारे संस्कारों में है। इन युवाओं की टोली ने घेवर मंडली के माध्यम से विभिन्न गौशालाओं में मूलभूत सुविधाओं के लिए बड़ी राशि देने का काम किया है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी निरन्तर गौसेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहे हैं। गौशालाओं के लिए 500 करोड़ रुपए सालाना बजट मंजूर किया गया है, ताकि गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सोनीपत, रोहतक जिला में गौसेवा को लेकर जबरदस्त भावना है। ऐसे में हमें मिलकर गौसेवा के संकल्प को निरन्तर मजबूत करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सैनिक स्कूल में पहला स्थान पाने वाली सिरत नरवाल को 11 हजार रुपए देकर सम्मानित किया।

# पर्यावरण संरक्षण समिति ने बढ़ाये गए बिजली रेटों को वापिस करवाने के लिए कन्वैंशन बुलाई : एस.डी. अरोड़ा

**करनाल, 28 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा सैक्टर 13 के मंदिर में समिति की कन्वैंशन बुलाई गई और बढ़ाए गए बिजली के रेटों बारे रोष प्रकट किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि 0 से 200 यूनिट तक बिजली रेटों में 2 प्रतिशत तक बढ़ाकर और 200 यूनिट से ज्यादा खपत पर अगली स्लैब के अनुसार 7 प्रतिशत तक रेट बढ़ जाता है। गर्मियों के सीजन में मीडियम वर्ग की घरेलु बिजली की खपत 200 यूनिट से ज्यादा हो जाती है और स्लैब के अनुसार बिजली का बिल डबल से भी ज्यादा आता है जोकि सरासर अन्याय है। यहां पर यह बताना भी उचित है कि प्राइवेट कालोनियों में लोग बिना बिजली मीटर के सबमर्सीबल पम्प चला रहे हैं और बिजली का नाजायज उपयोग कर रहे हैं। कारखानों एवं



फैक्ट्रियों में बिजली की लाईनों से डायरेक्ट तारें जोडक़र मुफ्त में बिजली का दुरुपयोग कर रहे हैं। बिजली निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उनको चैक नहीं करते और उस नाजायज खपत को रोक नहीं पाते हैं बल्कि जो गरीब और मध्यम वर्ग बिजली के बिल रेगुलर जमा करवा रहे हैं, बिजली निगम ने उनके स्लैब रेट बढ़ाकर उन पर और अधिक आर्थिक बोझ डाल दिया है जोकि गरीबों एवं मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के साथ सरासर ज्यादती और अन्याय है। अत: कन्वैंशन में समिति ने निर्णय लिया है और समिति बिजली निगम से मांग करती है कि बिजली के बढ़ाए गए रेट तुरंत प्रभाव से वापिस लिए जाएं और आमजन को इस अन्याय से राहत दी जाए। कन्वैंशन में समिति प्रधान अंजु शर्मा, चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा, हेमराज मित्तल, एडवोकेट सुरेश खन्ना, के.एल. नारंग, डॉ. पुष्पा सिन्हा, एस.के. चावला, आर.आर. अत्री, बाबु राम शर्मा, अर्जुन देव वर्मा, उमेश तनेजा, ओ.पी. सचदेवा, शशी आर्या आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सरकार प्रदेश की बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था की तरफ दे विशेष ध्यान : मेवा सिंह

**बाबैन, 28 जून ( राजेश कुमार ) :** कांग्रेस के पूर्व विधायक मेवा सिंह ने कहा कि शाहबाद के नजदीक एक होटल में दिन दिहाडे गोली चलने से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है और प्रदेश के लोग अब अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। मेवा सिंह बाबैन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

पूर्व विधायक मेवा सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले भी शाहबाद में शराब ठेकेदार की गुंडों द्वारा सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का दीवाला पिट चुका है। प्रतिदिन प्रदेश में लूट, हत्या, चोरी, डकैती, छीना-झपटी होना आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में गैगस्टरों के हौसले बुलंद है उन्हें शासन प्रशासन का किसी भी प्रकार का कोई डर नहीं



है। मेवा सिंह ने कहा कि आज प्रदेश में व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। आईलेट्स सैंटरों पर गोलियां दागी जा रही है। गुंडों के हौंसले बुलंद हैं, जो व्यापारी फिरौती नहीं देता उसकी हत्या कर दी जाती है। जिस पुलिस को लोगों की सुरक्षा करनी चाहिए वह वीआईपी सुरक्षा में लगी रहती है। भाजपा राज में पुलिस कर्मचारीयों को भी सरेआम धमकियां दी जा रही है। मेवा सिंह ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार को प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। जनता के जान-माल की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण कोई भी निवेशक हरियाणा में निवेश करने नहीं आ रहा है। जिससे पहले से बढ़ रही बेरोजगारी और अधिक बढ़ेगी इसलिए सरकार को इस ओर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

# भगवान जगन्नाथ 9 दिनों तक हनुमान मंदिर में प्रवास करेंगे

**हिसार, 28 जून ( महेंद्र गोयल ) :** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भगवान जगन्नाथ अपने अग्रज भ्राता बलभद्र व भगिनी सुभद्रा के साथ प्राचीन रिद्धि-सिद्धि हनुमान मन्दिर, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय से रथ में सवार होकर गाजे-बाजे व संकीर्तन करते हुए श्रद्धालुओं के साथ नगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए नागोरी गेट स्थित सनातन धर्म हनुमान मंदिर में पहुंचे। मंदिर प्रांगण में रथ यात्रा के पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चंद्र चौधरी एडवाकेट, वरिष्ठ उपप्रधान अंजनी कुमार गर्ग, सचिव मधुसूदन गुप्ता, संयुक्त सचिव बृजभूषण जैन, कोषाध्यक्ष रामकुमार गोयल व ट्रस्ट के अन्य सदस्यों व श्रद्धालुओं के साथ रथ यात्रा की अगुवानी की। मंत्रोच्चारण व शंख ध्वनि के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा को मंदिर में बनाई गई आकर्षक



बेदी पर स्थापित किया गया, जहां भगवान जगन्नाथ 9 दिनों तक प्रवास करेंगे।

इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ यात्रा के साथ आए गुजवि के अधिकारीगण, रिद्धि सिद्धि हनुमान मंदिर के सदस्यों व श्रद्धालुओं का हनुमान मंदिर ट्रस्ट के प्रधान व सदस्यों ने स्वागत किया। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की आरती उतारी गई। सभी श्रद्धालुओं में प्रशाद वितरित किया गया। रथ यात्रा के आगमन के अवसर पर डा. राजीव राजवंशी, धर्मपाल गोयल, विनोद गुप्ता, राकेश गुप्ता, मुकेश बांसल, संजीव कुमार, प्रवीण कुमार, राहुल अग्रवाल, बृजमोहन डालमिया, राजेश शर्मा, नरेश कुमार गर्ग, कर्ीितक मित्तल, रिद्धि सिद्धि मंदिर के पदाधिकारी रविन्द्र गोयल सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

# सैन धर्मशाला का विवाद सुलझा



**सफीदों, 28 जून ( एस.के. मित्तल ) :** नगर में स्थित सैन धर्मशाला के विवाद का शनिवार को निपटारा हो गया। सैन समाज की एक बैठक नगर की सैन धर्मशाला में संपन्न हुई। जिसमें सैन समाज के प्रदेशाध्यक्ष आजाद सिंह नंबरदार की अध्यक्षता में प्रदेशभर से सैन समाज के मौजिज लोग एकत्रित हुए। इस दौरान धर्मशाला में निजी स्कूल चलाने वाले संचालक डा. सत्यवान सैन ने समाज को धर्मशाला को खाली करके उसकी चाबी सौंप दी। साथ ही उसके द्वारा कोर्ट में जो स्टे ले रखा था, उस स्टे को वापिस ले लिया। इस दौरान समाज ने भाईचारे का संदेश देते हुए सारे मामले का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटारा कर दिया। बैठक में उपस्थित मौजिज लोगों ने कहा कि समाज के अथक प्रयासों से 9-10 साल पुराना विवाद खत्म हुआ और यह समाज के लिए गर्व का क्षण है। यह सौहार्दपूर्ण समाधान समाज के लिए एक बेहतरीन शुरुआत है। बता दें कि यह विवाद पिछले 9 साल से चला आ रहा था। समाज धर्मशाला को खाली करवाना चाहता था लेकिन धर्मशाला में स्कूल चलाने वाले डा. सत्यवान सैन धर्मशाला को खाली करने के लिए तैयार नहीं थे। जिसके चलते आपसी नोकझोक में यह विवाद 2019 में कोर्ट में पहुंच गया था। अब डा. सत्यवान सैन ने समाज के मौजिज लोगों के दखल के बाद मामले का निपटारा करते हुए धर्मशाला की चाबी व कोर्ट से मामला वापिस लेने का कागजात सौंप दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से खाप के प्रधान दिलबाग बाजवा, पूर्व जिलाध्यक्ष जिले सिंह, संजय पानीपत, राधेश्याम जींद, महेंद्र रामराय, पदम सैन, रिंकू ठाकुर, जिला पार्षद सुनील जींद, राममेहर ठाकुर, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव ठाकुर, गौरव ठाकुर, सतनारायण, वेदप्रकाश आर्य रोहतक, पवन कुमार जींद, ओमप्रकाश कुरूक्षेत्र विशेष रूप से मौजूद थे।सैन।

# प्रदेश के 4.77 लाख हेक्टेयर में फल उद्यान तैयार

**भोपाल, 28 जून ( निस ) :** शासन और समाज के समन्वय से जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन और जन-जागरूकता को समर्पित जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने भी महती भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल और प्रेरणा से 30 मार्च से प्रारंभ किए गए अभियान में उद्यानिकी अमले और उद्यानिकी कृषकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। इस अभियान में डेढ़ लाख से अधिक कृषकों द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाई गई।

***पानी चौपाल की सक्रियता***

अभियान के अन्तर्गत जल के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में 812 पानी चौपाल का आयोजन किया गया है, इन में एक लाख 21 हजार से अधिक कृषक भाई सम्मिलित हुए। यह पानी चौपाल वन-वे'' नहीं ॠटू-वे कम्यूनिकेशन पर केन्द्रित रही, जिनमें किसानों द्वारा अपने गांव, खेतों में बने प्राकृतिक स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विचार रखे गये। पानी चौपाल के माध्यम से कृषकों को पौध-रोपण के लिए समझाया गया कि कम से कम 2 से 3 आयु वर्ष के पौधों का ही रोपण किया जाए, इनके जीवित रहने की संभावना अधिक रहती है। वर्तमान में प्रदेश की विभिन्न नर्सरियों में 25 लाख से अधिक जीवित पौधे है, जो इच्छुक किसान भाई प्राप्त कर सकते हैं।

कृषक भाइयों को पानी के महत्व को समझाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत पर ड्राप-मोर क्रॉप अभियान भी चलाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में 12 हजार 488 हेक्टेयर क्षेत्र में इस पद्धति से सिंचाई के लिए लगभग 27 हजार कृषकों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कराया गया है, जो एक उपलब्धि है।

**6231 कृषकों द्वारा फलदार पौधों का रोपण:-** जल गंगा संवर्धन अभियान में 5000 हेक्टेयर में फलदार पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, 25 जून तक प्रदेश में 6231 कृषकों द्वारा 3998 हेक्टेयर में फलदार पौध-रोपण कराया गया है। इनमें आम, अमरूद, नीबू, आंवला जैसे पौधों की प्रचुरता है।

अभियान के तहत एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रदेश में कितने क्षेत्र में कौन से फल उद्यान है। उनका आंकलन करना, फिर उत्पादन की मांग, क्षेत्र के आधार पर उसके विक्रय, फूड प्रोसेसिंग प्लान करना, ब्रांड वैल्यू बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करना रहा है। वर्तमान में प्रदेश में 4.77 लाख हेक्टेयर में फल उद्यान है इनमें सर्वाधिक क्षेत्र में संतरा 1 लाख 31 हजार 386 हेक्टेयर, आम 66 हजार 748 हेक्टेयर, अमरूद 57 हजार 81 हेक्टेयर, आंवला 32 हजार 455 हेक्टेयर, नीबू 28 हजार 290 हेक्टेयर, बेर 13 हजार 553 हेक्टेयर, कटहल 9306 हेक्टेयर, केला 34 हजार 864 हेक्टेयर, पपीता 14 हजार 352 हेक्टेयर तथा 89 हजार 241 हेक्टेयर क्षेत्र में अन्य फलों का उत्पादन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर उत्पादित फलों को बेहतर मार्केट मुहैया कराने के लिये आयोजित किए जा रहे, कृषि उद्यम समागम में आने वाले इन्वेस्टर्स को मध्यप्रदेश में निवेश के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदसौर में आयोजित समागम में मध्यप्रदेश के संतना और केले की ब्रांडिंग करने पर विशेष जोर दिया। इन प्रयासों से प्रदेश के किसानों में नए उत्साह का संचार हो रहा है इसके बेहतर परिणाम शीघ्र ही धरातल पर परिलक्षित होने लगेंगे।

# रायपुररानी बाजार में बिना ब्लॉक टाइल वाले खुले गड्ढों की संख्या बढ़ी, हादसों का बना खतरा

**रायपुररानी, 28 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी के मुख्य बाजार क्षेत्र में बिना ब्लॉक टाइल डाले हुए खुले गड्ढों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



खुले गड्ढों के चलते जहां दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है, वहीं बरसात के मौसम में स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है। जानकारी देते हुए स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि बाजार में पिछले कुछ दिनों से खुदाई के बाद छोड़े गए गड्ढों को ढंका नहीं गया है। इन स्थानों पर ब्लॉक टाइलें डालने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण ये गड्ढे अब राह चलते लोगों के लिए मुसीबत बन चुके हैं। कई बार लोग इनमें गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। जबकि ग्राहकों की आवाजाही वाले बाजार क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि कई ग्राहक गड्ढों की वजह से दुकान तक पहुंचने से कतराते हैं। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने पंचायत से मांग की है कि इन गड्ढों को जल्द से जल्द ढंका जाए। वही सरपंच परमजीत कौर ने बताया कि मुझे इस मामले में कोई जानकारी नही है यदि बाजार में टाइल किसी कार्य के लिए अलग की गई है तो उन्हें सोमवार तक वापिस जोड़ दिया जाएगा।

# जितेन्द्र देशवाल ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव से की चर्चा

***स्काईलार्क समूह का मध्यप्रदेश में बड़ा निवेश, 1500 युवाओं को मिला रोजगार***

**सफीदों, 28 जून ( एस.के. मित्तल ) :** स्काईलार्क समूह के निदेशक जितेंद्र देशवाल ने मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उद्योग मंत्री चेतन कश्यप से मुलाकात की। यह मुलाकात रतलाम में आयोजित क्षेत्रीय उद्योग कौशल एवं रोजगार सम्मेलन के दौरान हुई। जितेन्द्र देशवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री ने उनके सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और नवीन उद्योग तथा निवेशक-अनुकूल नीतियों पर सकारात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की बेहतर कानून




व्यवस्था और रोजगार सृजन योजनाओं ने इसे व्यापार के लिए देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनाया है। स्काईलार्क समूह ने मध्य प्रदेश के उज्जैन में सोया सॉल्वेक्स प्लांट स्थापित किया और अपने व्यापार विस्तार के लिए महत्वपूर्ण 150 करोड़ रुपये निवेश किया। 70 एकड़ भूमि में फैले इस प्लांट की वार्षिक पेराई (क्रशिंग) क्षमता तीन लाख टन प्रतिवर्ष हैं। इस निवेश से लगभग 1500 युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ। देशवाल ने मध्य प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की नीतियां और समर्थन उद्योगों के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने आगे कहा कि कृषि के बाद एमएसएमई क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार सृजित करता है, और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। स्काईलार्क समूह भी मध्य प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र में करोड़ों रुपये का निवेश कर रहा है, जिससे राज्य की आर्थिक प्रगति को और बल मिलेगा। जितेन्द्र देशवाल ने सरकार की सिंगल विंडो सिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि इससे भ्रष्टाचार समाप्त हुआ है और सख्त कानून व्यवस्था ने सुरक्षित व्यापारिक माहौल प्रदान किया है।

इसके अतिरिक्त, पर्याप्त बिजली आपूर्ति, बेहतर सड़क कनेक्टिविटी और सब्सिडी ने मध्य प्रदेश को निवेश के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाया है।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा का नवीनीकरण आज

**कलायत, 28 जून ( सूबे सिंह ) :** श्री कपिल मुनि रोड पर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण किया गया है। अब यह प्रतिमा पहले से अधिक आकर्षक और मजबूत हो गई है। यह कार्य कस्बे के युवाओं और स्थानीय निवासियों के सामूहिक प्रयास से पूरा हुआ है। प्रतिमा के नीचे बना पत्थर का चबूतरा काफी समय से टूट-फूट का शिकार था। कई पत्थर टूट चुके थे, जिससे प्रतिमा की सुंदरता और मजबूती दोनों प्रभावित हो रही थीं। इस स्थिति को देखते हुए युवाओं ने पहल की। उन्होंने संसाधन जुटाए और शहरवासियों के साथ मिलकर मरम्मत का काम शुरू किया। पुराने टूटे पत्थरों को हटाकर नए टिकाऊ पत्थर लगाए गए हैं। इससे



चबूतरे को नया और मजबूत रूप मिला है, जो प्रतिमा की भव्यता को और बढ़ाता है। इस कार्य के पूर्ण होने पर रविवार सुबह विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं। सुबह 7 बजे हवन होगा। इसके बाद भंडारा होगा, जिसमें सभी लोग शामिल होंगे। इसके बाद कलायत की सड़कों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन के जरिए लोग महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि देंगे और उत्सव में भाग लेंगे।

# हरियाणवी फिल्म रोहतक कब्जा में छाया सफीदों का छोरा अशोक वर्मा

**सफीदों, 28 जून ( एस.के. मित्तल ) :** हाल में ही रिलिज हुई हरियाणवी फिल्म रोहतक कब्जा में सफीदों का छोरा अशोक वर्मा विशेष रूप से छाया हुआ है। फिल्म में उसके द्वारा दिए गए अभिनय को हर कोई सहरा रहा है। हरियाणवी फिल्म इंडस्ट्री में पहली बार गैंगवार, राजनीतिक गठजोड़ और जमीन कब्जा रैकेट जैसे गंभीर मुद्दों पर आधारित थ्रिलर फिल्म रोहतक कब्जा को स्टेज ऐप पर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म हरियाणा के रोहतक शहर में चल रही अवैध जमीन माफियाओं की दुनिया में झांकती है, जिसमें पैसा, पावर और पुरानी दुश्मनियों का संग्राम देखने को मिलेगा। यह फिल्म अंशुमन प्रॉडक्शन ने बनाई है और इस कहानी लिखी है नीरज शर्मा ने, वहीं हरियाणा के जाने-माने डायरेक्टर जीतू ने इसे डायरेक्ट किया है। इस फिल्म का ट्रेलर पिछले दिनों मानेसर में आयोजित एक बड़े इवेंट में रिलीज किया गया था। इस फिल्म में बड़ी स्टार कास्ट ने काम किया है जिसमें हरियाणवी गानों की मशहूर एक्टर्स अंजलि राघव, मशहूर एक्टर विक्की काजला, अशोक वर्मा, सुमन सेन, दीपक कपूर, जोगेंद्र कुंडू, अजित



जांगड़ा और रामबीर आर्यन जैसे कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म की दो साल पहले शूटिंग हुई थी और तभी से महशूर गायक अमित सैनी रोहतकिया भी इस फिल्म से अनौपचारिक रूप से जुड़े रहे हैं। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक मशहूर गायक माशूम शर्मा ने गाया है जो लोगों को बाबत पसंद आ रहा है। फिल्म को सामाजिक यथार्थ को थ्रिल और स्टाइलिश एक्शन के साथ पेश किया गया है। सिनेमैटोग्राफी और एडिटिंग को एक साउथ इंडियन थ्रिलर के स्तर पर लाने की कोशिश की गई है। फिल्म का गाना रोहतक कब्जा और ट्रेलर पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। इंस्टाग्राम पर हजारों रील्स इस गाने पर बन रही हैं। दर्शकों ने इसे हरियाणा की अब तक की सबसे सशक्त क्राइम फिल्म बताया है।

# सितारे जमीन पर फिल्म को मिल रहा अच्छा रिस्पांस






आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर लोगों को थिएटर्स तक आने के लिए मजबूर कर रही है। पहले वीकेंड में ट्रेड एक्सपर्ट्स को सरप्राइज करने वाली इस फिल्म ने हफ्ते अच्छा बिजनेस किया, ऐसा बिजनेस लॉकडाउन के बाद किसी फिल्म ने किया है। पहले वीकेंड में ही बॉक्स ऑफिस पर 57 करोड़ का कलेक्शन करने के बाद सितारे जमीन पर का बड़ा टेस्ट वर्किंग डेज में होना था, लेकिन मगर इस टेस्ट में आमिर की फिल्म ने दमदार कमाई के साथ अच्छी परफॉर्मेंस दी। अब फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की है।

पिछले शुक्रवार को रिलीज हुई सितारे जमीन पर ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपए से थोड़ा ज्यादा कलेक्शन किया था, लेकिन फिल्म की तारीफ और कंटेंट के दम ने जनता को ऐसा इम्प्रेस किया कि आमिर की फिल्म ने पहला वीकेंड 57 करोड़ रुपए से ज्यादा कलेक्शन के साथ खत्म किया। हफ्ते के कामकाजी दिनों में फिल्म ने जो दम दिखाया उसका कमाल और भी तगड़ा है। फिल्मों के लिए स्पीड-ब्रेकर बनकर आने वाले सोमवार को सितारे जमीन पर ने 8 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया। ट्रेंड ये रहता है कि जैसे-जैसे हफ्ता आगे बढ़ता है, फिल्मों की कमाई गिरती चली जाती है। गुरुवार की ट्रेड रिपोर्ट्स बताती हैं कि आमिर खान की फिल्म ने 7वें दिन बॉक्स ऑफिस पर करीब 7 करोड़ का कलेक्शन किया है यानी सोमवार से लेकर गुरुवार के बीच सितारे जमीन पर की कमाई 7 से 8 करोड़ की रेंज में ही बनी रही। किसी भी फिल्म के लिए हफ्ते के बीच में इस तरह की कमाई बनाए रखना एक बहुत दमदार ट्रेंड है।

वीकेंड में 57 करोड़ कमाने वाली सितारे जमीन पर ने 4 वर्किंग डेज में 31 करोड़ रुपए से ज्यादा कलेक्शन किया है। इस शानदार ट्रेंड के साथ आमिर की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले हफ्ते में करीब 88 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। आमिर की फिल्म का कलेक्शन एक हफ्ते में सलमान खान की फिल्म सिकंदर के बराबर रहा है। सलमान की फिल्म ने पहले हफ्ते में 88.5 करोड़ का कलेक्शन किया था। पहले 7 दिन में सनी देओल की फिल्म जाट ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 62 करोड़ और अक्षय कुमार की केसरी चैप्टर 2 ने 46 करोड़ का कलेक्शन किया था।


सितारे जमीन पर का कलेक्शन अब नए वीकेंड में एक बार फिर से बड़ा जंप लेने के लिए तैयार है। अनुमान लगाया जा सकता है कि इस वीकेंड के बाद फिल्म का कलेक्शन 110 करोड़ रुपए पर होगा। अभी तक जिस स्पीड से आमिर की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर आगे बढ़ रही है, उससे लगता है कि इसका लाइफटाइम कलेक्शन 150 करोड़ पर पहुंच जाएगा। 80 करोड़ के बजट में बनी फिल्म का ऐसी कमाई करना एक सॉलिड ट्रेंड है।

**भाई सोहेल के तलाक पर बोले सलमान- अब वो भी भाग गई है**-द ग्रेट इंडियन कपिल शो में कपिल शर्मा ने सलमान खान से उनकी शादी को लेकर चुटकी ली, वहीं फैंस की पजेसिवनेस पर भी मजेदार सवाल किए। इस दौरान उन्होंने अपने भाई सोहेल खान की शादी और तलाक का किस्सा भी मजेदार ढंग से सुनाया, जिसे सुनकर दर्शकों की हंसी नहीं रुकी। सलमान खान ने बताया कि उनके घर के दरवाजे हर किसी के लिए खुले हैं। कोई भी आ सकता है, रह सकता है या पार्टी कर सकता है। उन्होंने एक किस्सा सुनाया जिसमें उनके करीबी दोस्त और फोटोग्राफर अविनाश गोवारिकर अपना अपार्टमेंट किराए पर देने के चलते सलमान के घर रहने आ गए थे। यह ठहराव दो-ढाई महीने का था, लेकिन बात दो साल तक खिंच गई और उन्होंने घर खाली करने का नाम ही नहीं लिया। फिर सलमान ने बताया कि जब उनके भाई सोहेल खान ने शादी की, तो उन्हें मजबूरी में अविनाश से कमरा खाली करने को कहना पड़ा। इससे अविनाश इतने नाराज़ हो गए कि उन्होंने सोहेल से सवाल कर दिया कि बिना उन्हें बताए शादी कैसे कर ली और अब वह कहां जाएंगे। इस किस्से के बहाने सलमान ने मजाक में कहा कि उसी दौरान सोहेल ने भागकर शादी कर ली... अब वो भी भाग गई हैं। इस मजाकिया टिप्पणी पर सेट पर मौजूद सभी लोग ठहाके मारकर हंसने लगे। गौरतलब है कि सोहेल खान और फैशन डिज़ाइनर सीमा सजदेह ने पहले आर्य समाज रीति-रिवाजों से शादी की थी और बाद में 1998 में मुस्लिम तरीके से निकाह किया। दोनों के दो बेटे हैं — निर्वाण और योहान। हालांकि 24 साल साथ रहने के बाद 2022 में दोनों ने तलाक ले लिया। सलमान खान ने पूरे किस्से को बेहद मजेदार तरीके से सुनाया, जिससे शो की शुरुआत धमाकेदार हो गई। बता दें कि कॉमेडियन कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपल शो' अपने तीसरे सीजन के साथ लौटा है और इसका पहला एपिसोड काफी चर्चा में रहा।

**खासा पसंद किया जा रहा शो लाफ्टर शेफ 2**-छोटे परदे का शो 'लाफ्टर शेफ सीजन 2' दर्शकों के बीच खासा पसंद किया जा रहा है। शो को कॉमिडी क्वीन भारती सिंह होस्ट कर रही हैं, जबकि मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी इसमें जज की भूमिका निभा रहे हैं। कॉमिडी और कुकिंग के इस दिलचस्प फॉर्मेट में टीवी इंडस्ट्री के कई सितारे नजर आ रहे हैं। वहीं अब शो में अपकमिंग फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की पूरी स्टारकास्ट ने अपनी मौजूदगी से माहौल और भी रंगीन बना दिया है। इस स्पेशल एपिसोड में सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा, पंकज त्रिपाठी, फातिमा सना शेख, अली फजल और फिल्म के डायरेक्टर अनुराग बसु नजर आने वाले हैं। हाल ही में शो का एक मजेदार प्रोमो सामने आया है जिसमें सारा अली खान की कुकिंग स्किल्स को लेकर करण कुंद्रा मस्ती करते दिखते हैं। प्रोमो में दिखाया गया है कि सभी सितारों को पकौड़े बनाने का टास्क दिया जाता है।

# योग मेरी जिंदगी को बैलेंस, ताकत एवं शांति देती है-समीरा रेड्डी

सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अभिनेत्री समीरा रेड्डी ने बताया कि योग ने उनकी जिंदगी को कैसे बैलेंस, ताकत और शांति दी है। अभिनेत्री समीरा ने बताया कि वह हर दिन खुद के डर से कैसे लड़ती हैं? समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए योग को लेकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हर दिन मैं अपने डर से लड़ती हूं और योग मुझे इसके लिए ताकत देता है। योग मुझे केवल ताकत नहीं बल्कि उम्मीद और जिंदगी में बैलेंस कैसे बनाएं, ये भी बताता है। योग मेरे दिमाग को शांत करता है और मुझे अपनी भावनाओं को समझने में मदद करता है। समीरा ने पोस्ट में आगे बताया, जब मैं किसी से बात नहीं कर पाती, तब योग मेरी बात सुनता है। यह शोर को कम करता है और मुझे मेरे जवाब ढूंढने में मदद करता है।



समीरा का मानना है कि योग एक ऐसा जरिया है, जो शरीर के साथ ही आत्मा के लिए भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, योग मेरी आत्मा और शरीर को ठीक करता है। दिमाग, दिल और अभ्यास सब आपस में जुड़े हैं। उन्होंने अपने ट्रेनर का धन्यवाद देते हुए वीडियो में जैकी श्रॉफ के ट्रेंडिंग डायलॉग सांस ले लंबा भी जोड़ा। 46 वर्षीय एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर वर्कआउट के साथ ही मजेदार वीडियोज भी पोस्ट करती हैं, जिसमें उनकी मेहनत और अनुशासन के साथ ही मजाकिया अंदाज भी साफ दिखता है। इसके साथ ही वह फैंस को भी अक्सर फिट और फाइन रहने का मंत्र देती रहती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो समीरा रेड्डी आखिरी बार साल 2013 में आई कन्नड़ फिल्म 'वरधनायका' में नजर आई थीं।

**सिद्धांत को अभिषेक बनर्जी ने बताया सबसे दुर्लभ खोज**

हाल ही में अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने बॉलीवुड की नई पीढ़ी के कलाकारों पर बात करते हुए एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी को सबसे दुर्लभ खोज बताया। अभिषेक ने जब इंडस्ट्री के सबसे अनमोल रत्न की बात की, तो उनका जवाब था- सिद्धांत चतुर्वेदी। उन्होंने उन्हें रेयर पिक का दर्जा देते हुए कहा कि सिद्धांत का टैलेंट उन्होंने बहुत पहले पहचान लिया था। बनर्जी ने बताया कि उन्हें पहली बार इनसाइड एज में एक दलित गेंदबाज़ के रूप में कास्ट किया गया था। उस वक्त सिद्धांत के व्यक्तित्व और अभिनय में जो गहराई थी, उसने अभिषेक को प्रभावित कर दिया था। उन्होंने कहा, जब मैंने उन्हें पहली बार देखा, तभी समझ गया था कि इस शख्स में कुछ खास है। आज जो लोग उन्हें स्टाइलिश हीरो के रूप में जानते हैं, हमने उन्हें एक दबे-कुचले किरदार में देखा और पेश किया। सिर्फ अभिनय ही नहीं, सिद्धांत की कला के प्रति ईमानदारी और जोखिम उठाने की हिम्मत ने भी अभिषेक को उनका मुरीद बना दिया। उन्होंने यह भी साझा किया कि सिद्धांत पहले एक कोका-कोला ऐड में नजर आए थे, जिसके बाद इनसाइड एज और फिर गली बॉय जैसे प्रोजेक्ट्स में उनका सफर शुरू हुआ।

# बेटे के साथ मिलकर नया करना बड़ी सीख-अमिताभ

बिग बी यानि की अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन एक नए प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं। इसकी खुद बिग बी ने अपने ब्लॉग पर जानकारी दी। उन्होंने एक खास तस्वीर भी साझा की। इस तस्वीर में पिता-पुत्र की जोड़ी एक स्टूडियो में बैठी नजर आ रही है।

फोटो में अभिषेक अपने पिता से कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं, जबकि अमिताभ बेहद ध्यान से उनकी बात सुनते हुए दिखते हैं। तस्वीर में अभिषेक की गोद में हेडफोन रखा हुआ नजर आ रहा है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों किसी रिकॉर्डिंग प्रोजेक्ट से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। अमिताभ बच्चन ने इस अनुभव को बेहद खास बताया और लिखा कि अपने बेटे के साथ मिलकर कुछ नया बनाना उनके लिए सबसे बड़ी सीख और सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने लिखा कि नया रचना अपने आप में एक खुशी है, और जो लोग ऐसा कर सकते हैं वे बहुत भाग्यशाली होते हैं। अमिताभ के मुताबिक, बेटे के साथ शाम और रात का समय बिताना भी एक सीख है और वह हर दिन कुछ नया सीखते हैं। हालांकि उन्होंने इस प्रोजेक्ट का नाम या विषय साझा नहीं किया, लेकिन फैंस के बीच इसे लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है।



वर्कफ्रंट की बात करें तो अमिताभ बच्चन आने वाले समय में फिल्म कल्कि 2898 एडी के सीक्वल में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा वह सेक्शन 84 नामक फिल्म में भी दिखाई देंगे, जिसमें डायना पेंटी और निमरत कौर भी शामिल हैं। वहीं अभिषेक बच्चन ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म कालिधर लापता की घोषणा की है, जो एक भावनात्मक कहानी है और इसमें उन्हें एक ग्रामीण व्यक्ति के किरदार में दिखाया जाएगा। यह फिल्म 4 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो सकती है।

# पाकिस्तानी अभिनेत्री को लेकर सरदारजी 3 पर संकट के बादल

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर को आगामी पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' में कास्ट किए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई। ठाकुर ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से इस फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाने और भारत में इसके प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। भाजपा प्रवक्ता ने साफ किया कि भारत के खिलाफ बोलने वाली किसी भी पाकिस्तानी हस्ती को भारतीय फिल्म में काम करने का अवसर देना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ बोलने वाली पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर को 'सरदार जी 3' में कास्ट करना किसी भी सूरत में स्वीकार करना मंजूर नहीं है। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने और देश में इसके प्रसारण पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। ठाकुर ने अपने बयान में कहा कि भारत ने पहले ही पाकिस्तान के लिए क्रिकेट और पानी बंद कर दिया है। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत-पाक में काफी तनाव बढ़ गया था और सभी पाक कलाकारों को भारत में बैन कर दिया था। ऐसे में फिल्म में हानिया को अभिनय से विवाद खड़ा हो गया है।



**गोविंदा एक बार फिर चर्चा में**

बॉलीवुड के वेटरन एक्टर गोविंदा एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह बेहद विवादास्पद है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गोविंदा फ्लाइट के अंदर एक बच्ची के साथ कुछ ऐसा करते नजर आ रहे हैं जिसे लेकर यूजर्स नाराज हो गए हैं। वीडियो में उनकी हरकत को कई लोगों ने अशोभनीय और असहज बताया है। यूजर्स का कहना है कि एक सीनियर एक्टर से ऐसी उम्मीद नहीं थी। कुछ लोगों ने यहां तक कह दिया कि यही वजह रही होगी कि उनकी पत्नी ने भी कभी नाराजगी जताई थी। हालांकि, यह बात किसी आधिकारिक स्रोत से नहीं कही गई है, लेकिन लोगों की प्रतिक्रियाएं वीडियो को लेकर काफी कड़ी हैं। जहां कुछ फैंस गोविंदा का बचाव करते हुए कह रहे हैं कि वीडियो को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है, वहीं अधिकतर लोग इसे अप्रिय और असंवेदनशील बता रहे हैं। अभी तक गोविंदा की ओर से इस पूरे मामले पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह पहली बार नहीं है जब गोविंदा ट्रोलिंग का शिकार हुए हों, लेकिन यह मामला उनकी इमेज और फैनबेस दोनों पर असर डाल सकता है।

**लता सभरवाल ने 15 साल बाद लिया तलाक**

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री लता सभरवाल ने 15 साल बाद अपने पति संजीव सेठ से तलाक ले लिया है। उन्होंने यह खबर सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए शेयर की। लता और संजीव की मुलाकात मशहूर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के सेट पर हुई थी, जहां दोनों ने ऑनस्क्रीन पति-पत्नी का किरदार निभाया था। यहीं से उनकी ऑफस्क्रीन नजदीकियां भी शुरू हुईं और साल 2009 में दोनों ने शादी कर ली थी। उनका एक बेटा भी है। तलाक की खबर सुनकर फैन्स हैरान हैं, क्योंकि दोनों की जोड़ी को टीवी इंडस्ट्री की सबसे मजबूत जोड़ियों में गिना जाता था। लता ने अपने पोस्ट में लिखा कि यह फैसला उन्होंने काफी सोच-समझकर और आपसी सहमति से लिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तलाक के बावजूद उनके रिश्ते में कोई कड़वाहट नहीं है और वे जीवन में पॉजिटिविटी के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने लिखा, हम दोनों ने अपने रास्ते अलग करने का निर्णय शांति और सम्मान के साथ लिया है। हम हमेशा एक-दूसरे की भलाई की कामना करेंगे। संजीव सेठ की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन लता का पोस्ट बताता है कि यह निर्णय किसी विवाद के कारण नहीं, बल्कि आपसी समझदारी के तहत लिया गया है। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें भावनात्मक समर्थन दे रहे हैं।

**क्या बिपाशा बसु हैं दूसरी बार प्रेग्नेंट?**

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री बिपाशा बसु और उनके पति करण सिंह ग्रोवर इन दिनों एक बार फिर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बिपाशा को ढीली मिनी ड्रेस पहने हुए देखा गया, और यूजर्स का ध्यान उनकी पेट पर गया। इस वीडियो ने एक बार फिर उनके प्रेग्नेंट होने की अटकलों को हवा दी है। कई लोगों ने कॉमेंट्स में पूछा, क्या बिपाशा दूसरी बार मां बनने वाली हैं?

# हेराफेरी 3 में परेश रावल काम करने को हुए सहमत

हेरा फेरी फ्रैंचाइज़ी की तीसरी फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। कुछ समय पहले खबर आई थी कि बाबूराव का किरदार निभाने वाले परेश रावल फिल्म से बाहर हो गए हैं, जिससे फैंस काफी निराश हुए थे। इसी बीच अक्षय कुमार ने एक इंटरव्यू में इस मुद्दे पर बात करते हुए एक पॉज़िटिव हिंट दिया। उन्होंने कहा कि अभी बातचीत चल रही है और मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। मैं अपनी उंगलियां क्रॉस कर रहा हूं। अक्षय की इस प्रतिक्रिया ने एक बार फिर उम्मीद जगा दी है कि परेश रावल फिल्म में वापसी कर सकते हैं। बता दें कि परेश रावल को फिल्म से बाहर किए जाने पर अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा था, जिस पर परेश ने जवाब भी दिया। इस विवाद के बाद अब यह स्पष्ट नहीं है कि परेश रावल फिल्म में होंगे या नहीं, लेकिन अक्षय की बातों से लगता है कि बातचीत सकारात्मक दिशा में जा रही है। फैंस को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें बाबू भैया, राजू और श्याम की जोड़ी फिर से देखने को मिलेगी।

**तनाज ईरानी ने किया हिना खान की तारीफ**

टेलीविजन की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। हालांकि, उन्होंने हिम्मत नहीं हारी है और इलाज के साथ-साथ अपने काम पर भी पूरा फोकस बनाए रखा है। हिना का यह साहस लाखों लोगों के लिए प्रेरणादायक बन गया है। इसी बीच एक्ट्रेस तनाज ईरानी ने भी हिना की हिम्मत और सकारात्मक सोच की तारीफ करते हुए कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की है। दिल्ली में एक इवेंट में पहुंचीं तनाज ने कहा, कैंसर बहुत डरावनी बीमारी है। हिना खान इससे जिस हिम्मत और सकारात्मकता से लड़ रही हैं, वह सभी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने यह भी दिखाया कि मुश्किल हालातों में भी जिंदगी कैसे जी जाती है। तनाज ने यह भी कहा कि एक्टर्स को समाज में अपनी लोकप्रियता का उपयोग ऐसे संवेदनशील विषयों को उठाने और जागरूकता फैलाने के लिए करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं पर भी प्रकाश डाला, जो ब्रेस्ट कैंसर जैसे मुद्दों पर बात करने से झिझकती हैं। इस मौके पर तनाज ने 'शोस्टॉपर' नाम की आने वाली वेब सीरीज का भी जिक्र किया, जो ब्रेस्ट कैंसर को लेकर लोगों को शिक्षित करने का उद्देश्य रखती है।



**गोविंदा के बेटे यशवर्धन के डेब्यू पर मां का रिएक्शन**

गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस पर उनकी मां सुनीता आहूजा ने एक इंटरव्यू में अपनी प्रतिक्रिया दी और बेटे की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यश बहुत मेहनती है और खुद से ही हर चीज की तैयारी कर रहा है। साथ ही उन्होंने सलाह दी कि वह अपने पापा को कॉपी न करें और अपनी अलग पहचान बनाए। यशवर्धन ने पहले ही फिल्म इंडस्ट्री में बैकग्राउंड में काम शुरू कर दिया है। उन्होंने डिशूम और बागी जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया है। अब वह नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर साई राजेश के साथ अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में पहले बाबिल खान भी थे, लेकिन अब उनके बाहर हो जाने से प्रोजेक्ट पर कुछ समय के लिए ब्रेक लग गया है। गोविंदा खुद भी बेटे के इस नए सफर को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि यश स्क्रिप्ट पर चर्चा करता है और खुद के लिए सही कॉन्टेंट चुनने की कोशिश कर रहा है। फैन्स को अब यशवर्धन के डेब्यू का बेसब्री से इंतज़ार है।

**निशान्ची से धमाकेदार डेब्यू कर रहे ऐश्वर्य ठाकरे**

निशान्ची नाम की थ्रिलर फिल्म से ऐश्वर्य ठाकरे बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं, और इसे साल का सबसे धमाकेदार डेब्यू माना जा रहा है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। फिल्म का अनाउंसमेंट पोस्टर और वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गया और लोगों में जबरदस्त उत्सुकता देखने को मिली। निशान्ची एक रॉ और ग्रिटी क्राइम ड्रामा है, जिसमें ऐश्वर्य के साथ वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। फिल्म दो भाइयों की संघर्षों से भरी कहानी पर आधारित है, जो अपराध की अंधी दुनिया में उलझ जाते हैं। ऐश्वर्य का लुक और डायलॉग डिलीवरी काफी इम्प्रेसिव मानी जा रही है। फिल्म को बड़े पर्दे के लिए तैयार किया गया है और यह सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। नेटिजन्स ने ट्रेलर और पोस्टर देखकर ही ऐश्वर्य को भविष्य का बड़ा स्टार मानना शुरू कर दिया है। फिल्म इंडस्ट्री में उनकी एंट्री को लेकर काफी चर्चाएं हो रही हैं और फैन्स उनकी परफॉर्मेंस को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

**स्टेज पर गाना सिर्फ सुरों की बात नहीं होती: जोनिता गांधी**

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड की प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी आजकल अपने नए गाने 'बेपरवाई' की सफलता का जश्न मना रही हैं। उन्होंने हाल ही में लाइव परफॉर्मेंस के अनुभव को लेकर बताया कि स्टेज पर गाना सिर्फ सुरों की बात नहीं होती, बल्कि वह एक संपूर्ण अनुभव होता है, जिसमें कई पहलू शामिल होते हैं।

चर्चा में जोनिता ने कहा कि लाइव परफॉर्मेंस हर बार एक इम्तिहान जैसी होती है, जिसमें सिर्फ एक ही मौका मिलता है और कोई रीटेक नहीं होता। उन्होंने बताया, लाइव गाना गाते वक्त बहुत ध्यान और तैयारी की जरूरत होती है, क्योंकि स्टेज पर सबकुछ एक ही बार में सही करना होता है। अगर कुछ चूक गया, तो उसे सुधारने का मौका नहीं मिलता, जबकि स्टूडियो में ऐसा नहीं होता। वहां गलती होने पर दोबारा रिकॉर्ड किया जा सकता है। जोनिता मानती हैं कि स्टेज परफॉर्मेंस सिर्फ गाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि कलाकार को अपनी प्रस्तुति के हर पहलू पर नजर रखनी होती है। इसमें लाइटिंग, कॉस्ट्यूम, चेहरे के हाव-भाव और कोरियोग्राफी भी शामिल होते हैं। उन्होंने कहा, जब आप स्टेज पर होते हैं, तो आप दर्शकों के सामने होते हैं और उनका जुड़ाव तभी बनता है जब आप हर पहलू में परफेक्ट हों।

जोनिता ने कहा, अगर आप इन्हें बोझ की तरह देखने की बजाय एक अवसर के रूप में लें, तो ये अनुभव और भी यादगार बन सकता है। ऑडियंस तभी आपसे जुड़ती है जब वो आपकी एनर्जी और तैयारी को महसूस करती है। 'बेपरवाई' जैसे गीतों से श्रोताओं का दिल जीतने वाली जोनिता अब लाइव परफॉर्मेंस में भी लगातार खुद को बेहतर बनाने में लगी हैं। उनकी मानें तो मंच पर गाना उनके लिए सिर्फ पेशे का हिस्सा नहीं, बल्कि जुनून है, जिसे हर बार बखूबी निभाने की कोशिश करती हैं। उनका मानना है कि ये सभी चीजें कलाकार पर बोझ नहीं डालतीं, बल्कि परफॉर्मेंस को एक नया आयाम देती हैं।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की टीम गठित, उमेश बांसल बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

फाजिल्का, 28 जून ( बख्शीश सिंह/ जसप्रीत सिंह ) अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की नई जिला इकाई का गठन कर दिया गया है। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राकेश नागपाल ने आज जिला स्तरीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि संगठन को जनहित में और अधिक मजबूत तथा सक्रिय बनाने के लिए उद्देश्य से यह नई टीम बनाई गई है। घोषित टीम में उमेश बांसल अबोहर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जसविंदर वर्मा जलालाबाद को उपाध्यक्ष, राजन लूना को महासचिव, अशोक गर्ग अबोहर को सचिव, हरीश ठकराल काली को संयुक्त सचिव, संदीप चलाना को वित्त सचिव, अमन डोडा को प्रचार प्रमुख



सोशल मीडिया, नीलम कामरा को महिला जागरण प्रमुख, एडवोकेट राजेश कसरीजा को लीगल अफेयर्स प्रमुख, प्रमोद शर्मा को पर्यावरण प्रमुख, पवन कटारिया को रोजगार सृजन प्रमुख, लीलाधर शर्मा को संरक्षक, नरेश मित्तल को संरक्षक, एडवोकेट भरत राजदेव को कानूनी सलाहकार, शैली नागपाल, शैलेंद्र शाह, रमन झांब को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है टीम के गठन पर क्षेत्रभर के सामाजिक कार्यकर्ताओं और उपभोक्ता संगठनों में उत्साह देखा गया। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# विधायक गुरलाल घनौर के सहयोग से गांव आलमपुर में बॉलीबाल स्टेडियम बनाया गया

राजपूरा, 28 जून ( कंबोज ) पंजाब सरकार पंजाब को नशा मुक्त व खुशहाल बनाने के लिए युवाओं को खेलों में रुचि पैदा कर रही है, जिसके चलते हलका घनौर के विधायक गुरलाल घनौर ने बीड़ा उठाया था कि वह हलका घनौर के सभी गांवों में वॉलीबॉल व कबड्डी जैसे खेल मैदान जरूर बनवाएंगे, जिसके चलते हलका घनौर के लगभग



80 प्रतिशत गांवों में वॉलीबॉल व कबड्डी के मैदान स्टेडियम आदि बन चुके हैं। इसी कड़ी में हलका आलमपुर में भी वॉलीबॉल स्टेडियम बनाया गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गांव के सरपंच गुरभेज सिंह ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान व हलका घनौर के विधायक गुरलाल घनौर की मेहनत के चलते आज हमारे गांव में वॉलीबॉल स्टेडियम बना है, जिसके चलते गांव के सभी युवा बच्चे वहां खेलेंगे और अपने खेलों से जुड़े रहेंगे तथा नशे जैसे दलदल में नहीं फंसेंगे। इसके अलावा सरपंच ने युवाओं से भी अपील की कि सभी युवाओं को सुबह-शाम स्टेडियम में आकर इस वॉलीबॉल को खेलना चाहिए ताकि वे स्वस्थ रह सकें। खेलों का भी जीवन में काफी अहम महत्व है। इस अवसर पर जसपाल सिंह पंचायत सदस्य, प्रकाश सिंह पूर्व सरपंच, गुरुद्वारा साहिब प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष गुरदेव सिंह, ज्ञानी जसपाल सिंह, जत्थेदार अमरीक सिंह, करम सिंह, विरसा सिंह, निर्मल सिंह, सुखदेव सिंह, बलकार सिंह, सुरजीत कौर, कुलवीर कौर आदि के अलावा गांववासी मौजूद थे।

# पुलिस ने 3 महिलाओं सहित 8 को किया काबू, मामला जान उड़ेंगे होश

मोगा 28 जून ( निस ) जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 महिलाओं सहित 8 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने नशों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस द्वारा हेरोइन तथा नशीली गोलियों सहित 3 महिलाओं समेत 8 को काबू किया गया है, जबकि 2 की गिरफ्तारी बाकी है। इस संबंध में जानकारी देते जिला पुलिस अधीक्षक अजय गांधी ने बताया कि डी.एस.पी. सिटी गुरप्रीत सिंह की अगुवाई में थाना सदर के प्रभारी गुरसेवक सिंह जब पुलिस पार्टी समेत इलाके में गश्त कर रहे थे, तो सिमरन उर्फ सिम्मी निवासी गांव भलूर हाल आबाद साधांवाली बस्ती मोगा तथा जसविन्द्र कौर उर्फ रानी निवासी गांव भलूर हाल आबाद गांव खोसा पांडो को काबू करके उनसे 300 ग्राम हेरोइन बरामद की गई इसी तरह थाना मैहना के सहायक थानेदार नाहर सिंह ने पुल सेम के साथ बहोना के पास गश्त दौरान मोटरसाइकिल सवार राघवपुरी उर्फ वीशू तथा लविश कुमार उर्फ चंदू निवासी बहोना चौंक मोगा को काबू करके उनसे 50 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उक्त मामले में पूछताछ के बाद अर्जुन निवासी कोटकपूरा बाईपास मोगा तथा हरजिन्द्र सिंह निवासी गांव घल्लकलां को नामजद किया गया है, जिनको काबू करने के लिए छापामारी की जा रही है। इसी तरह थाना सिटी साऊथ के सहायक थानेदार सरदारा सिंह ने सीता निवासी विश्वकर्मा नगर मोगा को काबू करके 7 ग्राम हैरोइन बरामद की। इसी तरह थाना बाघापुराना की सहायक थानेदार बिन्द्रपाल कौर ने गश्त दौरान शक के आधार पर सुखदीप सिंह उर्फ सीपा निवासी गांव संगतपुरा को काबू करके 10 ग्राम हैरोइन बरामद की। इसी तरह थाना अजीतवाल के सहायक थानेदार रघविन्द्र प्रशाद ने गश्त दौरान शक के आधार पर प्रदीप सिंह उर्फ निक्का निवासी गांव दाया कलां को काबू करके 100 नशीली गोलियां बरामद की।

# पंजाब के इन कर्मचारियों को लगेगा झटका, बड़ी तैयारी में सरकार

मोहाली 28 जून ( निस ) पंजाब सरकार अब कोऑपरेटिव बैंकों से कर्ज लेकर डिफॉल्टर बने सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के मूड में है। सरकार ने ऐसे कर्मचारियों से बकाया वसूली के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, वित्त विभाग ने इसके लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी कर दिए हैं। तनख्वाह, पेंशन और रिटायरमेंट लाभ से होगी कटौती-अब जिन कर्मचारियों ने कर्ज लिया है लेकिन चुकाया नहीं, उनकी बकाया राशि को सीधे उनकी वेतन, पेंशन या रिटायरमेंट लाभ से काटा जाएगा। इसके लिए सहकारी विभाग और कोऑपरेटिव बैंक डिफॉल्टर कर्मचारियों की सूची डायरेक्टोरेट और लेखा विभाग को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। सॉफ्टवेयर के जरिए होगी निगरानी-बैंक अपने रिकवरी खातों को IHRMS ( इंटीग्रेटेड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम ) और IFMS ( इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम ) में दर्ज करवाएंगे ताकि संबंधित अधिकारी वेतन से रकम काटकर ईसीएस के जरिए सीधे बैंक खाते में जमा कर सकें। नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त-इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे जो वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तालमेल बनाए रखेंगे। यदि कोई कर्मचारी एकमुश्त राशि जमा करता है तो बैंक नो-ड्यूज सर्टिफिकेट जारी करेगा, जो रिटायरमेंट के समय अनिवार्य होगा।


# जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी : एस.पी

**बोले : आवारा गर्दी बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

**यमुनानगर, 28 जून ( दिनेश कुमार ):** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार को लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में जिला के सभी पर्यवेक्षक अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों व अपराध यूनिट्स के प्रभारियों की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधको व चौकी प्रभारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यमुनानगर जिला उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश से सटा होने के कारण पुलिस की जिम्मेदारिया बढ़ गई है, उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी मेहनत-लगन से अपनी ड्यूटी निभाने के आदेश दिए। ताकि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में कहा कि जिला को अपराध मुक्त बनाने के लिए हम सभी को एक टीम की तरह काम करना है। जिला में सीलिंग प्लान के तहत स्थाई नाके लगाए गए हैं। जैसे ही सीलिंग प्लान के आदेश होते हैं यह अधिकारी कर्मचारी अपने नाके पर तैनात होकर जांच शुरू कर दे। प्लान का फायदा यह है कि यदि वारदात हो जाए तो आरोपी पकड़ में आ जाता है। इसके अलावा अपराध रोकने में भी सक्षम है। वहीं पुलिस की उपस्थिति से आम आदमी के मन में पुलिस व कानून के प्रति विश्वास बढ़ता है। कहीं ना कहीं सड़क पर होने वाला अपराध भी रुकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कपड़े से चेहरा ढककर स्कूटर/मोटरसाइकिल चलाने वालों, बुलेट का तक, बिना नंबर प्लेट या ट्रिपल राइडिंग, ब्लैक फिल्म वाहन चलाने की स्पेशल चेकिंग की जाएगी और यातायात के नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यमुनानगर पुलिस का अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला की अंतर राज्य सीमा पर की गई सख्त नाकाबंदी की गई है। यमुनानगर पुलिस द्वारा जिला भर में विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत जिले से बाहर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों, विशेषकर उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश की सीमाओं, तथा अन्य जिलों की ओर जाने वाले रास्तों पर सघन नाकाबंदी ( चेकिंग अभियान ) की जा रही है। इस दौरान पुलिस द्वारा जिले की सीमाओं पर वाहनों की गहन जांच की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। नाकाबंदी के तहत पुलिस टीमों ने वाहन चालकों की पहचान, दस्तावेजों की जांच, तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह अभियान अपराधियों की आवाजाही पर रोक, अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों की तस्करी, और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जिले की कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इस प्रकार की नाकाबंदी लगातार जारी रहेगी। सभी वाहनों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है गई। थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी की निगरानी की। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस कन्ट्रोल रुम के मोबाइल नंबर 8818001071 या डायल 112 या नजदीकी थाना पर सूचना दें इस बैठक में एडिशनल एसपी अमरिंदर सिंह, डीएसपी हरविंदर सिंह, आशीष चौधरी, राजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, कवलजीत सिंह, राजीव मिगलानी और सभी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी, सीआईए प्रभारी मौजूद रहे।

# करनाल कचेहरी डाकघर मे मिल रही है आधार कार्ड से संबंधित सुविधाए : विपिन कुमार

**करनाल, 28 जून ( संदीप रोहिला ):** प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा के दिशा निर्देशों के चलते करनाल कचेहरी डाकघर के पोस्टमास्टर विपिन कुमार ने बताया कि आधार कार्ड से संबंधित सभी सेवाएं



शुरू कर दी गई है। भारतीय डाक विभाग ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से यह सुविधा शुरु की है। कोई भी आमजन अपने बच्चो का आधार कार्ड बनवाना चाहता है तो वे आवश्यक दस्तावेज लेकर डाकघर मे आए। उन्होंने कहा कि यदि कोई आधार कार्ड में सुधार या अपडेट करवाना चाहता है तो वह करवा सकता है जैसे नाम, जन्मतिथि, पता, अन्य विवरण 7 इसके अलावा मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक ( फिंगर प्रिंट्स, आईरिस स्कैन, फोटो ) अपडेट करवा सकता है।

# पुलिस ने आईलेट्स सेन्टर से चोरी करने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

*एलईडी, इन्वेटर व बैटरी सहित चोरी का अन्य सामान बरामद*

**लाडवा, 28 जून ( रामगोपाल ):** पुलिस टीम ने आईलेट्स सेन्टर से चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान संजीव कुमार उर्फ दीपा व परवेज उर्फ रावण निवासी लाडवा के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदीप कुमार निवासी लाडवा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका दून मार्किट में आईलेट्स सेन्टर है। 15 जून की सुबह जब वह सेंटर पर आया



तो उसने देखा कि उसके सेंटर का ताला टुटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो सेंटर से एलईडी, इन्वेटर, बैटरी व अन्य सामान किसी नामालूम चोर ने चोरी कर लिया है जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई। 27 जून 25 को अपराध अन्वेषण शाखा वन प्रभारी सुरेन्द्र कुमार के मार्गनिर्देश मे सहायक उप निरीक्षक गिरवर शर्मा, उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह, मुख्य सिपाही कृष्ण व सिपाही विकास कुमार की टीम ने आईलेट्स सेन्टर से चोरी करने के आरोपी संजीव कुमार उर्फ दीपा व परवेज उर्फ रावण निवासी लाडवा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरीशुदा एलईडी, इन्वेटर व बैटरी बरामद किये गये। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश किया गया।

## एमटीपी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के निरीक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग को जारी किए कड़े निर्देश : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 28 जून ( सुदेश कुमार ):** डी.सी नेहा सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सभी एमटीपी ( मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ़ प्रेगनेंसी ) और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की गहन जांच सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले ऐसे किसी भी केंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि यदि कोई डॉक्टर इन केंद्रों पर गड़बड़ी में संलिप्त पाया जाता है, तो स्वास्थ्य विभाग उनके मेडिकल पंजीकरण को तत्काल रद्द करने के लिए हरियाणा मेडिकल काउंसिल को सूचित करे। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों, विशेष रूप से लिंग निर्धारण और लिंग आधारित भेदभाव में शामिल लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हरियाणा में संतुलित लिंगानुपात सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ( बीबीबीपी ) कार्यक्रम की सफलता की राह पर निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को, विशेष रूप से लिंग निर्धारण जैसे कुकृत्यों में, बख्शा नहीं जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग सभी गर्भपात मामलों पर नजर रखें और उनका विश्लेषण करने तथा किसी भी अनैतिक व्यवहार को रोकने के लिए एमटीपी केंद्रों पर कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड मशीनों में कार्यात्मक ट्रैकर होने चाहिए जो लिंग निर्धारण परीक्षण किए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारियों को एसएमएस अलर्ट भेजते हैं। राज्य पोर्टल पर स्व-पंजीकरण करने वाली गर्भवती महिलाओं को 100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की संभावना तलाशने का भी सुझाव दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## पंजाब वासियों के लिए खतरे की घंटी! कई गांवों से टूटा संपर्क, मची हाहाकार

दीनानगर 28 जून ( निस ) पंजाबवासियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। दरअसल, दीनानगर के अंतर्गत आने वाले मकौड़ा पत्तन के रावी दरिया ( नदी ) में पानी का स्तर बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले एक-दो दिनों से पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण रावी नदी में पानी का बहाव काफी तेज हो गया है। इस वजह से नदी के किनारे बसे गांव तूर, चेबे, भरियाल, मंमी चकरांवा, लस्यान आदि के लोगों का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट गया है। इन गांवों के लोगों के आने-जाने के लिए जो प्लाटून पुल ( अस्थायी पुल ) बनाया गया था, वह पिछले कुछ दिनों से हटाया जा चुका था। इसके बाद एकमात्र सहारा नाव ही बचा था, लेकिन आज सुबह अचानक पानी के स्तर में भारी बढ़ोतरी के कारण नाव सेवा भी बंद कर दी गई। अब स्थिति यह है कि लोगों को नदी के किनारे बैठकर पानी के कम होने का इंतजार करना पड़ रहा है, ताकि जैसे ही पानी घटे तो वे नाव के सहारे पार जाकर अपने कामकाज निपटा सकें। इस संबंध में जब विभाग के नाविक नछत्तर सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि जैसे ही पानी का स्तर कम होता है, नाव सेवा सामान्य रूप से दोबारा शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल पानी का बहाव बहुत तेज है, जिस कारण नाव चलाना असंभव है। उन्होंने कहा कि कई लोग दरिया के किनारे बैठकर इंतजार कर रहे हैं, और जैसे ही पानी घटेगा, उन्हें नाव के जरिए आर-पार पहुंचाया जाएगा।

## पंजाबी युवक की मौत, माता-पिता का था इकलौता बेटा

कपूरथला 28 जून ( निस ) अमेरिका से दुर्भाग्यपूर्ण खबर सामने आई है। 8 महीने पहले अमेरिका गए युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे परिवार में शौक की लहर दौड़ गई। जानकरी के मुताबिक, कपूरथला के भुलत्थ हलके के गांव तलवंडी पुरदल के एक युवक की अमेरिका में मौत हो गई है। मृतक की पहचान रणजीत सिंह ( उम्र 27 ) पुत्र सतनाम सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि, रणजीत सिंह 8 महीने पहले अमेरिका गया था, जहां उसे कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी ने घेर लिया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम पसरा है। मृतक युवक के पिता सतनाम सिंह ने बताया कि वह पिछले साल 25 मई को अमेरिका जाने के लिए घर से निकला था और 11 अक्टूबर को अमेरिका पहुंचा, जहां वह कैलिफोर्निया के एली ( ओंटारियो ) शहर में रहता था और कुछ महीने बाद उसे लाइलाज बीमारी कैंसर ने घेर लिया। उसका इलाज फोंटाना के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। उन्होंने बताया कि मेरा भतीजा हरदीप सिंह इंग्लैंड से अमेरिका आया था और उसकी देखभाल कर रहा था। ढाई महीने इलाज के बाद 25 जून की देर रात भतीजे ने फोन कर बताया कि रंजीत अब इस दुनिया में नहीं रहा। पिता ने कहा कि हमने कर्ज लेकर अपने इकलौते बेटे को विदेश अमेरिका भेजा था।

## लुधियाना में पुलिस का सख्त एक्शन, नशा तस्कर के घर पर चला बुलडोजर

लुधियाना 28 जून ( निस ) लुधियाना में युद्ध नशे के विरुद्ध तहत आज एक और बड़ी कार्रवाई की गई। महानगर में एक नशा तस्कर के घर पर बुलडोजर चलाया गया है। बताया जा रहा है कि, तस्कर ने अवैध तरीके से मकान बना रखा था। तस्कर के खिलाफ 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी खुद कहीं और रहता था और उसने मकान किराए पर दे रखा था। मौके पर पहुंचे लुधियाना के पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जगदीश मुनि जी ने स्पाइनल सरकुलर अट्राफी का प्राकृतिक चिकित्सा में ढूंढा इलाज

फाजिल्का, 28 जून ( बख्शीश सिंह/ जसप्रीत सिंह ) - स्पाइनल मस्कुलर अट्रॉफी ( एस.एम.ए ) को लेकर इन दिनों देशभर में चिंता और भ्रम का माहौल बन गया है। सोशल मीडिया और अस्पतालों में इसके इलाज के नाम पर 16 करोड़ तक के इंजेक्शन बेचे जा रहे हैं लेकिन संत जगदीश मुनि जी महाराज जो पिछले तीन दशकों से अधिक समय से प्राकृतिक चिकित्सा के जरिये लाखों लोगों व बच्चों का विभिन्न रोगों से चमत्कारिक इलाज कर चुके हैं, ने अपने अनुभव और बल से एस.एम.ए का इलाज ढूंढ निकाला है जोकि प्राकृतिक चिकित्सा और योग के जरिये सौ फीसदी संभव है। संत जगदीश मुनि जी का कहना है कि



यह बीमारी भारत में उतनी गंभीर नहीं है और इसका प्रभावी व सस्ता इलाज योग और नेचुरोपैथी के ज़रिये पूरी तरह से संभव है। संत जगदीश मुनि जी ने एस.एम.ए रोग के प्रति विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका और अन्य ठंडे देशों में यह रोग अधिकतर जन्मजात जेनेटिक दोष और अत्यधिक ठंड व कृत्रिम जीवनशैली के कारण पाई जाती है। इस रोग में रीढ़ की हड्डी के वर्टेब्रा, झिल्लियां और नसें प्रभावित होती हैं जिससे बच्चा धीरे-धीरे उठना, बैठना, चलना तक बंद कर देता है। वहां के लिए यह गंभीर और प्रोग्रेसिव डिज़ीज़ मानी जाती है। लेकिन भारत में एस.एम.ए रोग का अलग स्वरूप और इसका इलाज भी संभव है। संत जी महाराज ने बीमारी के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत में यह बीमारी अधिकतर माता-पिता की आंतरिक शारीरिक कमजोरी, कुपोषण, और अनुवांशिक कमजोरी की वजह से होती है। यह स्टेज-1 और स्टेज-2 तक सीमित होती है और अगर 5 वर्ष की उम्र से पहले पहचान हो जाए तो इसका पूरा इलाज संभव है।

# परिवहन विभाग में ड्राइविंग लाइसेंस की फाइलें तेजी से निपटायी जा रहीं, आवेदकों को मिली राहत

लुधियाना 28 जून ( निस ) परिवहन विभाग में गत दिनों पठानकोट से आए दीपक सिंह ने ए.टी.ओ. का पद संभाला था। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने क्षेत्र में लाईसिंग प्रक्रिया को दुरुस्त करने की पहल शुरू की। बताया जा रहा है कि उन्होंने अभी तक 2500 से अधिक पके ड्राइविंग लाइसेंस की फाइलें पास कर दी हैं, जिससे आवेदकों को राहत मिली है। दीपक सिंह का कहना है कि वे आवेदकों को बिना किसी परेशानी के जल्द से जल्द उनके ड्राइविंग लाइसेंस और संबंधित कागजात उपलब्ध कराएंगे। उनका प्रयास है कि लाइसेंसिंग प्रक्रिया पारदर्शी और त्वरित हो, ताकि आवेदकों को अनावश्यक दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, दीपक सिंह को लुधियाना में ड्राइविंग टैस्ट के दोनों प्रमुख ट्रैकों गवर्नमेंट कॉलेज के ट्रैक और चंडीगढ़ रोड स्थित सैक्टर-32 के ट्रैक का इंचार्ज भी नियुक्त किया गया है। इन दोनों जगहों पर ड्राइविंग टैस्ट का संचालन होता है, जो शहर के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे टैस्ट प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ और निष्पक्ष बनाएंगे ताकि योग्य उम्मीदवारों को ही ड्राइविंग लाइसेंस मिले। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आवेदकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें। दीपक सिंह का मानना है कि आवेदकों को पूरी जानकारी उपलब्ध कराना और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान करना विभाग की जिम्मेदारी है। परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी दीपक सिंह की सक्रियता और मेहनत की प्रशंसा कर रहे हैं। उनका कहना है कि नई टीम के आने से विभाग में सुधार की उम्मीद बढ़ गई है और आवेदकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। लुधियाना के लोग भी दीपक सिंह के आने से खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि अब लाइसेंसिंग प्रक्रिया में सुधार होगा और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आएगी। इस नई नियुक्ति के साथ लुधियाना परिवहन विभाग ने अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। आने वाले समय में दीपक सिंह के प्रयासों से जिले के ड्राइविंग लाइसेंसिंग में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

# शादी के अगले ही दिन वापस लौटी दुल्हन! परिवार को रो-रोकर बताया कि दुल्हा

अमृतसर 28 जून ( निस ) शादी के अगले दिन ही दुल्हन के घर वापस लौटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि, तरनतारन के गांव ढोटियां में एक परिवार ने अपनी बेटी की शादी तय करने वाले बिचौले के साथ बदसलूकी की और उसका मुंह काला कर दिया। दरअसल, महिला ने गांव की ही एक लड़की का रिश्ता गांव माड़ीमेघा के लड़के से तय किया था, लेकिन शादी के बाद पता चला कि लड़का पहले से ही शादीशुदा है। इससे गुस्साए लड़की के परिजनों ने महिला का मुंह काला कर दिया। यह घटना 20 जून की है। पीड़ित महिला ने 21 जून को पुलिस को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस पर एसएसपी दीपक पारीक ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही एक परिवार ने अपने रिश्तेदार की बेटी की शादी के लिए एक युवक के बारे में जानकारी मांगी थी। महिला ने परिजनों को हल्का खेमकरण के गांव माड़ीमेघा में रहने वाले एक युवक के बारे में बताया। लड़की और लड़के के परिजनों को आमने-सामने बैठाया गया। इसके बाद दोनों परिवारों की सहमति से शादी हुई। शादी के अगले दिन लड़की अपने माता-पिता के घर लौट आई।

# बिजली दामों की बढ़ोतरी का फैसला वापस ले भाजपा सरकार : दिग्विजय चौटाला

## विपक्ष की भूमिका से कांग्रेस गायब, फील्ड में उतरकर जनता की आवाज बन रही जेजेपी

**चंडीगढ़, 28 जून ( के.के संधू ):** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार हरियाणा की तरक्की की दिशा में कोई नए कदम उठाने की बजाय आम लोगों से पैसे लूटने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भय के साये में जीने को मजबूर लोगों को सरकार ने अब बिजली के दामों में प्रति यूनिट 40 पैसे तक की बढ़ोतरी करके बड़ा झटका दिया है। दिग्विजय ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाकर छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों और घरेलू उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डालने का काम किया है। दिग्विजय ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को बिजली दामों की बढ़ोतरी के फैसले को तुरंत वापस लेना चाहिए अन्यथा सरकार के इस फैसले के खिलाफ जेजेपी बड़ा आंदोलन करेगी। शनिवार को



दिग्विजय चौटाला युवा जोड़ो अभियान के तहत फतेहाबाद जिले में पत्रकारों से रूबरू थे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी गरीब, युवा, किसान, कमेरे वर्ग की आवाज को मजबूती से उठा रही है। उन्होंने कहा कि जेजेपी के साथ पुराने और नए साथी निरंतर जुड़ रहे है, क्योंकि कांग्रेस और भाजपा सरकार की नीतियों से लोग परेशान है। दिग्विजय ने यह भी कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी के कारण कांग्रेस विपक्ष की भूमिका से गायब नजर आ रही है, वहीं जेजेपी फील्ड में उतरकर जनभावनाओं के अनुरूप आगे बढ़ रही है। एचएयू छात्रों के मामले में दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हमने छात्र संघ चुनाव की बहाली के लिए बड़ा आंदोलन किया था और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलकर सरकार को झुकने पर मजबूर किया था। उन्होंने कहा कि एचएयू के छात्रों को न्याय दिलाने के लिए हम पूरी तरह विद्यार्थियों के साथ है और छात्र अपने हकों के लिए संघर्ष जारी रखें क्योंकि संघर्ष से ही न्याय मिलेगा। युवा जोड़ो अभियान के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचने पर युवाओं द्वारा दिग्विजय चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान अनेक युवाओं ने जेजेपी ज्वाइन की और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# संविधान को कमजोर करने या बदलने की किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे : सांसद कुमारी सैलजा

## कहा : संविधान बदलने की बात कोई आकस्मिक बयान नहीं, बल्कि एक गहरी साजिश है

**चंडीगढ़, 28 जून ( के.के संधू ):** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) की ओर से बार-बार भारतीय संविधान को बदलने की बात कोई आकस्मिक बयान नहीं, बल्कि एक गहरी साजिश का हिस्सा है। यह एक सुव्यवस्थित एजेंडा है, जिसका उद्देश्य डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा रचित हमारे संविधान की आत्मा पर सीधा आघात करना है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि आरएसएस और भाजपा की विचारधारा को संविधान असहज करता है क्योंकि यह संविधान समता, सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों की गारंटी देता है। यही संविधान सदियों से वंचित समाजों को अधिकार, सम्मान



और अवसर प्रदान करता आया है। अब उन्हीं अधिकारों को छीनने की कोशिश की जा रही है। कभी आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सार्वजनिक रूप से संविधान को बदलने की बात करते हैं, तो कभी भाजपा सरकार के मंत्री ऐसे बयानों और नीतियों को बढ़ावा देते हैं जो सीधे संविधान की मूल भावना के विरुद्ध हैं। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मानती है कि भारतीय संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। यह संविधान ही है जिसने भारत को विविधता में एकता के सूत्र में पिरोया, हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर दिए। इसे कमजोर करने या बदलने की किसी भी कोशिश को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। कुमारी सैलजा ने कहा कि वे स्पष्ट करना चाहती है कि कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी विचार, नीति या प्रयास का डटकर विरोध करेगी जो संविधान के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध हो। बाबा साहेब आंबेडकर ने जिस संविधान का निर्माण किया, वह करोड़ों दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के संघर्ष का परिणाम है। उस पर हमला करना दरअसल इन सभी वर्गों की आवाज़ को दबाने की कोशिश है। हम भाजपा और आरएसएस के इस संविधान विरोधी एजेंडे को देश के हर कोने में बेनकाब करेंगे। हम जनता को जागरूक करेंगे, और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए यह समय एकजुट होने का है। वे देश के तमाम संवेदनशील, जागरूक और न्यायप्रिय नागरिकों से अपील करती है कि वे इस साजिश को समझें और इसे नकारें। कांग्रेस पार्टी और वे स्वयं इस लड़ाई में सबसे आगे खड़े रहेंगे। संविधान को कोई छू नहीं सकता, जब तक देश की जनता जागरूक और संगठित है।

# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भारत रत्न पीवी नरसिम्हा राव को अर्पित की श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़, 28 जून ( के.के संधू ):** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय



श्री पी.वी. नरसिम्हा राव को उनकी जयंती के अवसर पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राज्यपाल ने उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि स्वर्गीय श्री पी.वी. नरसिम्हा राव के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक उदारीकरण के युग में प्रवेश कराया। उनकी नीतियों ने देश को वैश्विक बाजार संचालित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर किया, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय श्री पीवी नरसिम्हा राव, जिन्होंने तत्कालीन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया, का नेतृत्व अर्थशास्त्र से परे था। उन्होंने महत्वपूर्ण चुनौतियों के दौर में भारत के राजनीतिक परिदृश्य को भी संभाला।

# विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने दी हलके को बड़ी सौगात

## करीब 3 करोड़ 77 लाख की 7 परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**घरौंडा, 28 जून ( नरेन्द्र लाठर ):** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को घरौंडा हलके में तीन करोड़ 76 लाख 45 हजार रुपये की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे खुलकर अपनी समस्याओं व मांगों को रखें, हर वाजिब कार्य को पूरा कराया जाएगा। हलके में तरक्की की मजबूत नींव रखी जा चुकी है। लंबित कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इसे दो साल के अंदर



पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गांव भरतपुर में पीडब्ल्यूडी सड़क से श्मशान घाट तक के रास्ते का शिलान्यास किया। पंचायती राज विभाग द्वारा बनवाए जाने वाले 1278 मीटर लंबे इस रास्ते पर 57 लाख 25 हजार रूपये की लागत आएगी। पेवर ब्लॉक से बनाए जाने वाले इस रास्ते का निर्माण कार्य चार महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सदरपुर गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का भी शिलान्यास किया। इसका निर्माण जिला परिषद की ओर से कराया जाएगा। इस पर 67 लाख 26 हजार रुपये की लागत आएगी। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी, उप सिविल सर्जन डॉ. रवींद्र संधू, डॉ. मनीष, नायब तहसीलदार अरविंद यादव, जिला परिषद के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, एसडीओ जयभगवान, मंडी बोर्ड के एक्सईएन बिजेंद्र, जेई राजन, शिक्षा परियोजना परिषद के एसडीओ वीरेंद्र सिंह, जेई निशांत राणा, बीईओ रवींद्र कुमार, स्कूल प्रिंसिपल प्रवीण हुड्डा आदि मौजूद रहे।

**27 लाख रुपये में बनी सड़क का किया उद्घाटन :** विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मुंडी गढ़ी-गढ़ी खजूर सड़क से गांव बस्सी तक मंडी बोर्ड द्वारा बनवाई गई 220 मीटर लंबी संपर्क सड़क का उद्घाटन किया। इस पर 27 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसके बाद गांव गढ़ी खजूर में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 14 कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन पर 1 करोड़ 92 लाख 39 हजार रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य 18 सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने इसी गांव में पंचायती राज विभाग की ओर से एसएचजी के लिए बनवाये गए हॉल और महिला चौपाल में बनाए गए कमरे का भी उद्घाटन किया। इन पर क्रमश- आठ व नौ लाख रुपये खर्च हुए हैं। 15 लाख 55 हजार रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी रोड से डेरा बामनी तक बनी फिरनी ड्रेन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

**हलके में तेजी से हो रहे विकास कार्य :** सदरपुर गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि यहां उप स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की पुरानी मांग थी जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि यमुना बैल्ट में चौपाल, स्कूल, गली, खेत के रास्ते, सामुदायिक केंद्र आदि के काफी विकास कार्य हुए हैं, अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अधूरे कामों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। बाढ़ से बचाव के लिए यमुना के तटबंधों को मजबूत किया जा रहा है। पंचायत ने गांव में स्कूल के लिए दो एकड़ जमीन दी है। पंचायत से कहा है कि कुछ और जमीन उपलब्ध कराई जाए ताकि भविष्य में स्कूल भवन व खेल सुविधाओं के विस्तार में कोई दिक्कत न आए।

**बेटियों को किया प्रेरित :** विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर गांव की बेटियों को कड़े परिश्रम और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित होकर वे अफसर बनें और गांव व राष्ट्र का नाम रौशन करें। पढ़ाई के लिए संसाधनों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। कभी किसी संसाधन की जरूरत हो तो उन्हें निसंकोच बताएं।

# कलायत पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए किया चोरियों का खुलासा

**कलायत, 28 जून ( सूबे सिंह मोर ):** पिछले कुछ समय से कलायत शहर में लगातार हो रही चोरियों की वारदातों से परेशान नागरिकों के लिए राहत की खबर है। कलायत पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए न केवल इन चोरियों का खुलासा किया है, बल्कि एक बड़े चोर गिरोह का भी पर्दाफाश किया है। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए कलायत थाना प्रभारी रामनिवास शर्मा को शहर



के गणमान्य नागरिकों द्वारा शुक्रवार देर शाम कलायत पुलिस स्टेशन में सम्मानित किया गया। समाजसेवी मास्टर नीरज शर्मा, पार्षद बंटी शर्मा, जगदीश रायका, ने बताया कि शहर में चोरी की घटनाओं ने पिछले कुछ हफ्तों से व्यापारियों और निवासियों में भय का माहौल बना रखा था। चोरों ने बेखौफ होकर एक के बाद एक लगभग एक दर्जन दुकानों को निशाना बनाया था, जिससे लाखों रुपये का सामान और नकदी चोरी हो गई थी। इन घटनाओं से पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे थे। थाना प्रभारी रामनिवास शर्मा ने जब से कलायत पुलिस स्टेशन का कार्यभार संभाला, तब से उन्होंने इन बढ़ती चोरियों पर अंकुश लगाने को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने तुरंत ही एक व्यापक रणनीति तैयार की। इस रणनीति के तहत, सीआईए टीम और कलायत पुलिस ने मिलकर एक साझा अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, पुलिस ने गहन जांच-पड़ताल की, संदिग्धों पर नजर रखी और मुखबिरों से सूचनाएं जुटाईं। पुलिस की कड़ी मेहनत रंग लाई और उन्हें एक बड़े चोर गिरोह का सुराग मिला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के एक मुख्य सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार किए गए चोर से पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है। इतना ही नहीं, कलायत पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए राजस्थान के कोटा से एक शातिर ठग को भी गिरफ्तार किया है। यह ठग लंबे समय से विभिन्न माध्यमों से भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार बना रहा था। इस ठग की गिरफ्तारी से ठगी के कई मामलों का खुलासा होने की संभावना है। थाना प्रभारी रामनिवास शर्मा ने इस सफलता का पूरा श्रेय एसपी आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि एसपी महोदया के स्पष्ट निर्देश थे कि चोरों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। उनके निर्देशानुसार ही सीआईए टीम को जांच की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई और शहर में पुलिस गश्त को भी बढ़ाया गया।

# लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा ने मूक बधिर स्कूल में 12 पंखे देकर पौधारोपण किया

**हिसार, 28 जून ( मनमोहन शर्मा ):** लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा ने अपने समाज सेवा के कार्यों की कड़ी में लायनिस्टिक वर्ष 2024-25 का




समापन मूक बधिर स्कूल में 12 छत वाले पंखे देकर व पौधारोपण करके किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन नीलम सरदाना ने पौधारोपण कर इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। क्लब के सचिव पवन सरदाना ने बताया कि क्लब ने वर्ष भर अनेक सामाजिक कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग दिया है। नगर की अनेक ऐसी संस्थाएं जो दानवीरों व समाजसेवियों के सहयोग से चल रही हैं, ऐसी संस्थाओं को समय-समय पर लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा ने भी अपना बढ़ चढ़ कर योगदान दिया है। भविष्य में भी क्लब की ओर से सेवा के कार्य जारी रहेंगे। क्लब के सभी सदस्यों ने आगामी वर्ष 2025-2026 के लिये नवनियुक्त प्रधान हरीश छाबड़ा को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रिजन चेयरमैन नीरज वर्मा, जोन चेयरमैन प्रवीण नारंग, प्रधान दुनीचंद गोयल, सचिव पवन सरदाना, कैशियर राजेश बहार व क्लब के सदस्य हरीश छाबड़ा, मुकेश बजाज, सुरेंद्र बजाज, अनिल खट्टर, महेश चौधरी, सुरेंद्र छिन्दा, हंसराज नारंग, अशोक महता, मुनीष जुनेजा, मन्नु बजाज, सरोज छाबड़ा, सीमा महता, उर्मिला नारंग, अनु गोयल, राखी नारंग, लायन क्लब हिसार डायमंड के प्रधान मुनीश सरदाना, धर्मेन्द्र मालिक, नवीन सेतिया, राजकुमार छाबड़ा, संजय तनेजा आदि भी उपस्थित रहे।

# किसानों ने कालाबाजारी रोकने के लिये कृषि अधिकारी को उपायुक्त के नाम ज्ञापन भेजा

**हिसार, 28 जून ( महेन्द्र गोयल ):** किसान सभा ने खाद की कालाबाजारी रोकने के लिये सोसायटियों के माध्यम से किसानों



को खाद उपलब्ध करवाने के लिये जिला कृषि अधिकारी राजबीर सिंह के माध्यम से जिला उपायुक्त को ज्ञापन भेजा है। किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार व तहसील प्रधान सूबेसिंह बूरा के नेतृत्व में डीएपी व यूरिया खाद सोसायटियों के माध्यम से किसानों को मिले व कालाबाजरी पर रोक लगाने के लिये गांव लाडवा, कैमरी, मिरकां, डाया, स्याहड़वा, भर्री आदि के सैंकड़ों किसानों ने कृषि अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सोसायटियों के माध्यम से ही खाद उपलब्ध करवाई जाये जिससे किसान व्यापारियों की भारी लूट से बच सकें। इस लूट को किसान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर यह कालाबाजारी नहीं रोकी गई तो किसान सभा आंदोलन करेगी। ज्ञापन देने वालों में किसान नेता विजेन्द्र लाडवा, राजकुमार ठोलेदार, सत्यवान नम्बरदार, जगत सिंह कैमरी, विजय कैमरी, राजेश असरावां, दलीप सिंह, रमेश मिरकां, राम लाडवा, ईश्वर भगत, रणबीर फौजी, प्रदीप, जिलेसिंह, बलजीत, संदीप, कुलवंत आदि शामिल रहे।